दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 10 अंक : 264 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शुक्रवार 17 अक्टूबर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 2 रुपए+st पृष्ठ : 8+st

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुआवजे का किया ऐलान, मृतकों की संख्या 22 पहुंची, ड्राइवर और मालिक गिरफ्तार

## प्रत्येक मृतक के परिजन को 10 लाख रुपए और गंभीर घायल को रुपए मुआवजे का ऐलान, एक ही परिवार में तीन या अधिक मौत होने पर 25 लाख रुपए का ऐलान

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जैसलमेर के बस हादसे को अभी तक भी एक पल के लिए नहीं भूले हैं एक तरफ उनके दिल में मृतक यात्रियों के परिजनों की चिंता को लेकर कई तरह के खयाल उनके मन में आ रहे हैं तो दूसरी तरफ इस हादसे में घायल हुए सभी यात्रियों की जिंदगी को बचाने के लिए उन्होंने प्रदेश के चिकित्सा विभाग के सभी बड़े अधिकारियों और यात्रियों का इलाज कर रहे चिकित्सकों से बराबर संपर्क में हैं और बराबर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे हैं इसके अलावा जैसलमेर बस हादसे के बाद पूरे प्रदेश में सभी बसों की जबरदस्त चेकिंग अभियान शुरू किया गया है जिसमें प्रत्येक जिले में निजी ट्रैवल्स कंपनियां की ओर से संचालित की जा रही सभी तरह की बसों की जांच पड़ताल की जा रही है और इस जांच पड़ताल में कई बसों को सीज कर दिया गया है इसके अलावा भारी भरकम चालान भी काटा जा रहा है परिवहन विभाग की पूरे प्रदेश भर में चल रही कार्रवाई की वजह से गुरुवार को भी कई बसों का संचालन नहीं हो पाया





इसका कारण शायद यही है कि जो बसे नहीं चल रही हैं उनमें कई तरह की कमियां और खामियां हैं इसीलिए मलिक इन बसों को जो बसे नहीं चल रही हैं उनमें कई तरह की कमियां और खामियां हैं इसीलिए बस के मालिक इन बसों को सड़क पर नहीं दौड़ा रहे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उपमुख्यमंत्री और परिवहन मंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा को भी साफ हिदायत दी है कि वह इस पूरे बस के सगन जांच पड़ताल कार्यक्रम की रोजाना नियमित रूप से अपडेट लेने और एक भी मॉडलाइज की हुई बस प्रदेश में नहीं दौड़े इधर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जैसलमेर हादसे को लेकर मुआवजे का ऐलान किया है जिसमें प्रत्येक मृतक के परिजन को 10 लाख रुपए और गंभीर रूप से घायल यात्री को 2 लाख रुपए की मुआवजा राशि दिए जाने की घोषणा की है इसके अलावा इस हादसे में किसी परिवार के तीन या इससे ज्यादा व्यक्ति मौत का शिकार हुए हैं तो उस परिवार को 25 लाख रुपए की आर्थिक सहायता सरकार की ओर से दिए जाने का ऐलान किया गया है जैसलमेर बस हादसे में मृतकों की संख्या अब 22 पहुंच गई है एक और महिला ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया बस के मालिक और ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है जैसलमेर बस हादसे में मौत का शिकार हुए सभी मृतक की बॉडी के डीएनए जांच का कार्य पूरा कर लिया गया है डीएनए सैंपल की जांच के आधार पर परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए छोटे-छोटे जले हुए बॉडी के अंग दिए जा रहे हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यों और पार्टी के विधायकों को कहा है कि उनके निर्वाचन क्षेत्र में बस हादसे में मौत का शिकार हुए लोगों के परिजनों तक पहुंचे और उन्हें सांत्वना देखकर कहीं की राजस्थान सरकार इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ी हुई है हालांकि मुख्यमंत्री शर्मा खुद प्रत्येक प्रत्येक के परिजन तक पहुंचने का प्रयास भी कर रहे हैं और अस्पताल में आए परिजनों से मुलाकात करके उनके प्रति गहरी संवेदना भी प्रकट की थी । इधर उपमुख्यमंत्री और परिवहन मंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने साफ कहा है कि प्रदेश में अब एक भी मॉडिफाई बस नहीं चलेगी इसके लिए परिवहन विभाग की ओर से जांच पड़ताल को और तेज कर दिया गया है क्योंकि जैसलमेर हादसे में जिस बस में आग लगी थी वह बस साधारण थी लेकिन उस बस को एयर कंडीशनर बस बनाया गया लेकिन उसमें कई तरह के अत्यधिक यंत्र स्थापित नहीं किए गए जिसमें फायर सिस्टम भी उसमें नहीं था अगर बस में फायर सिस्टम होता तो कई यात्रियों की जान बच सकती थी इसके अलावा बस के दरवाजे को इस तरह से शिफ्ट किया गया था कि वह दरवाजा सिर्फ ड्राइवर ही खोल सकता था ड्राइवर के पास ही उसका बटन था इसलिए कई तरह की इस बस में कमियां थी इसीलिए बस के मालिक को भी गिरफ्तार किया गया है ।

## गुजरात में मुख्यमंत्री के अलावा सभी मंत्रियों ने इस्तीफा दिया, आज सुबह नए मंत्रियों को दिलाई जाएगी शपथ

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)** गुजरात में मंत्रिमंडल में बड़े फेरबदल की संभावना है मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के अलावा सभी मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया है मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल गुरुवार रात तक राज्यपाल को नए मंत्रिमंडल की सूची सौंप सकते हैं और आज सुबह राज भवन में नए मंत्रियों को शपथ दिलाई जाने की जानकारी मिली है भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महासचिव सुनील बंसल गांधीनगर में हैं और गांधीनगर में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के बीच मीटिंगों का दौर लगातार बना हुआ है जानकारी के अनुसार गांधीनगर में भाजपा के प्रदेश महासचिव रत्नाकर और राष्ट्रीय संगठन महासचिव के बीच बैठक हुई है नए मंत्रिमंडल के विस्तार से पहले मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल मुंबई से गांधीनगर लौट आए इसके अलावा ज्यादातर विधायक भी विधायक निवास में ही मौजूद हैं नए मंत्रियों को आज सुबह 11.30 राज्यपाल की ओर से शपथ दिलाई जाने के संकेत मिले हैं हालांकि उससे पहले गुरुवार की रात भारतीय जनता पार्टी और मुख्यमंत्री ने एक जरूरी बैठक भी बुलाई है यह मीटिंग भूपेंद्र पटेल के गांधीनगर आवास पर आयोजित हो रही है मौजूदा सरकार के सभी मंत्रियों को इस मीटिंग में शामिल होने के लिए कहा गया है जो डिटेल्स मिल रही है उनके मुताबिक नए मंत्रिमंडल में जिन विधायकों को जगह दी जाएगी उनमें ज्यादातर बीजेपी से होंगे। जबकि कांग्रेस से बीजेपी में शामिल हुए दो से तीन विधायक को मंत्री बनाया जा सकता है। नए मंत्रियों को गांधीनगर के महात्मा मंदिर में राज्यपाल शपथ दिलाएंगे आने वाले विधानसभा चुनाव 2027 और नगर निगमन समिति लोकल सेल्फ गवर्नमेंट चुनाव और राज्य के मौजूदा राजनीतिक हालातो को ध्यान में रखते हुए इलाके और जाति के आधार पर समीकरण बनाकर नए मंत्रियों को चुना जा सकता है ताकि राज्य में मौजूद विपक्ष को काफी हद तक खत्म किया जा सके ।गुजरात में पिछले कुछ दिनों से कैबिनेट विस्तार पर चल नहीं चर्चाओं पर अब पूरी तरह से रोक लग गई है यह तय हुआ है कि भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी सरकार के कैबिनेट का विस्तार का कार्यक्रम आज सुबह गांधीनगर के मेहमान मंदिर में होगा जिसमें राज्यपाल आचार्य देवव्रत राज्य कैबिनेट में शामिल होने वाले मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे ।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंध्र प्रदेश को 13430 करोड रुपए का तोहफा दिया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को आंध्र प्रदेश में कुरनूल में लगभग 13430 करोड रुपए की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया इस मौके पर उन्होंने श्रीशैलम का आशीर्वाद भी लिया यह परियोजनाएं उद्योग, बिजली ,सड़क, रेलवे, सुरक्षा विनिर्माण और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस जैसे प्रमुख क्षेत्र से जुड़ी हुई हैं। इस मौके पर आयोजित सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं भाग्यशाली हूं कि मेरा जन्म दादा सोमनाथ की धरती गुजरात में हुआ मुझे बाबा विश्वनाथ की धरती काशी की सेवा करने का अवसर मिला और आज मुझे श्रीशैलम का आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आंध्र प्रदेश आत्मनिर्भर भारत की सफलता का एक प्रमुख केंद्र बन रहा है कांग्रेस सरकारों ने आंध्र प्रदेश की क्षमताओं की उपेक्षा करके पूरे देश को नुकसान पहुंचा है जो राज्य पूरे देश को आगे बढ़ा सकता था वह अपने ही विकास कार्य के लिए संघर्ष कर रहा है मुझे खुशी है कि एनडीए सरकार के कार्यकाल में आंध्र प्रदेश की छवि बदली है चंद्रबाबू नायडू



के नेतृत्व में आंध्र प्रदेश आत्मनिर्भर भारत के लिए एक नई ताकत बन रहा है आंध्र में निर्माण तेजी से बढ़ रहा है निमलुर में उन्नत नाइट विजन फैक्ट्री का उद्घाटन रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में एक और कम है यह फैक्ट्री नाइट विजन उपकरणों मिसाइल लांसर और द्रोण गार्ड सिस्टम के निर्माण की भारत की क्षमता को बढ़ाएगी यहां निर्मित उपकरण भारत के रक्षा निर्यात को भी बढ़ाएंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय उत्पादों की शक्ति देख चुके हैं मुझे खुशी है कि आंध्र प्रदेश सरकार ने कुरनूल को भारत का ड्रोन हब बनाने का संकल्प लिया है ड्रोन उद्योग कुरनूल और आसपास के क्षेत्र में भविष्य की तकनीक से जुड़े कई नए क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देगा मैं अभी ऑपरेशन सिंदूर में ड्रोन के अद्भुत क्षमता का जिक्र किया जिसने दुनिया को चकित कर दिया भविष्य में कुरनूल ड्रोन क्षेत्र में एक राष्ट्रीय शक्ति बनने की ओर अग्रसर है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जैसा कि चंद्रबाबू नायडू ने कहा इस तेज गति को देखते हुए मैं कह सकता हूं कि 2047 में जब आजादी के 100 साल पूरे होंगे भारत विकसित होगा मुझे पूरा विश्वास है कि 21वीं सदी भारत की होगी 21वीं शताब्दी 1.0 अरब भारतीयों की शताब्दी होगी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोला 3 पोलिंग स्टेशन पर 2880 करोड रुपए की लागत से ट्रांसमिशन सिस्टम सुदृढ़ीकरण परियोजना की आधारशिला रखी इस परियोजना में 765 कवि की दोहरी सर्किट वाली कॉरिडोर 3 पोलिंग स्टेशन चिलकुल रिपीटर ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण शामिल है जिससे बिजली आपूर्ति क्षमता में वृद्धि होगी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुरनूल और कटप्पा मैं औद्योगिक क्षेत्र की आधारशिला रखी जिसमें 4920 करोड रुपए से अधिक का निवेश होगा इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभावाराम से शीला नगर तक छह लेन वाली ग्रीन फील्ड राजमार्ग की आधारशिला रखी इसके अलावा मोदी ने 1200 करोड रुपए से अधिक की रेलवे परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी किया मोदी ने श्री काका कुलम अंगुल प्राकृतिक गैस पाइपलाइन का भी उद्घाटन किया इसके अलावा एडवांस्ड नाइट विजन प्रोडक्ट फैक्ट्री का भी मोदी ने उद्घाटन किया ।

## कोरिया की कंपनी के सीईओ ने उन्हें राम-राम सा कहा तो लगा भारत की संस्कृति वैश्विक हो रही हैः अश्वनी वैष्णव




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** इसमें कोई संदेह नहीं पिछले एक दशक में भारतीय रेलवे में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं एक तरफ भारतीय रेलवे आधुनिक और नए स्वरूप में नजर आ रहा है तो यात्रियों को भी बेहतर से बेहतर सुविधाएं ट्रेनों में मिलने लगी है इसके अलावा आधुनिक तरीके से रेल की पटरिया स्थापित की जा रही है तो दूसरी तरफ मेट्रो वंदे भारत अमृत भारत जैसी अनेक आलीशान रेलगाड़िया संचालित हो रही हैं जो बिजली जैसी रफ्तार से दौड़ रही हैं रेल मंत्री के रूप में अश्विनी वैष्णव अब तक के सबसे श्रेष्ठ और नवाचार करने वाले रेल मंत्री के रूप में स्थापित हो चुके हैं गुरुवार को राजधानी जयपुर में सोडाला रेलवे स्टेशन पर उन्होंने उत्तर पश्चिम रेलवे के 65 रेलवे स्टेशनों पर सुविधाओं के विस्तार का शुभारंभ किया इस मौके पर रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से हर क्षेत्र में विकास कर रहा है आज पूरी दुनिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गाइडेंस के रूप में देख रही है उन्होंने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि भारत का मोदी जी नेतृत्व कर रहे हैं उन्होंने कहा कि एक कार्यक्रम में दक्षिण कोरिया की कंपनी के एक सीईओ ने उन्हें राम राम सा कहा तो उन्हें लगा अब भारत की संस्कृति वैश्विक हो रही है उन्होंने कहा कि आज हिंदुस्तान पूरे दुनिया में नाम कमा रहा है यह सब मोदी सरकार की नीतियों का परिणाम है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मजबूत और दृढ़ इच्छा शक्ति है जिसकी बदौलत भारत का आज पूरी दुनिया में सम्मान हो रहा है इस कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवारी ने कहा कि वास्तव में भारत में वर्तमान युग मोदी का युग है मोदी सरकार में रेलवे का कायाकल्प हुआ है उन्होंने कहा कि जयपुर खातीपुरा और गांधी नगर रेलवे स्टेशन पर पिछले कुछ सालों में खूब विकास कार्य हुए हैं समझ में जयपुर मोदी सरकार में रेलवे का कायाकल्प हुआ है उन्होंने कहा कि जयपुर खातीपुरा और गांधी नगर रेलवे स्टेशन पर पिछले कुछ सालों में खूब विकास कार्य हुए हैं कार्यक्रम में जयपुर सांसद मंजू शर्मा ने कहा कि जयपुर स्टेशन पर विकास कार्यों के दौरान रेल संचालन बिल्कुल भी बाधित नहीं हुआ जो रेलवे की कार्य कुशलता को दर्शाता है ।

# अब कोलकाता के प्रवासी राजस्थानियों का दिल जीतेंगे भजन लाल शर्मा

## 28 अक्टूबर को कोलकाता में प्रवासी राजस्थानियों से संवाद करेंगे मुख्यमंत्री, प्रदेश में निवेश के लिए प्रोत्साहित करने और प्रवासी राजस्थान दिवस का निमंत्रण देने जा रहे कोलकाता, कोलकाता विजिट को लेकर उद्योग विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हैदराबाद और सूरत में प्रवासी राजस्थानियों का दिल जीतने के बाद अब 28 अक्टूबर को कोलकाता में प्रवासी राजस्थानियों का दिल जीतने जा रहे हैं 28 अक्टूबर को अपने कोलकाता विजिट को लेकर मुख्यमंत्री शर्मा ने गुरुवार को उद्योग विभाग के बड़े अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की इस बैठक में प्रवासी राजस्थानियों से किन-किन मुद्दों पर बातचीत होनी है प्रवासी राजस्थानियों को कैसे और किस तरह से प्रदेश में निवेश के लिए प्रोत्साहित करना है इन सब विषयों को लेकर मुख्यमंत्री शर्मा ने उद्योग विभाग के अधिकारियों के साथ गहन मंत्रणा की है जानकार लोगों का कहना है कि कोलकाता में बड़ी संख्या में मारवाड़ी समाज के लोग रहते हैं कई सालों से कोलकाता में राजस्थान के लोग अनेक क्षेत्रों में वहां पर जबरदस्त तरीके से स्थापित होकर भारत में ही नहीं बल्कि दुनिया में अपना नाम कमा रहे हैं ऐसे राजस्थानियों को उनकी मिट्टी की याद दिलाने के लिए भजनलाल शर्मा की ओर से शानदार प्रयास किए जा रहे हैं हालांकि इससे पहले



कांग्रेस पार्टी के शासनकाल में भी कोलकाता के प्रवासी राजस्थानियों को राजस्थान में निवेश के लिए प्रेरित करने के कार्यक्रम आयोजित किए गए लेकिन सरकार को कोई खास सफलता नहीं मिली वजह यह है कि पिछली सरकारों ने प्रवासी राजस्थानियों को निवेश के लिए प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें अच्छी होटल और खाने-पीने की अच्छी सुविधाएं तो जयपुर में उपलब्ध करवाई लेकिन सरकार की ओर से निवेश के लिए ऐसी कोई ठोस प्लानिंग और ऐसी ठोस योजनाएं प्रवासी राजस्थानियों को नहीं बताई गई जिनके आधार पर प्रवासी राजस्थानी राजस्थान में इन्वेस्ट करें उन्हें जब राजस्थान में अपनी औद्योगिक इकाइयों के लिए या फिर अपने कार्यक्षेत्र के लिए मन मुताबिक माहौल नहीं मिला तो फिर उन्होंने राजस्थान में इन्वेस्ट करने से पीछे हट गए लेकिन इस बार प्रदेश की भजनलाल सरकार भारत और दुनिया के कई मुल्कों में कई क्षेत्रों में नाम कमा रहे राजस्थान के उद्योगपतियों चिकित्सकों इत्यादि सभी को सरकार की तैयारी के बारे में गंभीरता से और विस्तार पूर्वक जानकारी दी जा रही है उन्हें यह बताया जा रहा है कि राजस्थान में इस समय निवेश का बहुत अच्छा माहौल बना हुआ है राजस्थान में उद्योगपतियों के लिए कई शानदार योजनाएं और कई सुविधाएं उपलब्ध है राजस्थान में अब समुचित मात्रा में पानी बिजली लेबर परिवहन सभी व्यवस्थाएं मजबूत है उन्हें यहां किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं होगी इसके अलावा सुरक्षा की भी पूरी जिम्मेदारी सरकार अपने कंधों पर ले रही है इन तमाम तरह की जानकारी के बारे में इन मुलाकात में मुख्यमंत्री शर्मा खुद प्रवासी राजस्थानियों को अपनी सरकार की तैयारी के बारे में अवगत करवाते हैं जिसकी वजह से सूरत और हैदराबाद के प्रवासी राजस्थानियों को भी ऐसा लगा है कि इस बार राजस्थान में निवेश का बहुत अच्छा माहौल बना हुआ है इसीलिए सूरत और हैदराबाद में मुख्यमंत्री के यह कार्यक्रम काफी सक्सेसफुल रहे हैं और अब उम्मीद की जा रही है कि 28 अक्टूबर को कोलकाता में आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम भी काफी सक्सेसफुल रहेगा प्रवासी राजस्थानी और देश-विदेश के उद्योगपतियों और विभिन्न क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित हो चुके लोगों को मुख्यमंत्री शर्मा जोर देकर कहते हैं कि राजस्थान के अर्थव्यवस्था वर्तमान में भारत में अन्य राज्यों की तुलना में तेजी से विकास की ओर बढ़ रही है और राजस्थान में उद्योगों के लिए जो माहौल बना हुआ है ऐसा माहौल पहले कभी नहीं रहा राजस्थान में नई इकाइयों की स्थापना के लिए देश और विदेश के निवेशकों के लिए सिंगल विंडो सिस्टम की सुविधा को और भी मजबूत और सरल बनाया गया है ताकि बाहर से आने वाले राजस्थानी या निवेशक को यहां पर अपनी औद्योगिक इकाई की स्थापना के लिए या फिर अपने प्रतिष्ठान के लिए ज्यादा लंबी चोड़ी कागजी कार्रवाई और जटिल कार्रवाई का सामना करना ना पड़े इसलिए इन सारे कार्यों की जिम्मेवारी खुद भजनलाल शर्मा ने अपने कंधों पर ली है इन सब नवाचारों और इन नई सुविधाओं के बारे में मुख्यमंत्री शर्मा लगातार अपने इस संवाद के कार्यक्रम में देश और विदेश के निवेशकों को बताते रहते हैं इसके बाद प्रवासी राजस्थानियों देश और विदेश के उद्योगपतियों को भी लगने लगा है कि राजस्थान में निवेश का अच्छा माहौल है इसीलिए उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से बातचीत के दौरान निवेश की इच्छा भी जताई है ।

### कोलकाता में बसा हुआ है मिनी राजस्थान

*भारत की आजादी से पहले और आजादी के बाद से ही कोलकाता में बड़ी संख्या में राजस्थान के लोग रहते हैं जो विभिन्न क्षेत्रों में वहां पर शानदार तरीके से स्थापित हो चुके हैं बड़े-बड़े कारोबार का वहां पर संचालन कर रहे हैं यह कारोबारी भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अपने हुनर कारोबार और नाम का डंका बजा रहे हैं इस तथ्य से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी अच्छी तरह से वाकिफ हैं मुख्यमंत्री शर्मा यह जानते हैं कि शेखावाटी क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग कोलकाता में रहते हैं और वहां पर अलग-अलग बिजनेस में अपना नाम कमा रहे हैं इसलिए पर इन प्रवासी राजस्थानियों को राजस्थान में व्यापारिक सामाजिक आर्थिक धार्मिक सभी तरह की गतिविधियों में भागीदारी बनाने के लिए 28 अक्टूबर को कोलकाता जा रहे हैं इनके साथ वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भी प्रतिनिधिमंडल में मौजूद रहेंगे।*

### विदेश में रहने वाले राजस्थानियों से भी किया जा रहा है संवाद

*बड़ी संख्या में प्रवासी राजस्थानी दुनिया के कई मुल्कों में रहकर विभिन्न कारोबार में और विभिन्न क्षेत्रों में अपना नाम कमा रहे हैं खाड़ी देशों में दुबई में और पश्चिमी देशों में भी बड़ी संख्या में राजस्थानी अपने हुनर के माध्यम से शानदार तरीके से स्थापित हैं इसीलिए दुनिया के सभी मुल्कों में विराजमान प्रवासी राजस्थानियों तक राजस्थान सरकार पहुंचने का प्रयास कर रही है और उन्हें राजस्थान में सामाजिक आर्थिक धार्मिक शिक्षा चिकित्सा पानी ,कपड़ा ,पेट्रोकेमिकल्स ,बिजली, रोड ,उद्योग इत्यादि क्षेत्रों में निवेश के लिए प्रेरित किया जाने के प्रयास किया जा रहे हैं इसके लिए राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यों को अलग-अलग देश में दूर करके प्रवासी राजस्थानियों से अच्छे माहौल में बातचीत की जा रही है और उन्हें भजनलाल सरकार की ओर से निवेश के लिए जो नई सुविधा और जो नए नवाचार किए गए हैं उनके बारे में गंभीरता से बताया जा रहा है ताकि विदेशी मुल्क में बसे राजस्थानियों के दिल और दिमाग में अपने निवेश को लेकर किसी भी तरह का कोई डाउट ना रहे और वह खुले दिल से राजस्थान में निवेश करसकें ।*

अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
17 अक्टूबर, 2025

# 108 वीं गौ सवामनी के हवन कार्यक्रम में जय जय श्रीराम के जयकारे के साथ वन राज्यमंत्री शर्मा ने दी पूर्ण आहुती

### बुध विहार की नंदी गोशाला में हुआ आयोजन

जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)।** संयुक्त वैश्य महासभा, खंडेलवाल सेवा समिति अलवर, रोटरी क्लब सरिस्का, एवं लायंस क्लब अलवर मत्स्य ने संयुक्त रूप से 108वीं गौ सवामनी का आयोजन बुध विहार स्थित (कांजी हाउस) नंदी गौशाला में किया। हवन में जजमान के रूप में मित्तल हॉस्पिटल के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेटर गिरीश गुप्ता सपत्नी यामिनी गुप्ता एवं माताश्री गंगा गुप्ता, लायन अनिल बंसल सपत्नी सरोज बंसल, रजनीकांत खण्डेलवाल सपत्नी आरती खण्डेलवाल ने



बैठकर पूजा अर्चना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्य के वन व पर्यावरण , मंत्री संजय शर्मा रहे। मंत्री शर्मा द्वारा हवन



में पूर्णाहुति देकर सभी को दीपावली की अग्रीम बधाई दी तथा जय जय श्रीराम एवं भारत माता के जयकारे लगाय। संयुक्त वैश्य महासभा के अध्यक्ष एवं लायंस क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233 ई 1 के रीजन 9, जोन - 4, क्लब संख्या 095645 के लायंस क्लब अलवर मत्स्य के सदस्य व कार्यक्रम संयोजक लायन सतीश कुमार गुप्ता ने बताया कि बुध विहार स्थित (कांजी हाउस) नंदीगौशाला में अनावृत 01 जुलाई 2025 से लगातार गौ सवामनी का आयोजन किया जा रहा है, जहां गुरुवार को 108 वीं. गौ सवामनी लायंस क्लब अलवर मत्स्य के सीनियर मे बर एवं मित्तल हॉस्पिटल के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेटर द्वारा रखी गयी। जिसमें हवन का आयोजन भी किया गया साथ ही नंदी गौ शाला में उपस्थित गाय-बैलो को गुड एवं हरा चारा, सब्जियों इत्यादि खाने को दिया गया। कार्यक्रम में लायंस क्लब अलवर मत्स्य के सदस्य पूर्व रीजन चेयरपर्सन लायन गिरीश गुप्ता, कोषाध्यक्ष लायन यामिनी गुप्ता, सचिव लायन सुधा अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक लायन सतीश कुमार गुप्ता, लायन रमा गुप्ता, लायन सत्यनारायण अग्रवाल, लायन लक्ष्मी अग्रवाल, लायन अनिल बंसल, लायन सरोज बंसल, लायन गोविन्द गोयल ,लायन महेश धानावत, लायन शकुन्तला धानावत, लायन प्रहलाद अग्रवाल, लायन घनश्याम अग्रवाल, लायन रूपेश गुप्ता, लायन सुनील बंसल, लायन निर्मला बंसल, लायन प्रहलाद अग्रवाल (तहसील वाले) उपस्थित रहे। रजनीकांत खण्डेलवाल, आरती खण्डेलवाल, पुष्पेन्द्र खण्डेलवाल, सुमन खण्डेलवाल सहित बडी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## पावन धाम मंदिर में अन्नकूट महोत्सव 22 को



जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपनाघर शालीमार ऑफिसर एनक्लेव- 2, 14 बीघा स्थित पावन धाम मंदिर में 22 अक्टूबर बुधवार को अन्नकूट महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। सोसायटी के प्रवक्ता जितेंद्र सेतिया ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपनाघर शालीमार ऑफिसर एनक्लेव - 2 स्थित पावन धाम मंदिर में अन्नकूट महोत्सव बड़े की धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर मन्दिर में आकर्षक सजावट की गई है और अन्नकूट महोत्सव को लेकर सोसायटी निवासियों द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।। इस अवसर पर मन्दिर में भगवान को नई पोशाक भी पहनाई जाएगी। मंदिर के महंत तारेश शर्मा ने बताया कि प्रात 10 बजे कढ़ी, बाजरा, मूंग, चावल, खीर, सब्जी आदि व्यंजनों का भगवान को भोग लगाया जाएगा। उपरांत भक्त जनों को वितरित किया जाएगा। वही दीपावली त्यौहार पर शाम को समस्त 14 बीघा सोसायटीवासियों की ओर से मंदिर में दीपोत्सव कार्यक्रम भी मनाया जाएगा।

## मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि' का जिला स्तरीय कार्यक्रम 18 अक्टूबर को होगा आयोजित

जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि 18 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे से मिनी सचिवालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में 'मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि' किश्त हस्तांतरण का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भतरपुर के नदबई में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से वर्चुअली जुडकर मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि की चौथी किश्त का डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरण करेंगे। यह कार्यक्रम ब्लॉक स्तर व ग्राम पंचायत स्तर पर भी आयोजित होगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर को प्रभारी अधिकारी तथा तहसीलदार (भू.अ) को सहायक प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई, 425 किलो स्किम्ड मिल्क पाउडर जप्त



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(नि.सं.)।** दीपावली पर्व के मद्देनज़र मिलावटखोरी पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग, जिला खैरथल-तिजारा की टीम ने गुरुवार बहादुरपुर कस्बे में कार्रवाई की। जिला कलेक्टर किशोर कुमार के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई के दौरान लगभग 425 किलोग्राम स्किम्ड मिल्क पाउडर (ब्रांड-डेयटोना) को संदेहास्पद गुणवत्ता पाए जाने पर जप्त किया गया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अरविंद गेट ने बताया कि विभागीय टीम ने मैसर्स अशोक स्वीट्स, बहादुरपुर (मालिक-गोवर्धन लाल पुत्र नारायण दास) पर पहुंचकर कलाकंद का सैंपल लिया। इस दौरान वहां रखे लगभग 19 बैग स्किम्ड मिल्क पाउडर ब्रांड डेयटोना को मिलावट की आशंका के चलते सीज कर सैंपल परीक्षण हेतु भेजा गया। इसके अलावा टीम ने मैसर्स अलीशाह स्वीट हाउस (मालिक-इसाक मोहम्मद पुत्र मनजीद) से कलाकंद (दूध व चीनी से निर्मित) तथा मैसर्स आजाद डेयरी से मावा के सैंपल लिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेमंत कुमार ने टीम ने सभी प्रतिष्ठानों को त्योहार के दौरान साफ-सफाई और स्वच्छ खाद्य उत्पादन बनाए रखने के निर्देश भी दिए। इस कार्रवाई में महिपाल सिंह, सुभाष यादव और रमेश शामिल रहे।

## प्रिंस स्कूल में मॉडल एग्जीबिशन का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**सीकर(नि.सं.)।** पालवास रोड, सीकर स्थित प्रिंस स्कूल में मॉडल एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विज्ञान व तकनीकी पर आधारित 157 मॉडल्स प्रस्तुत किये। प्रमुख मॉडल्स में रोबोटिक कार, लाइफ सेविंग स्टिक फॉर डिसेबल्ड पीपल, सस्टेनेबल फार्मिंग, विजिलेंस एयरक्राफ्ट, ग्रीन एनर्जी पावर, क्लीन इंडिया मिशन, रैन वाटर हार्वेस्टिंग आदि रहे।प्रदर्शनी में प्रिंस एजुहब निदेशक जोगेंद्र सुण्डा, चेयरमैन डा. पीयूष सुण्डा, मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन, प्रिंसिपल एम. आर. अग्रवाल, सीमा राजपुरोहित आदि उपस्थित हुए एवं विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच की सराहना की।चेयरमैन डा. पीयूष सुण्डा ने कहा कि साइंस एग्जीबिशन से विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि, जिज्ञासा एवं नवीन अनुसंधान के प्रति प्रेरणा प्राप्त होती है।

## सरकार की मंशानुरूप संवेदनशील और सजग होकर आमजन को त्वरित राहत प्रदान करें

### प्रत्येक पात्र तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही सेवा शिविरों का उद्देश्य- जिला कलेक्टर




### जिला कलेक्टर ने किया ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविरों का निरीक्षण

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(नि.सं.)।** जिला कलक्टर ने गुरुवार को ग्रामीण एवं शहरी सेवा सेवाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत नूरनगर में ग्रामीण सेवा शिविर और नगर परिषद खैरथल एवं नगर पालिका किशनगढ़बास में आयोजित शहरी सेवा शिविरों का निरीक्षण किया तथा कार्मिकों को राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप सेवा की भावना से कार्य करते हुए आमजन को त्वरित राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने विभागीय स्टोलवार निरीक्षण कर प्रगति एवं दी जा रही सुविधाओं की जानकारी लेते हुए कहा कि ये शिविर आमजन की उम्मीदों को पूरा करने का माध्यम हैं, ऐसे में विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी आमजन को सभी जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित करें। शिविरों में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को गंभीरता से लेकर उसका प्राथमिकता से निस्तारण करें। जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से आमजन को विभागीय कार्यालयों के चक्कर लगाने से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने निर्देश दिए कि शिविरों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, ताकि आमजन का विश्वास और अधिक मजबूत हो। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे शिविरों में पहुंचें, अपनी समस्याओं का समाधान करवाएँ तथा जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हों। इस अवसर पर उन्होंने संधारित रजिस्टरों एवं दस्तावेजों की जांच की तथा लाभार्थियों से संवाद कर फीडबैक प्राप्त किया। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को लंबित नामांतरण, रास्ते से संबंधित प्रकरण, सहमति विभाजन, गिरदावरी एवं अन्य लंबित राजस्व प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी को पेंशन वेरिफिकेशन शत-प्रतिशत पूर्ण कराने, खाद्य सुरक्षा विभाग को एनएफएसए के तहत पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने, आयुर्वेद विभाग को आयुर्वेद के लाभों के प्रति आमजन को जागरूक करने तथा कृषि अधिकारियों को हाइब्रिड बीजों के लाभों की जानकारी कृषकों को देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने स्वनिधि योजना, स्वामित्व योजना, शहरी रोजगार योजना एवं फार्मर रजिस्ट्री के कार्यों में गति लाने पर भी बल दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविरों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। जिला कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान लाभार्थियों को पीएम मंगला पशु बीमा योजना की पॉलिसी, पीएम आवास आयोजन शहरी की प्रथम किश्त के चैक एवं पट्टे वितरित किए। साथ ही मौके पर आमजन के परिवाद सुन त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान उपखंड अधिकारी किशनगढ़ बास मनीष कुमार जाटव, आयुक्त नगर परिषद खैरथल मुकेश शर्मा, तहसीलदार खैरथल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार उपखंड अधिकारी एवं तहसीलदारों ने चिकित्सालयों की सघन जांच

### जिले भर में कुल 36 सीएचसी/ पीएचसी का हुआ निरीक्षण



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(नि.सं.)।** जिला कलेक्टर किशोर कुमार के निर्देशानुसार जिले के सभी उपखंड अधिकारी एवं तहसीलदारों द्वारा जिले भर में चिकित्सालयों का सघन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। जिले भर में कुल 36 सीएचसी/ पीएचसी का निरीक्षण किया गया। औचक निरीक्षण के दौरान सभी अधिकारियों द्वारा जिले भर की सीएससी/पीएससी में टीकाकरण, बायोमेडिकल वेस्ट निस्तारण, अस्पताल में हुए प्रसव की संख्या, पार्किंग, लेबर रूम में स्वच्छता, नियुक्त कार्मिकों की संख्या सहित कुल स्वीकृत पदों की संख्या, ड्यूटी रोस्टर, भवन/परिसर की स्थिति, ओपीडी/ आईपीडी संख्या सहित उपकरणों की स्थिति की जांच की गई। उपखण्ड आधिकारी तिजारा द्वारा पीएचसी डोटाणा का निरिक्षण किया गया, जहाँ पर सफाई व्यवस्था अत्यंत उत्कृष्ट पाई गई, सभी कार्मिक मौके पर उपस्थित मिले तथा डाटा फीडिंग का कार्य व्यवस्थित एवं अद्यतन पायी गई। निरीक्षण के दौरान टपूकड़ा में एक, किशनगढ़ बास में 5, कोटकासिम में एक, मुंडावर में 7 कार्मिक अनुपस्थित पाए गए जिस पर जिला कलेक्टर ने नियम अनुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सभी अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर मरीजों से उनका हाल-चाल पूछा तथा अस्पताल द्वारा दी जा रही सुविधाओं व उपचार के बारे में फीडबैक लिया। सभी अधिकारियों ने अस्पतालों में मिली अनियमिताओं को निर्धारित समय अवधि में सही करने के निर्देश दिए। अस्पताल में हेल्प डेस्क, रोगियों हेतु सूचना बोर्ड, सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से संबंधित बोर्ड लगाने के निर्देश भी दिए गए।

## ग्रुप ने ट्रस्टी पाण्ड़े को दी भावपूर्ण श्रद्धांजली

जयपुर टाइम्स

**सीकर(नि.सं.)।** विद्याश्रम ग्रुप ऑफ इंस्टीर्ट्शन में संस्थान के ट्रस्टी श्रद्धेय महावीर प्रसाद पाण्ड़े के निधन पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संपूर्ण विद्यालय परिवार ने गहरा शोक व्यक्त किया एवं ईश्वर से प्रार्थना कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को यह गहन दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। संस्थान के चेयरमैन श्री ताराचंद जालान ने पाण्ड़े जी के व्यक्तित्व एवं उनके समाजसेवी, कर्मनिष्ठ और प्रेरणास्रोत जीवन के विषय में बताते हुए कहा कि उनका योगदान सदैव याद किया जाएगा। संस्था निदेशक मंजू लाटा ने कहा कि पाण्ड़े जी के निधन से विद्यालय परिवार को अपूरणीय क्षति हुई है, जिसकी भरपाई संभव नहीं। इस अवसर पर एच.ओ.डी. सुश्री बिन्सी थॉमस, प्रधानाचार्या पायल शुक्ला, ,समीर शर्मा, को-ऑर्डिनेटर चंदा शर्मा, यामिनी जैन, सरिता टेलर सहित सभी स्टाफ




सदस्यों ने मौन धारण कर पुष्पांजलि अर्पित की और सविनय भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

## नीमकाथाना बहाली को लेकर संघ का कार्य स्थगन व ज्ञापन सौंपा

### कार्य स्थगन व मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**सीकर,(नि.सं.)** अभिभाषक संघ सीकर के महासचिव नरेश कुमार भूकर ने प्रेस नोट बयान जारी कर बताया कि सीकर संभाग व जिला नीमकाथाना को निरस्त करने के विरोध स्वरूप संभाग सीकर व जिला नीमकाथाना का निरस्त करने के विरोध में अभिभाषक संघ सीकर द्वारा लगातार 6 माह आंदोलन करने और 131 दिन क्रमिक अनशन व धरना प्रदर्शन करने के उपरांत 28 जुलाई को मुख्यमंत्री महोदय राजस्थान सरकार से वार्ता होने पर एक माह में अतिरिक्त संभागीय आयुक्त की स्थाई नियुक्ति का आशवासन मिलने पर क्रमिक अनशन व धरना स्थगित किया गया था। जिसके बाद भी अतिरिक्त संभागीय आयुक्त की स्थाई नियुक्ति नहीं की गई है। तथा सांवली रोड़ पर निर्माणाधिन न्यायालय भवन में अधिवक्ताओं के बैठने के लिए चैम्बर निर्माण के लिए बजट आज तक जारी नहीं किया गया जिससे अधिवक्ताओं में काफी रोष है। जिसके विरोध स्वरूप आज न्यायालयों में कार्य स्थगन रख गया व अधिवक्ताओं ने न्यायालयों में उपस्थिती दर्ज नहीं कराई व कार्य स्थगन में सभी स्टाम्पवैंडर व टाईपिस्टों नक्शानवीश व मुंशी ने पूर्ण सर्मथन देते हुए अपना कार्य पूर्ण बन्द रखा। इस संबंध में ज्ञापन पेश कर मांग कि है कि अतिशीघ्र संभागीय आयुक्त की नियुक्ति करें तथा चैम्बर निर्माण के लिए बजट आवंटन का अनुरोध किया है।ज्ञापन देने वाले अभिभाष संघ सीकर के अध्यक्ष भागीरथ मल जाखड़, महासचिव नरेश कुमार भूकर मिडीया प्रभारी पुरूषोतम शर्मा व वरिष्ठ अधिवक्ता दामोदर प्रसाद माटोलिया, पुरुषोतम बिल्खीवाल, बजरंग सिंह शेखावत विनोद सरोज, सुरेश भास्कर, हरिश मिश्रा, रोहिताश मोरदिया, विरेन्द्र वर्मा, जितेन्द्र सिंह शेखावत, सुमित थालोड, नेमीचन्द पुनियां, महेन्द्र नागा, सुशीला जाखड़, सुशीला कुमावत, आदि सैकड़ों अधिवक्तागण मोजुद रहें।

## जिला कलक्टर ने थानागाजी क्षेत्र का दौरा कर ग्राम पंचायत पडाक छापली में आयोजित ग्राम सेवा शिविर का किया निरीक्षण

### ग्रामीणों से शिविर की व्यवस्थाओं एवं उनकी समस्याओं के समाधान का लिया फीडबैक

जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने थानागाजी उपखण्ड की ग्राम पंचायत पडाक छापली में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं शिविर में आए हुए आमजन से शिविर में प्रदान की जा रही सुविधाओं व सेवाओं का फीडबैक भी लिया तथा प्रतापगढ तहसील का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रखने के दिशा-निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने शिविर का निरीक्षण कर विभागवार व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आमजन को दी जाने वाली सेवाओं की प्रक्रिया आदि का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ग्रामीण सेवा शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रा के लोगों के



काम सुगमता से सम्पादित कर उन्हें राहत प्रदान करना हैं। उन्होंने शिविर प्रभारी को निर्देश दिये कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार शिविर के दौरान आमजन को दी जाने वाली सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरते। साथ ही आमजन को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान कर पात्र लोगों को लाभांवित करावे। उन्होंने शिविर में आमजन के लम्बित नोटिसों की तामील एवं फार्मर रजिस्ट्री को पूर्ण कराने, रास्ते खोलने, आपसी सहमति से विभाजन एवं नामांतरण, किसान गिरदावरी ऐप द्वारा गिरदावरी करवाने, मूल निवास व जाति प्रमाण बनाने, पेंशन सत्यापन के प्रकरण एवं स्वामित्व योजना के तहत स्वामित्व पट्टे बनाने आदि की प्रगति का अवलोकन कर सभी कार्यों को यथासंभव मौके पर ही सम्पादित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने शिविर में आए हुए ग्रामीणों से उनके कार्यों की जानकारी ली तथा शिविर का फीडबैक भी लिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण सेवा शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सरकारी सेवाओं का लाभ सीधे उनके दरवाजे तक पहुंचाना है। अतः जागरूक रहकर न केवल इन शिविरों का लाभ उठावे, बल्कि अपने आसपास के लोगों को भी इनकी जानकारी प्रदान कर उन्हें लाभांवित कराने में सहयोग करें। शिविर में महिला अधिकारिता विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जिला कलक्टर ने बताया कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा गर्भवती महिलाओं के लिए सुपोषण किट योजना, मां वाउचर योजना एवं बालिका के लिए जन्म से लेकर विवाह तक में होने वाले खर्च से राहत प्रदान करने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है।इस दौरान उन्होंने शिविर स्थल पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

### तहसील कार्यालय का किया निरीक्षण

जिला कलक्टर ने प्रतापगढ तहसील का निरीक्षण कर उपखण्ड अधिकारी व तहसीलदार को निर्देश दिये कि ई-फाइलिंग सिस्टम से ही सभी कार्य किए जाए तथा रिकॉर्ड का संधारण सुव्यवस्थित रूप से करें तथा आमजन की परिवेदनाओं का समयबद्ध रूप से निराकरण करें। साथ ही कार्यालय परिसर में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखे। उन्होंने आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर को निर्देशित किया कि फरियादियों की परिवेदनाओं का गुणवत्ता के साथ त्वरित निराकरण कर उन्हें सूचित करें। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी थानागाजी पिंकी गुर्जर, तहसीलदार मोहित पंचौली सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# दीपोत्सव पर मदन राठौड़ ने एमआई रोड से किया जयपुर की लाइटिंग का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पंच दिवसीय दीपोत्सव के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने राजधानी की एमआई रोड पर रंग-बिरंगी लाइटिंग का स्विच ऑन कर दीपावली उत्सव का औपचारिक शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने समस्त प्रदेशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीपोत्सव केवल रोशनी का पर्व नहीं, बल्कि यह अंधकार पर प्रकाश की, असत्य पर सत्य की और नकारात्मकता पर सकारात्मकता की विजय का प्रतीक है। राठौड़ ने कहा कि व्यापार मंडल की ओर से वोकल फार लोकर थीम पर सजावट की गई। इस प्रकार के आयोजन ना केवल परंपरा को जीवंत रखते हैं, बल्कि मोदी सरकार के स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए शुरू किए गए आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान में महत्वपूर्ण कदम है। दीपोत्सव






जनसहभागिता और सामूहिक उत्सव का भी प्रतीक हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि दीपावली को पर्यावरण के प्रति जागरूकता रखते हुए हर्षोल्लास से मनाएं और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। उल्लेखनीय है कि एमआई रोड पर की गई सजावट में इस बार वोकल फॉर लोकल थीम को प्रमुखता दी गई है। यहां लगभग 2.5 किलोमीटर के क्षेत्र में की गई लाइटिंग पूरी तरह से स्वदेशी उत्पादों से की गई है, जिसका उद्देश्य स्थानीय कारीगरों, उद्यमियों व निर्माताओं को प्रोत्साहन देना है। इस आयोजन के माध्यम से स्थानीय लोगों को रोज़गार व कारोबार उपलब्ध कराने का भी प्रयास किया गया है। यह दीपोत्सव, न केवल आस्था व आनंद का पर्व है, बल्कि यह आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में भी एक सार्थक पहल बन चुका है। इस अवसर पर पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, विधायक कालीचरण सराफ, बाल मुकुंदाचार्य महाराज, भाजपा प्रदेश मंत्री भूपेंद्र सैनी, भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, मेयर कुसुम यादव, जयपुर ग्रेटर उपमहापौर पुनीत कर्णावत सहित स्थानीय व्यापारी, गणमान्य नागरिक, पार्षदगण व पार्टी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों को रेल मंत्री ने कहा घटिया माल दोगे तो ब्लैक लिस्टेड कर दिया जाएगा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास.)।** रेल और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कड़े शब्दों में मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों को चेतावनी दी है और कहा है लोग अब 1950 और 1960 के दशक की सेवाएं पसंद नहीं कर रहे हैं कंपनियों को गुणवत्ता में सुधार करना होगा नहीं तो ब्लैकलिस्टेड कर दिया जाएगा एक कार्यक्रम में अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ऐसी किसी भी मैन्युफैक्चरर और



सप्लायर को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा जो रेलवे को बेकार माल सप्लाई करते हैं उन्होंने आगे कहा कि ऐसी कंपनियों पर सख्त रवैया अपनाते हुए ब्लैकलिस्टेड कर दिया जाएगा इस कार्यक्रम में रेल मंत्री ने मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस के आदेश का आदेश दिया और 2400 किलो वाट की हाइड्रोजन बेस्ड ट्रेन के लॉन्च करने के साथ ग्रीन एनर्जी में एक बड़ी छलांग लगाने का ऐलान किया जो पूरी तरह से भारत में डॉलर हुई है रेल मंत्री ने कहा कि मुझे पता है कई कल पूजा निर्माता इसे पसंद नहीं करेंगे लेकिन यह हमारे यात्रियों की सुरक्षा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है कड़े शब्दों में लिखो एक निर्देश में असली वैष्णव ने प्रोडक्ट्स के सिलेक्शन से लेकर सप्लाई तक गुणवत्ता नियंत्रण में पूरी तरह से बदलाव करने के लिए कहा अश्विनी वैष्णव ने कहा कि जो सुधार नहीं करेंगे वह हार जाएंगे मैं आप सभी से प्रक्रियाओं में सुधार करने के लिए आवाहन करता हूं वैष्णव ने कहा कि उन्होंने रेलवे बोर्ड को ऐसे अधिकारियों की नियुक्ति करने का निर्देश दिया है जो गुणवत्ता की जांच करने में परफेक्ट हो उन्होंने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष को और इशारा करते हुए कहा कि उन्हें घटिया उपकरण बनाने और रेलवे को आपूर्ति करने वाले लोगों को प्रतिबंधित सूची से हटाना और कभी-कभी ब्लैकलिस्टेड भी करना चाहिए ।

## जब सफर एक, बस एक, हादसा एक, तो आर्थिक मदद अलग- अलग क्यों ?: टीकाराम जूली

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास.)।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने राज्य सरकार द्वारा जैसलमेर बस दुखांतिका में जान गंवाने वाले लोगों के आश्रितों को अलग- अलग आर्थिक सहायता देने पर प्रश्न उठाया है। जूली ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा हादसे के दो दिन बीत जाने के बाद आर्थिक सहायता की घोषणा की गई। परन्तु इस मुआवजे की राशि अलग-अलग रखना उचित नहीं है। एक ही हादसे में जान गंवाने वाले इंसानों की जान जाने पर अलग- अलग आर्थिक सहायता देना मोलभाव करने, सौदेबाजी करने जैसा है एवं अत्यंत ही असंवेदनशील है। एक व्यक्ति की मौत होने पर 10 लाख एवं तीन या तीन से अधिक मौत पर 25 लाख रुपये मुआवजा कैसे न्यायोचित कहा जा सकता है? जूली ने कहा कि जब सफर एक, बस एक, हादसा एक, तो आर्थिक मदद अलग- अलग क्यों, आप सोचिए सरकार के ऐसे व्यवहार से पहले से ही शोक संतप्त और त्यौहार के समय टूट चुके आश्रितों पर क्या बीतेगी ? जूली ने आगे कहा तथा साथ ही मांग की है कि सभी आश्रितों को एक समान आर्थिक सहायता मिलनी ही चाहिए क्योंकि इस दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में जलकर जान गंवाने वाले सभी लोग एक ही बस में सवार थे।

## राजस्थान सौर ऊर्जा पंप स्थापना में देश के अग्रणी राज्यों में: डॉ. किरोड़ी लाल

जयपुर टाइम्स


**जयपुर(कास.)** राज्य कृषि प्रबंध संस्थान, दुर्गापुरा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल ने कहा कि राजस्थान सौर ऊर्जा आधारित पंप सेट लगाने में देश के अग्रणी राज्यों में से एक है। अब तक 44,885 सोलर संयंत्रों की स्थापना पर 653.25 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दी गई है। उन्होंने कहा कि सूक्ष्म सिंचाई तकनीक के माध्यम से जल और



उर्वरक की बचत कर फसल उत्पादन में वृद्धि संभव है। कार्यक्रम में ऑर्गेनिक फूड मार्केट का शुभारंभ, कृषि ज्ञान धारा 2.0 का प्रमोचन तथा आईएचआईटीसी की वार्षिक पत्रिका 'हरित दर्पण' का विमोचन किया गया। मंत्री ने बताया कि ऑर्गेनिक फूड मार्केट का उद्देश्य प्रमाणित जैविक उत्पादों को उपभोक्ताओं तक पहुँचाना और उत्पादकों को विपणन का प्लेटफॉर्म देना है। यह मार्केट प्रत्येक शनिवार और रविवार को राज्य कृषि प्रबंध संस्थान में संचालित होगा। डॉ. किरोड़ी लाल ने बताया कि राज्य सरकार ड्रोन तकनीक से 1 लाख हेक्टेयर में नैनो यूरिया व नैनो डीएपी का छिड़काव करवाने की दिशा में कार्य कर रही है। इसके अलावा 37,911 वर्मीकम्पोस्ट इकाइयां किसानों के खेतों में स्थापित की गई हैं तथा 1,515 कृषक पशुपालन आधारित कृषि पद्धति से लाभान्वित हुए हैं। शासन सचिव राजन विशाल ने कहा कि "कृषि ज्ञान धारा 2.0" कार्यक्रम में किसानों की समस्याओं का समाधान विशेषज्ञों द्वारा लाइव सत्रों में किया जा रहा है। अब तक 27 एपिसोड्स के माध्यम से 5 लाख किसानों को लाभ पहुंचाया गया है। इस मौके पर बड़ी संख्या में किसानों और अधिकारियों ने ऑर्गेनिक उत्पादों की प्रदर्शनी व बिक्री में भाग लिया, जिसमें सब्जियां, सरसों तेल, गुड़िया शक्कर, खांड, मिलेट्स और आंवला उत्पाद प्रमुख रहे।

## पूर्व मंत्री बाजिया ने रींगस ट्रोमा सेंटर के लिए चिकित्सा मंत्री खींवसर से की मुलाकात

**रींगस(निस.)।** रींगस क्षेत्र में वर्षों से अधर में लटके ट्रोमा सेंटर को शुरू करवाने की दिशा में अब उम्मीदें बढ़ गई हैं। पूर्व चिकित्सा राज्य मंत्री बंशीधर बाजिया ने गुरुवार को राज्य के चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर से मुलाकात कर ट्रोमा सेंटर में आवश्यक मशीनें एवं उपकरण जल्द उपलब्ध करवाने का आग्रह किया। बाजिया ने बताया कि वर्ष 2017 की 14वीं विधानसभा के बजट सत्र में उनके प्रयासों से रींगस ट्रोमा सेंटर की घोषणा हुई थी। इसके बाद 27 नवम्बर 2017 को बजट स्वीकृत हुआ और भवन निर्माण कार्य दिसम्बर 2018 में पूर्ण हो गया। बावजूद इसके, सात वर्ष बीत जाने के बाद भी ट्रोमा सेंटर शुरू नहीं



हो सका। उन्होंने कहा कि जनवरी 2025 में उन्होंने चिकित्सा मंत्री से आग्रह कर ट्रोमा सेंटर के लिए चिकित्सा अधिकारी और नर्सिंग स्टाफ की नियुक्ति करवाई थी। अब अगला चरण मशीनों और उपकरणों की उपलब्धता का है। इस संबंध में उन्होंने मंत्री खींवसर से उनके निवास पर मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की। मंत्री खींवसर ने आश्वासन दिया कि ट्रोमा सेंटर को शीघ्र क्रियाशील बनाने हेतु सभी आवश्यक स्वीकृतियां जारी की जाएंगी और उपकरण उपलब्ध करवाए जाएंगे। बाजिया ने बताया कि ट्रोमा सेंटर के प्रारंभ होने से रींगस एवं आसपास के ग्रामीण इलाकों को आपात चिकित्सा सुविधा समय पर उपलब्ध होगी और मरीजों को जयपुर या सीकर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

## स्कॉर्पियो और ट्रेलर की भिड़ंत में चार दोस्त जिंदा जले, मृतक एक ही गांव के

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** ऐसा दिख रहा है पश्चिमी राजस्थान को किसी की बुरी नजर लग गई है यही वजह है कि जैसलमेर में अभी बस हादसे में मौत का शिकार हुए 21 लोगों के दर्द को पूरा प्रदेश नहीं भूल है बुधवार की रात एक बार फिर पश्चिमी राजस्थान के हिस्से में ही दर्दनाक हादसा हुआ जिसमें चार दोस्त जिंदा जल गए यह दर्दनाक हादसा जैसलमेर जिले के ही सिणधरी थाना इलाके में बुधवार की देर रात हुआ है जिसमें स्कॉर्पियो और ट्रेलर के बीच आपस में जोरदार बटन होने के बाद स्कॉर्पियो में सवार चार दोस्त जिंदा जल गए तथा स्कॉर्पियो के चालक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जहां उसकी हालत स्थिर बनी हुई है जानकारी के अनुसार मृतक चारों दोस्त आपस में गहरी दोस्त थे और एक ही गांव डाबड़ा के रहने वाले थे इसलिए मृतकों के गांव में मातम छा गया है चारों दोस्त इस कदर जल गए हैं कि अब उनकी बॉडी को पहचान पाना भी उनके परिजनों के लिए मुश्किल हो गया है इसलिए उनके शरीर के अंगों को एक पोटली में बांधकर डीएनए टेस्ट के लिए भेजा गया है ताकि उनके शरीर के अंगों की पहचान करके परिजनों को सुपुर्द किया जा सके जानकारी के अनुसार बुधवार की देर रात बाड़मेर जिले के गुड़ामालानी थाना इलाके के डाबड़ा गांव के रहने वाले मोहन सिंह शंकर सिंह प्रकाश मेघवाल पंचराम देवासी स्कॉर्पियो में सवार होकर सिणधरी से अपने गांव डाबड़ा जा रहे थे तभी स्कॉर्पियो की ट्रेलर जोरदार भिड़ंत हो गई दोनों वाहनों में इतनी तेज टक्कर हुई जिसकी वजह से दोनों वाहनों में ही जोरदार आग लग गई इस आज की वजह से ट्रेलर के चालक और परिचालक तो मौके से फरार हो गए लेकिन स्कॉर्पियो में सवार चारों दोस्त स्कॉर्पियो में ही बुरी तरह से जल गए हालांकि स्कॉर्पियो के चालक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया गया है सूचना मिलने के बाद पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी बुलाई गई लेकिन तब तक स्कॉर्पियो पूरी तरह से जलकर क्षतिग्रस्त हो चुकी थी और स्कॉर्पियो में सवार चारों दोस्तों बुरी तरह से जल गए थे ।

## श्री गंगानगर में पुलिस की छापामार कार्रवाई, कई बदमाशों को पकड़ा, भारी मात्रा में मादक पदार्थ की बरामद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के श्रीगंगानगर जिले में एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत पुलिस ने जिले के करीब आधा दर्जन थाना इलाकों में दर्जनों जगहों पर एक साथ छापामार कार्रवाई को अंजाम देकर कई बदमाशों को गिरफ्तार किया है इनमें कई बदमाश ऐसे हैं जो नशे के कारोबार में लिप्त हैं पुलिस ने मौके पर नशीली दवाइयां और अन्य मादक पदार्थ भी बरामद किए हैं पुलिस की इस धांसू छापामार कार्रवाई से श्री गंगानगर और आसपास के जिलों में अपराध की गतिविधियों को अंजाम दे रहे लोगों में हड़कंप मच गया है और कई बदमाश छुप गए हैं तो कई बदमाश आंख चुरा कर पंजाब और अन्य जिलों की ओर जाने की तैयारी में है जानकारी के अनुसार राजस्थान पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर पूरे प्रदेश में सभी जिलों में एरिया डोमिनेशन अभियान की कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा है इस अभियान में सभी पुलिस स्टेशन के घोषित आदतन अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखने के अलावा उन बदमाशों पर भी नजर रखी जा रही है जिनकी पुलिस को तलाश है इसके अलावा जो अवैध गतिविधियों को चोरी छुपे अंजाम दे रहे हैं उन पर भी पुलिस चुपचाप तरीके से अपना वर्क कर रही है और फिर एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत एक साथ पूरे जिले में पुलिस के अलग-अलग टीमों की ओर से छापामार कार्रवाई की जा रही है ताकि बदमाशों को जो जहां पर है वहीं पर उसको दबोचा जाए इस अभियान के तहत पुलिस बदमाशों के विभिन्न ठिकानों परिजनों रिश्तेदारों उनके दोस्तों सभी के ठिकानों को चिन्हित कर रही है ताकि बदमाश को आसानी से पकड़ा जा सके इसी क्रम में श्रीगंगानगर जिला पुलिस की ओर से हिंदू मलकोट पदमपुर घड़साना जवाहर नगर सहित आधा दर्जन पुलिस थाना इलाकों में कई टीमों की ओर से एक साथ छापा मार करवाई को अंजाम दिया गया जिसमें बड़ी संख्या में नशे की दवाइयां और मादक पदार्थ बरामद करने के अलावा 28 बदमाशों को भी गिरफ्तार किया गया है इस छापामार कार्रवाई में करीब 400 पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था ।

## दोस्तों ने दोस्त की हत्या कर लाश को जमीन में दफनाया, प्रॉपर्टी का विवाद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के अजमेर में प्रॉपर्टी विवाद में दोस्तों ने दोस्त की हत्या करके उसकी लाश को जमीन में दफनाया बाद में आरोपी लोगों की गिरफ्तारी के बाद बुधवार की रात पुलिस ने केसरपुर के जंगलों में जमीन में दफनाई गई बॉडी को बाहर निकाल लिया । इस सनसनीखेज हत्याकांड के बाद पूरे शहर में सनसनी फैली गई है बिल्कुल फिल्मी अंदाज में इस पूरे मर्डर को अंजाम दिया गया जन्मदिन मनाने के बहाने मृतक को बुलाया गया और फिर उसकी हत्या कर उसकी लाश को जमीन में दफनाया गया पुलिस के अनुसार मृतक लेखराज है जो नागौर के हर शोर का निवासी है और प्रॉपर्टी का कारोबार करता है और अजमेर के क्रिश्चियन गंज थाना इलाके में रहता है विगत 13 अक्टूबर को लेखराज घर से यह कहकर निकाला था कि वह अपने दोस्त श्याम सिंह का जन्मदिन बनाने के लिए मधुसूदन के घर जा रहा है बाद में लेखराज की मोटरसाइकिल अस्पताल रोड पर लावारिस अवस्था में पड़ी मिली जिसके बाद परिजनों को संदेह हुआ और उन्होंने क्रिश्चियन गंज पुलिस स्टेशन में लेखराज की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई पुलिस ने छानबीन शुरू की जिसमें एक युवक को पकड़ा गया इस युवक से पूछताछ के बाद पुलिस ने मायापुर के चार और युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया इस तरह से कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए पुलिस ने इस मामले में श्याम सिंह बिरम सिंह छगन सिंह नरेश और विमल सिंह को अरेस्ट किया इनसे हुई पूछताछ के बाद पुलिस में गिरफ्तार लोगों को साथ लेकर केसरपुर के जंगलों में गई और उनके कहे अनुसार वहां पर जमीन की खुदाई करके लेखराज के शव को जमीन से बाहर निकाल पुलिस की पूछताछ में सामने आया है कि श्याम सिंह भी प्रॉपर्टी का कारोबार करता है वह एक सौदे के बारे में लेखराज पर दबाव बना रहा था लेकिन लेखराज वह सौदा बेचना नहीं चाहता था इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद की स्थिति बनी हुई थी इसी विवाद के चलते श्याम सिंह ने लेखराज को ठिकाने लगाने का प्लान बनाया और इस प्लान में अपने दोस्तों को भी उसने साथ में लिया ।

## नशे के कारोबार का विरोध करने पर युवक की चाकू मार कर हत्या, ब्रह्मपुरी थाने पर प्रदर्शन


जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास.)।** राजधानी जयपुर में नशे के कारोबार का विरोध करने पर एक युवक की चाकू मार कर हत्या कर दी गई इस हत्या के विरोध में सैकड़ो लोगों ने शहर के ब्रह्मपुरी थाना इलाके पर जोरदार प्रदर्शन किया और आरोपी लोगों की गिरफ्तार की मांग की जिसमें पुलिस ने फिरोज नाम के एक युवक को हिरासत में लिया है जानकारी के अनुसार जिस युवक की हत्या की गई है उसका नाम अल्ताफ है अल्ताफ इलाके में नशे का कारोबार करने वाले लोगों के खिलाफत किया करता था इसी बात को लेकर नशे का कारोबार करने वाले दूसरे पक्ष के लोगों से उसकी कहा सुनी हो गई इसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच आपस में झगड़ा हुआ झगड़ा में चाकू बाजी दी हुई जिसमें अल्ताफ की मौत हो गई इस हत्याकांड के बाद मृतक के परिजनों और समर्थकों में गहरा गुस्सा छा गया आरोपी लोगों की गिरफ्तारी करने की मांग को लेकर सैकड़ो लोगों ने ब्रह्मपुरी थाने के सामने प्रदर्शन किया प्रदर्शन करने वाले लोगों का कहना था कि इलाके में नशे का कारोबार जोर-जोर से संचालित किया जा रहा है जिसकी वजह से छोटे-छोटे बच्चे नशेड़ी होते जा रहे हैं इसी बात का मृतक युवक अल्ताफ विरोध किया करता था इसके बदले उसे मौत मिली द्यप्रदर्शन करने वाले लोगों का कहना है कि इलाके में नशे का कारोबार करने वाले लोगों का एक बड़ा समूह है जो चोरी छिपे छोटे-छोटे बच्चों को मादक पदार्थों की सप्लाई करते हैं छोटे-छोटे बच्चे इस बुरी आदत में फस गए हैं इसलिए पुलिस को इलाके में नशे का कारोबार करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए हालांकि पुलिस ने इस हत्याकांड में फिरोज नाम के एक युवक को हिरासत में लिया है उससे पूछताछ की जा रही है इस मामले में और लोगों की भी गिरफ्तारी हो सकती है फिलहाल पुलिस चाकू बाजी में और झगड़े में शामिल लोगों को चिन्हित करने का प्रयास कर रही है लेकिन इस हत्याकांड को लेकर इलाके में जोरदार आक्रोश छाया हुआ है तनाव की स्थिति बनी हुई है इसलिए लोगों के गुस्से को देखते हुए इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया हुआ है ।

## *जिला स्तरीय धन्वन्तरि जयन्ती समारोह वर्ष-2025 का आयोजन*

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** आयुष भवन सभागार में बुधवार को जिला स्तरीय धन्वन्तरि जयन्ती समारोह वर्ष-2025 का आयोजन किया गया । इसमें विभागीय कार्यो में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियों / कार्मिकों को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ.राम तिवाडी, एवं डॉ. राजेश भारद्वाज, विशेषधाधिकारी, उपमुख्यमंत्री एवं आयुष मंत्री कार्यालय अतिरिक्त निदेशक जयपुर संभाग डॉ. बत्तीलाल बैरवा, परियोजना निदेशक डॉ. दिनेश कुमार शर्मा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्लॉन्टेशन बोर्ड डॉ. रमेश चन्द गुप्ता उपस्थित रहे। डॉ.पी.एल.मीना, उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग जयपुर-ब ने जानकारी देते हुए बताया की हर वर्ष की भाँति



विभागीय कार्यों में अच्छे कार्य करनें के लिए यह सम्मान दिया जाता है। इस अवसर पर सहायक निदेशक डॉ. अंशुमान चतुर्वेदी , सहायक निदेशक डॉ लक्ष्मण सैनी जयपुर - अ , तथा आयुष भवन के अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित रहे।

## *पूरे टोंक शहर में बिजली विभाग की छापामार कार्रवाई से लोगों में हड़कंप, लाखों का जुर्माना*

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** ।राजस्थान के नवाबों के शहर टोंक में बिजली विभाग की छापामारकार्रवाई से लोगों में खलबली मची हुई है बिजली विभाग की कई टीमों ने पूरे शहर में अपनी छापा मार करवाई को अंजाम दिया हुआ है जिसमें बिजली की चोरी करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है मौके पर जो भी बिजली चोरी करते हुए पकड़ा जा रहा है उसके खिलाफ वीसीआर भरी जा रही है तथा जुर्माना भी वसूल किया जा रहा है जानकारी के अनुसार बिजली विभाग के बड़े अधिकारियों को लगातार शिकायत मिल रही थी कि टोंक में बड़ी संख्या में लोग बिजली की चोरी करके बिजली कंपनियों को हर महीना करोड़ों रुपए का नुकसान पहुंचा रहे हैं यह चोरी टोंक के हर इलाके में की जा रही है इसके लिए बिजली विभाग के अधिकारियों ने पूरे शहर में एक साथ छापामार कार्रवाई करने का प्लान बनाया ताकि बिजली चोरी कर रहे लोगों को पकड़ा जा सके इसके लिए जयपुर से बिजली विभाग की 10 टीमों को बुलाया गया और टोंक से भी 17 टीमों ने पूरे टोंक शहर में अलग-अलग इलाकों में अलग-अलग छापामार कार्रवाई के स्थान को चिन्हित किया ताकि बिजली चोरी कर रहे लोगों को अपनी चोरी छुपाने का मौका ना मिले इसी के चलते सभी 27 टीमों ने पूरे शहर में अलग-अलग इलाकों में एक साथ छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया जिसमें करीब 165 लोगों की वीसीआर भरने की जानकारी मिली है इसके अलावा लाखों रुपए का जुर्माना भी खबर लिखे जाने तक वसूल किया जा चुका था जानकारी के अनुसार बिजली विभाग के अधिकारी इस बात को लेकर काफी परेशान थे कि टोंक शहर में बिजली यूनिट की जितनी सप्लाई की जा रही है उसके मुताबिक टोंक के लोग बिजली के बिल का भुगतान नहीं कर पा रहे टोंक शहर में जितनी हर महीने बिजली की सप्लाई होती है उस हिसाब से रेवेन्यू नहीं मिलने की वजह से बिजली विभाग के अधिकारियों को लग रहा था कि कहीं ना कहीं टोंक में लोग बड़ी मात्रा में बिजली की चोरी कर रहे हैं इसीलिए संयोजित तरीके से पूरे शहर में इस छापा मार करवाई को अंजाम दिया गया जिसमें बड़ी संख्या में बिजली चोरी के मामलों का खुलासा भी हुआ है दिवाली बिल्कुल नजदीक है ।

## बस्सी में नकली मिल्क केक बनाने वाले कारखाने पर छापा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजधानी जयपुर के निकट बस्सी में नकली मिल्क केक बनाने वाले कारखाने पर खाद्य और रसद विभाग की टीम ने छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया है जहां पर नकली मिल्क बनाने में काम में आने वाली कई वस्तुएं मिली है करीब 2500 किलो कई तरह की सामग्रियां बरामद की गई है जो नकली मिल्क केक बनाने के काम आती है इनमें सोयाबीन का तेल सूजी और विभिन्न तरह की सामग्रियां बरामद की गई है इसके अलावा तैयार मिल्क केक के डिब्बे भी मौके पर मिले हैं खाद्य विभाग की टीम ने मौके पर सैंपल जुटे हैं और इन्हें जांच के लिए लैबोरेट्री भेजा जा रहा है तथा कारखाने को अंडरटेकिंग कर लिया गया है कारखाने का मालिक विनोद शर्मा है जो पिछले करीब 2 साल से यहां पर नकली मिल्क केक बनाने के धंधे में जुटा हुआ था और यहां से तैयार किए गए मिल्क केक को चोमू श्रीमाधोपुर सीकर कई अन्य जगहों पर सप्लाई किया करता था खाद्य विभाग की इस कार्रवाई के बाद इलाके में नकली खाद्य सामग्री बनाने वाले और चोरी छुपे नकली खाद्य सामग्री को असली बताकर बेचने वाले दुकानदारों में भी घबराहट छा गई है खाद्य विभाग की टीमों की ओर से पिछले कुछ दिनों से इलाके में लगातार छापा मार करवाई को अंजाम दिया जा रहा है जिसमें कई जगहों पर कई नकली खाद्य सामग्रियों के तैयार किए जाने के कारखाने का भी खुलासा हुआ है दिवाली का त्यौहार नजदीक है इसलिए नकली खाद्य सामग्री और नकली मिठाइयां बनाने का धंधा राजस्थान ही नहीं बल्कि पूरे देश में जोर-जोर से संचालित हो रहा है लेकिन राजस्थान में खाद्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट मोड पर नजर आ रहा है पूरे प्रदेश भर में खाद्य विभाग की टीमों की ओर से छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा है इसके अलावा मिठाई बेचने वाली दुकानदारों के यहां भी समय-समय पर मिठाइयों के सैंपल जुटाए जा रहे हैं उनकी जांच की जा रही है और जहां भी गड़बड़ी पाई जाती हैं उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जा रही है ।

**भरतपुर में जोधपुर मिष्ठान भंडार में छेना और गुलाब जामुन में कीड़े मिले**

भरतपुर शहर में भी खाद्य विभाग की टीमों की ओर से जगह-जगह मिठाइयों की दुकानों पर सैंपल लिए जा रहे हैं और मिठाइयों की जांच की जा रही है इसी के चलते भरतपुर के जोधपुर मिष्ठान भंडार के यहां भी रसद विभाग की टीम की ओर से छापा मार करवाई को अंजाम दिया गया जिसमें इस मिष्ठान भंडार के बंद करने में रखे छेना और गुलाब जामुन में भारी मात्रा में कीड़े पड़े हुए मिले इसके बाद खाद्य विभाग की टीमों ने मौके पर ही कानूनी कार्रवाई की है और मिठाइयों के सैंपल कलेक्ट करके उन्हें लेबोरेटरी बीच पाया जा रहा है ।

# पाकिस्तान से उभर रहा बड़ा खतरा

*इसका जवाब बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख और अमेरिकी डीप स्टेट की कठपुतली माने जाने वाले मोहम्मद यूनुस की व्हाइट हाउस में ट्रंप के साथ मुलाकात में मिला। पाकिस्तान की तरह एक समय यूनुस को लेकर कुपित रहने वाले ट्रंप का रवैया उनके प्रति भी एकाएक बदला दिखाया था। यूनुस ने अमेरिका में अपने भारत विरोधी तेवर ही दिखाए। इससे सहज ही समझा जा सकता है कि पाकिस्तान किसके कंधे पर बंदूक रखकर पूर्वोत्तर भारत को निशाना बनाने की मंशा रखता है। इस बीच कुछ सवाल भी उठते हैं कि क्या अमेरिका इसकी गुंजाइश देगा कि बांग्लादेश में अपनी कठपुतली सरकार का फायदा पाकिस्तान उठाए? क्या पाकिस्तान ने भारत की पूर्वी सीमाओं के पास कोई ड्रोन बेस या आतंकी अड्डा तैयार किया है, जिसके बल पर वह बार-बार भारत के पूर्वी भाग को निशाना बनाने की धमकी दे रहा है? संभव है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अमेरिका भारत के खिलाफ*








दिव्य कुमार सोती। बीते दिनों रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान सर क्रीक क्षेत्र में निरंतरअपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ा रहा है और उसके किसी भी दुस्साहस का उत्तर ऐसे दिया जाएगा कि इतिहास और भूगोल दोनों बदल जाएंगे। इसके कुछ ही दिनों के अंतराल पर सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि अगर पाकिस्तान ने आतंकवाद का समर्थन करना नहीं छोड़ा तो भारत अगली बार वैसा संयम नहीं दिखाएगा, जैसा उसने आपरेशन सिंदूर के समय दिखलाया था और पाकिस्तान को विश्व मानचित्र से मिटना भी पड़ सकता है। उन्होंने सैनिकों से अगले संघर्ष के लिए तैयार रहने को भी कहा। भारत की ओर से आम तौर पर ऐसे बयान कम ही आते हैं। इसका अर्थ है कि सरकार के पास पाकिस्तान द्वारा रची जा रही आतंकवादी साजिश की बड़ी सूचना है, जिसके चलते रक्षा मंत्री और सेनाध्यक्ष ने एक के बाद एक बयान जारी कर पाकिस्तान को चेताया है। इससे पहले पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष आसिम मुनीर अमेरिका के दो बार दौरे कर चुके हैं और दोनों बार उन्हें व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की विशेष आवभगत और समय मिला है। मुनीर ने अमेरिकी धरती से भारत को धमकाने का अप्रत्याशित काम भी किया। मुनीर के दौरे के कुछ दिन बाद ही पाकिस्तानी फौज के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने भारत को धमकाते हुए कहा था कि इस बार किसी सैन्य टकराव की स्थिति में पाकिस्तान भारत के पूर्वी भाग को निशाना बनाने से शुरुआत करेगा। सवाल उठता है कि जब आपरेशन सिंदूर के समय पाकिस्तान की मिसाइलें सिरसा और हिसार तक नहीं पार कर पाई थीं, तब वे भला पूर्वी भारत तक कैसे पहुंच सकेंगी? इसका जवाब बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख और अमेरिकी डीप स्टेट की कठपुतली माने जाने वाले मोहम्मद यूनुस की व्हाइट हाउस में ट्रंप के साथ मुलाकात में मिला। पाकिस्तान की तरह एक समय यूनुस को लेकर कुपित रहने वाले ट्रंप का रवैया उनके प्रति भी एकाएक बदला दिखाया था। यूनुस ने अमेरिका में अपने भारत विरोधी तेवर ही दिखाए। इससे सहज ही समझा जा सकता है कि पाकिस्तान किसके कंधे पर बंदूक रखकर पूर्वोत्तर भारत को निशाना बनाने की मंशा रखता है। इस बीच कुछ सवाल भी उठते हैं कि क्या अमेरिका इसकी गुंजाइश देगा कि बांग्लादेश में अपनी कठपुतली सरकार का फायदा पाकिस्तान उठाए? क्या पाकिस्तान ने भारत की पूर्वी सीमाओं के पास कोई ड्रोन बेस या आतंकी अड्डा तैयार किया है, जिसके बल पर वह बार-बार भारत के पूर्वी भाग को निशाना बनाने की धमकी दे रहा है? संभव है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अमेरिका भारत के खिलाफ कोई खिचड़ी पका रहे हों। याद रहे कि जब आपरेशन सिंदूर शुरू हुआ तो अमेरिका को लगा था कि बालाकोट की तरह ही भारत की कार्रवाई सीमित रहेगी और कुछ घंटों में ही सब सामान्य हो जाएगा, परंतु जब पाकिस्तान ने भारत के नागरिक ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की तो भारत ने अमेरिका द्वारा उपयोग किए जा रहे पाकिस्तानी एयरबेसों को भी नहीं छोड़ा। अमेरिका अब इस अपमान का बदला लेना चाहता है। इस संदर्भ में राष्ट्रपति ट्रंप का यह बयान अनायास नहीं है कि अमेरिकी सेनाओं को अफगानिस्तान का बगराम एयरबेस फिर से वापस चाहिए। ट्रंप ने अफगानिस्तान को यह धमकी भी दी कि अगर वह ऐसा नहीं करता है तो उसके साथ बुरी घटनाएं घट सकती हैं। चीन की गतिविधियों पर तो अमेरिका पाकिस्तान के नूर खान एयरबेस से भी नजर रख सकता है, परंतु अब उसे अफगानिस्तान में एयरबेस इसलिए चाहिए ताकि भारत द्वारा पाकिस्तानी एयरबेसों पर हमले की स्थिति में पाकिस्तान की सहायता जारी रख सके। अपने सैन्य साजोसामान को पाकिस्तानी बेसों से हटाकर बगराम ले जा सके और सबसे महत्वपूर्ण यह कि चीन के साथ-साथ भारतीय सैन्य गतिविधियों पर भी नजर रख सके और जरूरत पड़ने पर ईरान पर हमले के लिए भी उसका उपयोग कर सके। पाकिस्तान ने भी इन अमेरिकी आवश्यकताओं की पूर्ति का तरीका खोज लिया है। मुनीर ने ट्रंप को पाकिस्तान के पासनी बंदरगाह को विकसित करने का न्योता दिया है। पासनी चीन द्वारा चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के अंतर्गत अरबों डालर खर्च कर विकसित किए गए बलूचिस्तान के ग्वादर बंदरगाह से मात्र सौ किलोमीटर दूर है और वर्ष 2011 से रेत भरने की समस्या से ग्रस्त है। पाकिस्तान को लगता है कि चीन को रोकने के लिए सीआइए कहीं न कहीं बलूच विद्रोहियों का साथ दे रही है। ऐसे में पासनी के जरिये खुशामद से खुश अमेरिका शायद बलूच विद्रोहियों से समर्थन पीछे खींच ले और पासनी में बैठकर भारत और चीन दोनों पर नजर रख सके। मुनीर को लगता है कि इस कवायद से चीन और अमेरिका के साथ पाकिस्तान के रिश्तों में संतुलन बनाया जा सकता है। अमेरिका और चीन दोनों का पाकिस्तान में निवेश बढ़ने से भारत को पाकिस्तान के विरुद्ध अधिक आक्रामक कार्रवाई से भी रोका जा सकता है। इस रणनीति से उत्पन्न अतिआत्मविश्वास से मुनीर अब सर क्रीक के पास सैन्य जमावड़ा बढ़ा रहे हैं और जामनगर स्थित विश्व की सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी पर हमले की धमकी दे रहे हैं। इस धमकी में आवाज केवल मुनीर की है

सम्पादकीय

## भारत में गूगल का निवेश मुनाफे का सौदा




अमेरिका की वीजा नीति और ट्रंप शुल्क से कारोबारी रिश्तों में दबाव के बीच गूगल की भारत में निवेश की घोषणा अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर बड़ी रणनीतिक सफलता है। विशाखापत्तनम में कृत्रिम मेधा का बड़ा केंद्र बनाया जाएगा। इसके लिए गूगल समूह पांच साल में 1.33 लाख करोड़ रुपए का निवेश करेगा। कृत्रिम मेधा के बढ़ते वैश्विक बाजार में यह निवेश इस बात को रेखांकित करता है कि कारोबार सुगमता के लिहाज से भारत वैश्विक स्तर पर पसंदीदा बना हुआ है। भारत के पास विशाल उपयोगकर्ता आधार है। स्पष्ट है कि आर्थिक कूटनीति के लिहाज से यह परियोजना भारत को वैश्विक स्तर पर मजबूती प्रदान करेगी। तकनीकी ताकत भी बढ़ेगी। इस निवेश की घोषणा के बाद गूगल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुंदर पिचाई ने सोशल मीडिया पर जो लिखा, उससे कई सार्थक संकेत मिले हैं। पिचाई के मुताबिक, निवेश से भारत में 1.83 लाख नई नौकरियां पैदा होंगी। विशाखापत्तनम के कृत्रिम मेधा परिसर की शुरूआती क्षमता एक गीगावाट से कई गीगावाट तक जाएगी। यह परिसर गूगल का अमेरिका के बाहर सबसे बड़ा कृत्रिम मेधा केंद्र बनेगा, जो भारत को वैश्विक तकनीकी के मानचित्र पर और मजबूत करेगा। कई स्तरों पर इसके दूरगामी नतीजे होंगे। निस्संदेह, जिस तेजी से कृत्रिम मेधा क्षेत्र का विस्तार हो रहा है और अमेरिका तथा चीन जैसे मुल्क इसमें बढ़त लिए हुए हैं, उसे देखते हुए भारत को ऐसे निवेश और तकनीकी सहयोग की बहुत आवश्यकता है। यह कमी गूगल के निवेश से पूरी हो गई है। गूगल उसी देश की कंपनी है, जहां के राष्ट्रपति ने भारत पर शुल्क लगा कर दबाव बनाने की कोशिश की है। वे खुल कर कह चुके हैं कि वे नहीं चाहते, अमेरिकी कंपनियां भारत में निवेश करें या निर्माण संयंत्र लगाएं। वे धमकी तक दे चुके हैं। एप्पल कंपनी के मुख्य कार्यकारी टिम कुक को दी गई भारी शुल्क लगाने की धमकी की यादें ताजा हैं। लगता नहीं है कि धमकियों के बावजूद एप्पल व अन्य ने भारत से काम समेटा। दरअसल, आने वाले दिनों में तकनीक के स्तर पर भारत चिप और कृत्रिम मेधा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका की योजना बना रहा है। इसके लिए मजबूत नीतियां तैयार की गई हैं और बड़ी कंपनियों से वैश्विक स्तर पर गठबंधन किए हैं। दूसरे, भारत की ताकत उसका बड़ा मध्यवर्ग है। अमेरिकी कंपनियां हमेशा की तरह भारत के इस बड़े बाजार को देख रही हैं। हर स्तर पर भारत मुनाफे का बाजार है। तभी एप्पल और गूगल जैसी कंपनियां भारत में अरबों रुपए का निवेश कर रही है। अगर एप्पल के कमाई के आंकड़े को देखें, तो कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2024 में भारत से 67,100 करोड़ का राजस्व अर्जित किया है, जो पिछले वर्ष से 36 फीसद अधिक है। कंपनी का मुनाफा बढ़ कर 2746 करोड़ हो गया है। टेस्ला ने भी भारतीय बाजार को देखते हुए यहां कदम रखा है। अब गूगल ने बड़ा निवेश किया है। गूगल के इस निवेश से वैश्विक निवेशकों को यह संदेश अवश्य गया होगा

## मानहानि कानून का दुरुपयोग रुके



उच्चतम न्यायालय द्वारा मानहानि के अपराधीकरण के विषय पर की गई टिप्पणी ने इस मुद्दे को एक बार फिर चर्चा में ला दिया है। हाल में कई अवसरों पर इससे संबंधित कानून के दुरुपयोग को देखते हुए यह विषय और भी गंभीर हो गया है। विधि के शासन के अंतर्गत कानून की यथोचित प्रक्रिया के विस्तार के साथ न्यायालय द्वारा नए अधिकारों की पहचान कर उनके लिए दावा करने की पद्धति बताई जाती है, लेकिन यह देखना भी आवश्यक होता है कि किन्हीं दो अधिकारों के बीच कोई टकराव न हो। ऐसी ही एक स्थिति अभी चर्चा का विषय है कि संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार और अनुच्छेद 21 के दायरे में मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठा के अधिकार के बीच किस प्रकार संतुलन बनाया जाए। ऐसे संतुलन के लिए ही मानहानि का प्रविधान संविधान और कानून में किया गया है। अनुच्छेद 19(2) में मूल अधिकारों पर निर्बंधन लगाने के एक आधार के रूप में मानहानि उल्लिखित है। इसी प्रकार अपकृत्य विधि के तहत सिविल मानहानि और भारतीय न्याय संहिता की धारा 356 के तहत आपराधिक मानहानि का उल्लेख है। इसके अनुसार उन व्यक्तियों को दंडित किया जाएगा, जो किसी व्यक्ति की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने की मंशा से या यह जानते हुए कि इससे हानि होगी, कोई झूठा बयान देते या प्रकाशित करते हैं। ऐसे प्रविधान का उद्देश्य सामाजिक हितों का संरक्षण करना और किसी व्यक्ति या संस्था की प्रतिष्ठा पर होने वाले हमलों को रोकना है। विदित है कि किसी की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने वाला लिखित, मुद्रित या स्थायी रूप से व्यक्त कोई भी बयान आपराधिक मानहानि के दायरे में आ सकता है। 2016 में उच्चतम न्यायालय ने सुब्रमण्यम स्वामी बनाम भारत संघ मामले में आपराधिक मानहानि के कानूनी उपबंधों को संवैधानिक रूप से वैध कहा था, लेकिन एक दशक के भीतर ही न्यायालय द्वारा इसके विअपराधीकरण के लिए टिप्पणी करना इस तथ्य का द्योतक है कि ऐसे कानून का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग हो रहा है और यह कदाचित धन उगाही का एक साधन बन गया है। 2016 में न्यायालय ने उस तर्क को खारिज कर दिया था कि भारतीय दंड संहिता की धारा 499 (अब भारतीय न्याय संहिता की धारा 356) अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से असंगत है। न्यायालय ने इस आधार पर आपराधिक मानहानि को संवैधानिक रूप से वैध कहा कि अनुच्छेद 19(1)(ए) में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता हालांकि एक बुनियादी प्राकृतिक अधिकार होने के साथ-साथ मौलिक स्वतंत्रता भी है, किंतु यह निरपेक्ष नहीं है। इस पर मानहानि के आधार पर विवेकपूर्ण निर्बंधन संभव है। इस संबंध में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और मानहानि के बीच आनुपातिक संबंध होना चाहिए। यानी सद्भावनापूर्वक निष्पक्ष टिप्पणी, लोक सेवकों की सकारात्मक आलोचना, लोक नीतियों या न्यायिक कार्यवाहियों पर निष्पक्ष राय रखना कहीं से भी मानहानि का आधार नहीं होना चाहिए, क्योंकि ऐसा कोई भी निर्णय लोकतांत्रिक मूल्यों से असंगत होगा। इसके विपरीत प्रतिष्ठा के अधिकार की सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है, जितनी वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, जो जीवन के अधिकार का अभिन्न अंग है। इस कारण दोनों अधिकारों के बीच संतुलन अनिवार्य है। 22वें विधि आयोग ने भी 2024 में अपनी रिपोर्ट में कहा कि हालांकि अभिव्यक्ति और प्रतिष्ठा के अधिकारों के बीच संतुलन होना चाहिए, लेकिन निश्चित रूप से प्रतिष्ठा की रक्षा अधिक महत्वपूर्ण होगी, क्योंकि यह जीवन के अधिकार का अनिवार्य घटक है। विधि आयोग का यह विचार इस आधार पर उचित प्रतीत होता है कि जीवन को अर्थपूर्ण बनाने के लिए गरिमा की रक्षा उसकी अनिवार्य शर्त है, लेकिन जहां प्रतिष्ठा का अधिकार एक व्यक्तिगत अधिकार है, वहीं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सामान्यीकृत अधिकार। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मौलिक स्वतंत्रता भी है और यही सभी स्वतंत्रताओं की जननी भी है।

## मोची भया उदास

**मेरा बेटा बहुराष्ट्रीय कंपनी में काम करता है। उसकी कंपनी का मुख्यालय अमेरिका में है। जब भारत में दिन होता है तो अमेरिका में रात होती है। दिन तो काम करने के लिए बना है, इसलिए उसका दफ्तर तो दफ्तर है ही, घर भी दफ्तर है। दफ्तर से जब घर आता है तो उसके कान में इयर प्लग ठुंसा होता है। बहुराष्ट्रीय कंपनी के पास सभी राष्ट्रों का धन होता है। यहां समय ही धन है। बाई वन गेट वन फ्री की शैली में कंपनियां आपको दो आदमी की तन्खाह देती हैं और आपसे चार आदमी का समय खरीद लेती हैं। चैबीस घंटों में आपका अपना समय कुछ नहीं होता है।**



स मेरी चप्पल टूट गई थी। 'पुरानी' थी इसलिए टूट गई। नई चप्पल नहीं टूटती है। आजकल नया ब्रांड या मॉडल आने से नई चीज पुरानी हो जाती है, बदल ली जाती है। यूज ऐंड थ्रो देवी के आशीर्वाद से टूटती नहीं है। पुरानी 'वस्तु' घर की बाई, वाचमैन, कूड़ेदान आदि की शोभा बढ़ाती है। सुना है, आज के बाजार में व्यक्ति भी वस्तु हो गया है। 'पुराना' हो गया व्यक्ति भी यूज ऐंड थ्रो देवी की कृपा से इस्तेमाल हो रहा है।

मैं और मेरी पत्नी अपने बेटे के घर में थे। बेटे ने आलीशान फ्लैट लिया था। कम कीमत में आलीशान फ्लैट लेना हो तो कुछ समय वीराने में रहने की आदत डालनी पड़ती है। आलीशान फ्लैट वह होता है, जिसका कोई 'पड़ोस' नहीं होता।

मेरा बेटा बहुराष्ट्रीय कंपनी में काम करता है। उसकी कंपनी का मुख्यालय अमेरिका में है। जब भारत में दिन होता है तो अमेरिका में रात होती है। दिन तो काम करने के लिए बना है, इसलिए उसका दफ्तर तो दफ्तर है ही, घर भी दफ्तर है। दफ्तर से जब घर आता है तो उसके कान में इयर प्लग ठुंसा होता है। बहुराष्ट्रीय कंपनी के पास सभी राष्ट्रों का धन होता है। यहां समय ही धन है। बाई वन गेट वन फ्री की शैली में कंपनियां आपको दो आदमी की तन्खाह देती हैं और आपसे चार आदमी का समय खरीद लेती हैं। चैबीस घंटों में आपका अपना समय कुछ नहीं होता है।

मेरी चप्पल टूट गई थी। मैंने बेटे से कहा- बेटा मेरी चप्पल टूट गई है। वह सुबह वाली हड़बड़ी में था। सुबह हो या शाम, वह हड़बड़ी में ही होता है। उसने मेरी ओर हड़बड़ निगाह से देखा और तपाक से डाइनिंग टेबल पर रखा अपना लैपटॉप खोल लिया। उसके एक कान में इयर प्लग था। मुझे लगा उसने मेरी बात सुनी नहीं। मैंने 'अपने' बेटे से फिर कहा- बेटा, मेरी चप्पल टूट गई है।

'मैंने सुन लिया पापा, चिलज आपका ही काम कर रहा हूं।' उसने दूसरे कान से, जिसमें इयर प्लग नहीं लगा था, सुना लिया था।

'पर तुम तो कंप्यूटर के समाने बैठे हो, अपना काम कर रहे हो।'

अपना नहीं, आपका काम। आप तो जानते हैं यह कॉलोनी नई है और हम भी यहां नए हैं। मुझे यहां की शॉप्स की ज्यादा जानकारी नहीं है। गूगल सर्च में देख रहा हूं आसपास कोई जूतों का शोरूम हो तो वहां से नई चप्पल ले आना।'

नई की जरूरत नहीं है। बस थोड़ी-सी टूटी है, कोई भी मोची पांच मिनट में गांठ देगा।

मोची तो पांच मिनट में गांठ देगा, पर मोची को ढूंढने में पांच घंटे भी लग सकते हैं। इससे अच्छा है नई ले लो।

तुम कोई मोची ढूंढ दोज मैं उसके पास चला जाऊंगा।

गूगल सर्च पर मोची नहीं मिलेगाज मिला तो इस एरिया का नहीं होगा और महंगा होगा। लगता है मेरी कॉल आ रही हैज अभी मेरे पास टाइम नहीं है। ऐसा करता हूं शाम को सर्च करता हूं और हो सकता है ऑनलाइन अच्छी डील मिल जाए।' यह कह कर वह कंप्यूटर से उठ गया और दूसरे कान में इयर प्लग ठूंस लिया।

जैसे महापुरुष सत्य की तलाश में निकलते हैं, चुनावकाल में नेता वोटर की तलाश में निकलता है, पुलिसवाला शिकार की तलाश में निकलता है, मैं मोची की तलाश में निकला। चारों ओर खुला मैदान मुझे चुनौती दे रहा था कि मोची ढूंढ कर तो दिखा। नैतिक मूल्यों-सा दुरूह मोची मुझे, भ्रष्टाचार मंत्रालय में ईमानदारी-सा, बचे पेड़ की छांह में बैठा दिख गया। उससे कुछ दूरी पर पान, बीड़ी, सिगरेट और गुटखे वाले का खोखा था। जैसे सब्जी आदि की दुकान नई कॉलोनी की प्राथमिकता है वैसे ही पान, बीड़ी, सिगरेट और गुटखे वाले का खोखा भी। इसे खोलने के लिए बस पुलिस की कृपा चाहिए होती है।

मोची उदास बैठा था। वह आभासित मक्खियां मार रहा था। आजकल हमारे जीवन में आभासित दुनिया बहुत महत्त्वपूर्ण हो गई है। जीवन में मित्रों और संबंधियों के पास मिलने का समय नहीं है और हर बार न मिलने के बहाने ढूंढने पड़ते हैं। पर फेसबुक या वाट्स ऐप पर एक ढूंढो तो हजार मित्र मिलते हैं। अनेक बार तो मित्रों को अनफ्रेंड करना पड़ता है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों के पति-पत्नी, एक-दूसरे से जितना आभासी दुनिया में मिलते हैं, उतने भासित दुनिया में नहीं।

मोची है कि उसके पास काम नहीं है, काम नहीं है तो धन नहीं है। समय ही समय है।



# बड़े पर्दे पर एक साथ नजर आएंगे पृथ्वीराज सुकुमारन और करीना कपूर

बॉलीवुड में एक नई जोड़ी दर्शकों के सामने आने को तैयार है। करीना कपूर खान और पृथ्वीराज सुकुमारन जल्द ही मेघना गुलजार की फिल्म 'दायरा' में नजर आएंगे। 'राजी' और 'तालवर' जैसी यादगार फिल्में देने वाली मेघना अब जंगली पिक्चर्स के साथ तीसरी बार फिल्म बनाने जा रही हैं। 'दायरा' एक क्राइम ड्रामा है। फिल्म के एलान के बाद फैंस के बीच उत्साह की लहर दौड़ गई है।
करीना कपूर ने किया नई फिल्म का एलान करीना ने इस फिल्म की घोषणा सोशल मीडिया पर बड़े उत्साह के साथ की। उन्होंने लिखा, मैं हमेशा निर्देशक के निर्देश पर काम करने वाली अभिनेत्री रही हूं। इस बार मेघना गुलजार जैसे शानदार निर्देशक के साथ काम करना मेरे लिए खास है। पृथ्वीराज के अभिनय की मैं कायल हूं। उनके साथ यह सफर और रोमांचक होगा। 'दायरा' मेरी ड्रीम टीम का प्रोजेक्ट है। 'दायरा' की कहानी मेघना गुलजार, यश केसवानी और सीमा अग्रवाल ने मिलकर लिखी है। फिल्म अभी शुरुआती दौर में है, लेकिन इसकी स्टारकास्ट और मेघना का नाम पहले ही इसे चर्चा में ला चुका है। करीना का बेबाक अंदाज और पृथ्वीराज की गंभीर अदाकारी इस फिल्म को खास बनाने का दम रखती है। मेघना की फिल्में हमेशा दिल को छूती हैं और फैंस को 'दायरा' से भी ऐसी ही उम्मीद है।

### सिंघम अगेन में दिखी थीं करीना

करीना कपूर को पर्दे पर आखिरी बार सिंघम रिटर्न्स में देखा गया था। फिल्म में उनके साथ अजय देवगन समेत कई बड़े सितारे नजर आए थे। हालांकि, रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी थी।





# 'द फैमिली मैन' के नए सीजन को लेकर प्रियामणि ने दिया अपडेट

चाहें एक इंटेलिजेंस ऑफिसर की पत्नी का किरदार हो, चाहें पीएमओ की ज्वॉइंट सेक्रेटरी का। अभिनेत्री प्रियामणि हर किरदार में पूरी तरह से उतर जाती हैं और उसे अच्छे से निभाती हैं। प्रियामणि को 'आर्टिकल 370' में पीएमओ की ज्वॉइंट सेक्रेटरी के रूप में राजेश्वरी स्वामिनाथन के किरदार के लिए काफी प्रशंसा भी मिली। साथ ही आईफा 2025 में भी प्रियामणि को 'आर्टिकल 370' में अपने दमदार किरदार के लिए सहायक अभिनेत्री की कैटेगरी में नॉमिनेशन भी मिला। इस मौके पर प्रियामणि ने अमर उजाला से खास बातचीत में 'आर्टिकल 370' के अपने किरदार और 'द फैमिली मैन सीजन 3' के बारे में बात की।
बातचीत में प्रियामणि ने आईफा में नॉमिनेशन मिलने और 'आर्टिकल 370' के अपने राजेश्वरी स्वामिनाथन के किरदार को मिली प्रशंसा के बारे में बात की। उन्होंने कहा, 'इस फिल्म के लिए आईफा में नॉमिनेशन मिलना काफी उत्साहित करने वाला है। इंडस्ट्री से लेकर आम जनता तक हर किसी ने किरदार को पसंद किया और उसकी तारीफ की। इंडस्ट्री में भी लोगों से प्रशंसा मिली। जिस तरह से मैंने किरदार को निभाया, उसे लोगों ने काफी पसंद किया। इंडस्ट्री से इतर कुछ लोगों ने यहां तक कहा कि मैं वाकई में पीएमओ में काम करने वाली लग रही थी। मैंने इस तरह से किरदार को निभाया।'

### इस बार और भी बेहतर होगा द फैमिली मैन का अगला सीजन

इस दौरान प्रियामणि ने 'द फैमिली मैन' के अगले सीजन के बारे में भी बात की, साथ ही ये भी बताया कि सीजन 3 कब तक आएगा। अभिनेत्री ने कहा, 'द फैमिली मैन का अगला सीजन बहुत ही जल्द आएगा। बस थोड़ा सा इंतजार और करिए।' हालांकि, उन्होंने इसको लेकर ज्यादा कुछ भी बोलने या जानकारी देने से साफ इंकार कर दिया। उन्होंने बस ये ही कहा कि सीरीज का यह सीजन पिछले दो सीजन से भी ज्यादा बेहतरीन और कमाल होने वाला है।

### सुचित्रा तिवारी के किरदार में नजर आई हैं प्रियामणि

मनोज बाजपेयी की सुपरहिट वेब सीरीज 'द फैमिली मैन' में प्रियामणि ने उनके किरदार श्रीकांत तिवारी की पत्नी सुचित्रा तिवारी का किरदार निभाया था। सीरीज के पिछले दोनों सीजन में प्रियामणि के काम को काफी पसंद किया गया है। अब फैंस 'द फैमिली मैन' के तीसरे सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



# गोविंदा ही नहीं बिग बी के साथ भी काम कर चुकीं हैं एक्ट्रेस, इन हिंदी फिल्मों में किया काम

राम्या कृष्णन साउथ का जाना माना नाम है, लेकिन ये जानकार आपको हैरान होगी कि अभिनेत्री ने कई शानदार हिंदी फिल्मों में भी काम किया है। बाहुबली के दोनों भाग में शिवगामी देवी के रोल से उन्होंने चारों तरफ खूब वाहवाही प्राप्त की थी। अब राम्या सनी देओल अभिनीत फिल्म जाट में नजर आ रही हैं। जानिए अभिनेत्री की हिंदी फिल्मों के बारे में।

### क्रिमिनल

नागार्जुन अक्किनेनी, मनीषा कोइराला और राम्या कृष्णन अभिनीत फिल्म क्रीमिनल का निर्देशन महेश भट्ट के द्वारा किया गया था। इस फिल्म ने शानदार प्रदर्शन किया था। तुम मिले दिख खिले जैसे गानों ने फिल्म को हिट करा दिया था।

### बनारसी बाबू

डेविड धवन के निर्देशन में बनी फिल्म बनारसी बाबू में राम्या कृष्णन ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में अभिनेत्री के साथ अपोजिट रोल में गोविंदा थे। साल 1997 में रिलीज हुई यह कॉमेडी फिल्म हिट रही थी।

### बड़े मियां छोटे मियां

साल 1998 में रिलीज हुई इस फिल्म का निर्देशन डेविड धवन द्वारा किया गया था। फिल्म में कई दिग्गज कलाकार मौजूद थे। इसमें अमिताभ बच्चन के अपोजिट राम्या कृष्णन ने शानदार भूमिका निभाई थी। इन दोनों के अलावा फिल्म में गोविंदा और रवीना टंडन ने भी मुख्य भूमिका में थे। फिल्म ने सिनेमाघरों मे औसत प्रदर्शन किया था।

### चाहत

महेश भट्ट के निर्देशन में बनी फिल्म चाहत साल 1996 में रिलीज हुई थी। शाहरुख खान अभिनीत फिल्म में पूजा भट्ट के अलावा राम्या कृष्णन ने भी मुख्य भूमिका निभाई थी। यह एक रोमांटिक- थ्रिलर फिल्म थी। फिल्म में इन कलाकारों के अलावा अनुपम खेर और नसीरुद्दीन शाह ने भी शानदार अभिनय किया था। हालांकि, आपको बताते चलें कि राम्या कृष्णन की ये फिल्म फ्लॉप रही थी।

# सामंथा ने इसलिए ठुकरा दी करोड़ों की डील हिंदी सिनेमा में वापसी के लिए जबर्दस्त तैयारी

**साउथ सिनेमा की सुपरस्टार रहीं सामंथा रुथ प्रभु की साल 2012 में आई पहली हिंदी फिल्म 'एक दीवाना था' के 13 साल बाद उनके एक बड़े बजट की हिंदी फिल्म में लीड हीरोइन के तौर पर बड़े परदे पर उतरने के आसार बनते दिख रहे हैं। इस फिल्म को करने से पहले सामंथा ने अपनी पर्सनल ब्रांडिंग के लिए खास रिसर्च कराई है और माना जा रहा है कि उनकी पर्सनल ब्रांडिंग हिंदी सिनेमा में एक 'केयरिंग' सुपरस्टार के तौर पर आने वाले दिनो में और मजबूत होने वाली है।**

पहले 'फैमिली मैन 2' और फिर 'सिटाडेल- हनी बनी' में हिंदी पट्टी के दर्शकों के बीच खूब पसंद गई सामंथा की इस साल कोई फिल्म रिलीज नहीं होने वाली है। लेकिन, अगले साल के लिए सामंथा ने एक तो अपनी ही प्रोडक्शन कंपनी की शूटिंग शुरू कर दी है, दूसरी फिल्म उनकी हिंदी सिनेमा के एक ऐसे प्रोडक्शन हाउस की फिल्म बताई जा रही है, जो अरसे से साउथ सिनेमा के सितारों को हिंदी सिनेमा में लॉन्च करने की कोशिश में रहा है। जानकारी के मुताबिक सामंथा को हिंदी सिनेमा में बतौर लीड हीरोइन लांच करने जा रही इस कंपनी ने साउथ के एक बड़े सितारे को लेकर एक द्विभाषी फिल्म कुछ साल पहले बनाई भी, हालांकि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर उतनी सफल नहीं रही। सामंथा के करीबी बताते हैं कि हिंदी पट्टी में बड़े परदे पर उतरने की तैयारी वह बीते तीन-चार साल से करती आ रही हैं और इसी के चलते उन्होंने ऐसे किसी भी ब्रांड का विज्ञापन करने से मना किया जिसके चलते लोगों की सेहत पर खराब असर पड़े। सॉफ्ट ड्रिंक्स से लेकर सौंदर्य क्रीम तक के दर्जनों प्रस्ताव इस दौरान सामंथा को मिलते रहे हैं, लेकिन वह कहती हैं, मैंने अपनी युवावस्था में जो गलतियां कीं, मैं नहीं चाहती कि आज की युवतियां उन्हें दोहराएं। अब जब भी कोई सौंदर्य उत्पाद या सेहत से जुड़ा उत्पाद मेरे पास एंडोर्समेंट के लिए आता है तो सबसे पहले मैं अपने तीन डॉक्टरों के एक पैनल से सलाह लेती हूं। उसके बाद भी किसी ब्रांड के साथ अपना नाम जोड़ने का फैसला लेती हूं। अगर मैं गिनने बैठूं तो सिर्फ बीते एक साल में मैंने 15 बड़े ब्रांड को मना किया। जाहिर है इससे मुझे करोड़ों रुपये का नुकसान भी हुआ, लेकिन मेरा मानना है एक लोकप्रिय सितारे को पैसे से ज्यादा अपने प्रशंसकों की सेहत को अहमियत देनी चाहिए। ज्यादा दिन नहीं हुए सब अभिनेता आर माधवन ने भी इसी तरह करोड़ों रुपये की एक डील एक पान मसाला कंपनी का प्रस्ताव ठुकराकर रद्द कर दी थी। माधवन का बेटा वेदांत अंतर्राष्ट्रीय तैराकी चैंपियन है और अपने बेटे के खेल प्रेम को देखते हुए ही माधवन ने ऐसे किसी भी ब्रांड का प्रमोशन न करने का फैसला किया है जो लोगों की सेहत पर विपरीत असर डाल सकता हो। सामंथा की कोशिश भी अपना पर्सनल ब्रांड माधवन की तरह का ही विकसित करने की है।





# रणबीर कपूर की रामायण में ये अहम किरदार निभाने वाले थे जयदीप

रणबीर कपूर की मच अवेटेड फिल्म 'रामायण' अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। फिल्म की कास्ट से लेकर शूटिंग तक को लेकर लगातार समय-समय पर जानकारियां सामने आ रही हैं। अब फिल्म से जुड़ी एक और जानकारी सामने आ रही है। जिसमें ऐसा बताया जा रहा है कि 'रामायण' में विभीषण के किरदार के लिए अभिनेता जयदीप अहलावत से भी बात की गई थी और अभिनेता इस किरदार के लिए काफी उत्सुक भी थे, लेकिन फिर बात नहीं बन पाई

### जयदीप अहलावत थे उत्सुक, लेकिन...

रिपोर्ट्स की मानें तो विभीषण के किरदार के लिए जयदीप अहलावत मेकर्स की पहली पसंद थे। मेकर्स ने जयदीप अहलावत से इस किरदार के लिए बातचीत भी की। अभिनेता खुद भी इस माइथोलॉजी फिल्म को करने के लिए काफी उत्सुक थे। हालांकि, डेट्स ने जयदीप अहलावत की इच्छाओं पर पानी फेर दिया। अपने शेड्यूल और डेट्स की कमी के चलते जयदीप अहलावत को इस किरदार को मना करना पड़ा। प्रोडक्शन से जुड़े सूत्रों ने बताया कि निर्माता उन्हें मुख्य भूमिका के लिए लाने के लिए उत्सुक थे, लेकिन तारीखें बस मेल नहीं खा रही थीं।

### विजय सेतुपति का नाम भी था चर्चाओं में

हालांकि, विभीषण के रोल के लिए सिर्फ जयदीप अहलावत ही रेस में नहीं थे। पिछले साल ऐसी चर्चाएं भी काफी थीं कि तमिल सुपरस्टार विजय सेतुपति से भी विभीषण के किरदार के लिए बात की गई थी। हालांकि, बाद में वहां भी बात नहीं बन सकी और विजय सेतुपति भी इस किरदार को निभाने से चूक गए।

### रणबीर राम और साई पल्लवी बनेंगी माता सीता

'रामायण' में भगवान राम के किरदार के लिए रणबीर कपूर, सीता माता के किरदार के लिए साई पल्लवी और रावण के किरदार के लिए केजीएफ स्टार यश का नाम फाइनल हो चुका है। जबकि सनी देओल के फिल्म में हनुमान जी का किरदार निभाने की चर्चाएं हैं।

### दो पार्ट में रिलीज होगी फिल्म

नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित 'रामायण' की फिलहाल शूटिंग चल रही है। फिल्म से अभी तक ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। फिल्म दो पार्ट्स में रिलीज होनी है। इसका पहला भाग साल 2026 में जबकि दूसरा भाग 2027 में रिलीज होने की संभावना है।

# एनिमल और मार्को से हिट 3की तुलना किए जाने पर नानी ने तोड़ी चुप्पी

हिट- द थर्ड केस के निर्माताओं ने 14 अप्रैल को ट्रेलर जारी किया, जिसमें अर्जुन सरकार के रूप में नानी को पेश किया गया। फिल्म के डार्क, खूनी और एक्शन सीन्स ने लोगों का ध्यान खींचा, जिसे यूजर्स को अन्य फिल्मों के सीन्स याद आ गए। यूजर्स ने हिट 3के सीन्स की तुलना रणबीर कपूर की एनिमल, उन्नी मुकुंदन की मार्कोऔर किलसे की। हालांकि नानी ने इन खबरों पर चुप्पी तोड़ी और कहा कि हिट 3पूरी तरह से अलग जगह से संबंधित है। हैदराबाद में हिट 3के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में अन्य फिल्मों से हिट 3की तुलना पर नानी ने जवाब दिया। उन्होंने कहा- मुझे नहीं लगता कि हिट 3को एनिमल, किलया मार्कोके समान कैटेगरी में रखा जाना चाहिए। यह एक अलग कहानी है, एक बार जब आप पूरी फिल्म देख लेंगे तो सब कुछ इतना स्वाभाविक लगेगा कि हिंसा बाहर नहीं आएगी।



शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान

## 2200 किलो बेसन को जब्त किया, 6 खाद्य पदार्थों के लिए नमूने



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर (निस)**दीपावली के त्यौहार पर आमजन को शुद्ध व गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने हेतु शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा लगातार खाद्य पदार्थों के नमूने लिए जा रहे हैं। अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा आयुक्त टी शुभमंगला और जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्म सिंह मीणा द्वारा गठित टीम ने गुरुवार को कार्यवाही करते हुए एक मावा विक्रेता से मावा का नमूना लिया। इसके पश्चात श्री कैला देवी फूड प्रोडक्टस इंडस्ट्रियल एरिया में एक बेसन का नमूना लेकर 700 किलोग्राम बेसन को सीज किया। इसी क्रम में मैसर्स बाबूलाल रामदयाल रीको इंडस्ट्रियल एरिया से एक बेसन का नमूना लेकर 1500 किलोग्राम बेसन को जब्त कर सुरक्षित अभिरक्षा में अग्रिम कार्यवाही हेतु रखवाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार ने बताया कि नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्रवाई कठोर कार्रवाई की जाएगी। दोनो फर्मो को धारा 32 के अन्तर्गत नोटिस जारी किया जा रहा है। जिले भर में विभाग द्वारा मुस्तैदी के साथ मिलावट खोरों के विरुद्ध अभियान दीपावली तक लगातार संचालित किया जाएगा।

## बाल मित्र ग्रामों में आतिशबाजी के खिलाफ जन-जागरूकता अभियान आयोजित




जयपुर टाइम्स

**किशोरी(निस)** सत्यार्थी मूवमेंट फॉर ग्लोबल कम्पैशन के सहयोग से संचालित बाल मित्र ग्राम–मैजोड, भीकमपुरा, बामनवास चौगान, जैतपुर ब्राह्मणान और नैडोली–में गुरुवार को आतिशबाजी के विरोध में जन-जागरूकता बैठकें एवं रैलियाँ आयोजित की गईं। यह कार्यक्रम बाल आश्रम संस्थापिका माता सुमेधा कैलाश के निर्देशन में हुआ। सीलीबावड़ी, किशोरी में बच्चों ने गांव के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए "आतिशबाजी छोड़ो, पर्यावरण बचाओ" संदेश के साथ रैली निकाली। बच्चों ने ग्रामीणों को बताया कि पटाखों से न केवल वायु और ध्वनि प्रदूषण बढ़ता है, बल्कि पटाखा उद्योग में बाल मजदूरी भी एक गंभीर समस्या है। बारूद के संपर्क से अनेक मासूम बच्चे हादसों का शिकार होकर अपना बचपन और स्वास्थ्य दोनों खो बैठते हैं। सभा में उपस्थित लोगों ने बाल श्रम से निर्मित उत्पादों के बहिष्कार, पर्यावरण संरक्षण, और करुणामय समाज निर्माण की शपथ ली। इस अवसर पर "हर घर में एक दीप सुरक्षित बचपन के नाम" अभियान के तहत करुणामय दीप प्रज्ज्वलित किए गए। कार्यक्रम में बाल पंचायत सदस्य, बीएमजी समिति सदस्य, महिला मंडल सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि एवं बाल आश्रम कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस अभियान का उद्देश्य समाज में बाल संरक्षण और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना है।

## दिपोत्सव पर्व को लेकर प्रशासन ने किया फ्लेग मार्च





जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)** कस्बे में दिपोत्सव पर्व को लेकर प्रशासन कि ओर से आज कस्बे में फ्लेग मार्च निकाला गया। कार्यपालक मजिस्ट्रेट एवं तहसीलदार हरदिप सिंह, नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी कुन्दन दैथा थानाधिकारी कमलेश कुमार ने मय जाब्ता कस्बे के बाजार में फ्लेग मार्च निकाला। साथ ही व्यापारी से दुकानो के बहार समान लगने से आवागमन बाधित न करने हेतू समझाईश की। साथ ही टफिक व्यवस्था को सुचारू को लेकर दिशा निर्देश दिए। साथ नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी को अतिक्रमण को लेकर सुझाव दिया। थानाधिकारी ने आमजन से बिना लाइसेंस के विस्फोटक पदार्थ न बेचने की अपील की। साथ ही चेतावनी दी ऐसा करते पाया गया तो उनके खिलाफ विधि सम्मत कार्यवाही की जावेगी।

# जिले के समस्त राज-कार्मिक एवं आहरण वितरण अधिकारी एसआईपीएफ पोर्टल पर उपलब्ध डाटा की जांच किया जाना करें सुनिश्चित

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर (निस)**वर्तमान में विभाग द्वारा राज्य बीमा योजना के अन्तर्गत ऑनलाईन पोर्टल पर राज कार्मिकों के डाटा में संशोधन का कार्य किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत बीमेदारों के एसआईपीएफ पोर्टल पर उपलब्ध डाटा की जॉच करने पर यह पाया गया है कि बीमेदारों द्वारा पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन के दौरान प्रस्ताव पत्र प्रथम घोषणा पत्र एवं अधिक घोषणा पत्र, बीमा पॉलिसी संख्या तथा ऑनलाईन नॉमिनी अपडेशन किये जाने के दौरान कई त्रुटियॉ की गई है। जिसे बीमेदारों एवं संबंधित आहरण एवं वितरण अधिकारीयों के द्वारा संशोधित किया जाना है। सहायक निदेशक राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग ने समस्त राज-कार्मिकों एवं आहरण एवं वितरण अधिकारियों को सूचित किया है कि वह एसआईपीएफ पोर्टल पर उपलब्ध डाटा की जांच किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा जारी राज्य बीमा पॉलिसी को एसआईपीएफ पोर्टल 3.0 पर राज्य बीमा ई-बैग यूटिलिटी में अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें। जिन बीमेदारों का पोर्टल पर पॉलिसी नम्बर 042022 प्रदर्शित हो रहा है, वे कार्मिक अपने डीडीओं के एसआईपीएफ पोर्टल पर बेसिक इनफो अपडेट ऑपशन के माध्यम से अपडेट करवाया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि समस्त बीमेदार अपने निर्धारित बीमा स्लैब से अधिक प्रीमियम राशि की कटौतियों की स्थिति में अधिक घोषणा पत्र ऑनलाईन आवेदन किया जाना अनिवार्य हैं। जिन बीमेदारों द्वारा अधिक घोषणा पत्र हेतु आवेदन किया है वे अपने अधिक घोषणा की गहनता से जांच कर ले एवं जिन बीमेदारों द्वारा स्लैब से अधिक प्रीमियम राशि की कटौती की गयी है, परंतु अधिक घोषण पत्र हेतु ऑनलाईन आवेदन नहीं किया है, वे बीमेदार प्राथमिकता से अपना एसआईपीएफ पोर्टल के माध्यम से अधिक घोषणा पत्र हेतु आवेदन किया जाना सुनिश्चित करें। समस्त बीमेदार एसआईपीएफ पोर्टल के माध्यम से अपने नॉमिनी शेयर प्रतिशत एवं बैंक विवरण अनिवार्य रूप से अपडेट किया जाना सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की समस्या की स्थिति में सहायक निदेशक राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग कार्यालय में संपर्क करें।

## धौलपुर में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, तीन अलग-अलग मामलों में सात आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)** धौलपुर पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज शर्मा और वृत्ताधिकारी मनियां राजेश शर्मा के सुपरविजन में अवैध जुआ, हत्या के प्रयास और फर्जी दस्तावेज़ों से नौकरी करने के मामलों में पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी मनियां उदय चंद मीना के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर 15 अक्टूबर को सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए चार व्यक्तियों को पकड़ा। गिरफ्तार आरोपियों में दाऊजी (34), वीरेन्द्र (26), प्रदीप सिंह (25) – सभी निवासी थाना मनियां, धौलपुर – और शिवचरण (47) निवासी आगरा शामिल हैं। इनके कब्जे से जुआ उपकरणों के साथ ?5180 की नकद राशि बरामद की गई। आरोपियों के खिलाफ आरपीजीओ व बीएनएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई है। इसके अलावा, 9 अगस्त 2025 को सादिकपुर निवासी आकाश पर अवैध हथियार से फायरिंग करने के प्रकरण में फरार चल रहे आरोपी भूरी सिंह (47) पुत्र जसराम लोधा, निवासी बगचौली लोधा को एएसआई श्रीकेश की टीम ने 14 अक्टूबर को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 315 बोर का कट्टा जब्त किया गया। साथ ही, फर्जी दस्तावेज़ों से अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त कर नौकरी कर रहे फरार आरोपी सुंदरलाल (57) पुत्र रामजीलाल, निवासी मैन बाजार मनियां को एएसआई थानसिंह की टीम ने गिरफ़्तार किया। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है।

## मेहनत और हौसले की मिसाल बनी करिश्मा काला, RAS परीक्षा में रचा इतिहास

### फुलेरा की बेटी की सफलता से क्षेत्र में खुशी की लहर

जयपुर टाइम्स



**फुलेरा(निस)** राजस्थान प्रशासनिक सेवा परीक्षा के हाल ही में घोषित परिणामों में फुलेरा की होनहार बेटी करिश्मा काला, पुत्री ओंकार काला एवं कृष्णा काला, निवासी दादू नगर, फुलेरा ने सफलता का परचम लहराया है। करिश्मा की इस उल्लेखनीय उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे फुलेरा कस्बे को गर्व से भर दिया है। परिणाम घोषित होते ही परिजनों, मित्रों और शिक्षकों ने मिठाई बांटकर खुशी का इज़हार किया। बचपन से ही मेधावी करिश्मा ने दृढ़ इच्छाशक्ति, मेहनत और अनुशासन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने साबित किया कि "अगर हौसले बुलंद हों, तो मंज़िलें खुद रास्ता दिखाती हैं। करिश्मा पांच बहनों में चौथे स्थान पर हैं, और उल्लेखनीय बात यह है कि परिवार में सभी बेटियाँ ही हैं फिर भी माता-पिता ने हमेशा बेटियों को आगे बढ़ाने में पूरा सहयोग और प्रोत्साहन दिया। आज वही बेटियाँ परिवार का अभिमान बन चुकी हैं।डॉ. रेणुका काला एसोसिएट प्रोफेसर हैं, प्रतिभा काला ने पीएचडी की है, दिशा काला बैंक अधिकारी हैं, जबकि सबसे छोटी बहन सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी में जुटी हुई हैं। माता-पिता ओंकार काला और कृष्णा काला ने कहा कि हमने बेटों और बेटियों में कभी फर्क नहीं किया। हमें गर्व है कि हमारी बेटियों ने मेहनत और लगन से यह सिद्ध किया कि बेटियाँ किसी से कम नहीं होतीं। करिश्मा काला ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद और सतत प्रयास को देते हुए कहा यह सफलता मेरे माता-पिता के विश्वास और प्रेरणा की देन है। जब परिवार साथ खड़ा हो, तो हर मंज़िल आसान लगती है। करिश्मा की सफलता ने न केवल दादू नगर बल्कि पूरे फुलेरा क्षेत्र की बेटियों को नई प्रेरणा दी है। उनकी उपलब्धि यह संदेश देती है कि सपनों को हकीकत में बदलने के लिए विश्वास, मेहनत और धैर्य ही सबसे बड़ा मंत्र है। इस मौके पर समाज के गणमान्य लोगों सहित समाजसेवी गोपाल डेनवाल एवं पत्रकार राजकुमार देवाल ने करिश्मा को मिठाई खिलाकर हार्दिक बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## भोजपुरा के सौरव गुर्जर को RAS में 168वीं रैंक: बड़े भाई बने प्रेरणा, वर्तमान में खाद्य विभाग में हैं पर्वतन निरीक्षक

जयपुर टाईम्स




**सांगानेर(निस)** डिग्गी रोड़ स्थित भोजपुरा निवासी सौरव गुर्जर ने आरएएस परीक्षा 2023 में 168वीं रैंक हासिल की है। इस सफलता से उन्होंने अपने परिवार, गांव और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

### 2018 में भी हुए थे चयनित

सौरव वर्तमान में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग में फागी-माधोराजपुरा उपखंड में पर्वतन निरीक्षक के पद पर कार्यरत हैं। उनका लक्ष्य प्रशासनिक स्तर पर जनता के बीच रहकर बदलाव लाना रहा है। इससे पहले वे आरएएस-2018 (एलाइड) परीक्षा में भी चयनित हो चुके थे।

### बचपन से ही पढ़ाई रही रुचि

सौरव की यह सफलता उनके संघर्ष, अनुशासन और दृढ़ निश्चय का परिणाम है। बचपन से ही पढ़ाई में अव्वल रहे सौरव ने बताया कि उन्होंने कभी मंजिल नहीं देखी, बल्कि रास्ते पर चलते रहने का निश्चय किया था। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय भगवान, दादाजी और परिवार के आशीर्वाद को दिया। साक्षात्कार के दौरान जब उनसे एसडीएम के रूप में कार्य करने की योजना पूछी गई, तो सौरव ने कहा कि एसडीएम बनने का अर्थ केवल पद नहीं, बल्कि जनता के साथ संवाद और जिम्मेदारी भी है। उन्होंने राशन कार्ड जैसे आवश्यक कार्यों को समय पर जनता तक पहुंचाने पर जोर दिया, क्योंकि ये प्रशासन और जनता के बीच विश्वास का आधार हैं। उनकी इस सोच ने साक्षात्कार पैनल को प्रभावित किया। सौरव के चयन की खबर मिलते ही भोजपुरा गांव में जश्न का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने मिठाई बांटकर खुशियां मनाईं और उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।

### सौरभ के भाई बने प्रेरणा

बता दें कि सौरव के बड़े भाई गौरव गुर्जर भी आरएएस-2021 परीक्षा में डीवाईएसपी पद पर चयनित हुए थे। वे वर्तमान में आरपीए में प्रशिक्षण ले रहे हैं। दोनों भाइयों की यह सफलता क्षेत्र के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है।

## पर्यावरण शुद्धि के लिए वैचारिक प्रदूषण पर नियंत्रण भी आवश्यक - साध्वी श्री




### अणुव्रत समिति ने लिया ईको फ्रेंडली फेस्टिवल का संकल्प

जयपुर टाईम्स

**रतनगढ़ (निस)**अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी के तत्वावधान में चल रहे पर्यावरण जागरूकता अभियान के अंतर्गत अणुव्रत समिति, रतनगढ़ द्वारा ईको फ्रेंडली फेस्टिवल का संकल्प लिया गया। आदिनाथ जैन भवन में शासन श्री साध्वीश्री संयम श्री जी के सान्निध्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए साध्वी श्री सहजप्रभा जी ने कहा कि बाहरी प्रदूषण पर प्रभावी रोक के लिए सबसे पहले अंतर्मन को शुद्ध करना होगा , वैचारिक प्रदूषण पर नियंत्रण से ही पर्यावरण शुद्धि के उपयुक्त वातावरण का सृजन होगा । साध्वी संयमश्री जी ने पर्यावरण जागरूकता के इस अभियान को मिलजुलकर सफल बनाने का आह्वान किया । साध्वी संप्रतिप्रभा ने कहा कि त्योहारों के देश में व्यावसायिकता इतनी हावी होती जा रही है कि पर्व मनाने के पीछे जो आध्यात्मिक और जनोपयोगी उद्देश्य है , उसे हम भूलते जा रहे हैं । अणुव्रत समिति के अध्यक्ष कुलदीप व्यास ने स्वरचित काव्य पंक्तियों से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि पर्यावरण के अनुकूल व्यवहार को हमें अपनी दिनचर्या बनाना होगा । नमोकर मंत्र से शुरू हुए कार्यक्रम को समिति के मंत्री नरेंद्र स्वामी एवं जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा के अध्यक्ष मोतीलाल तातेड़ ने भी संबोधित किया । समिति के सह मंत्री नरेंद्र सांकृत्य ने बताया कि पर्यावरण जागरूकता अभियान का प्रचार - प्रसार छात्र - छात्राओं द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक प्रदर्शित करके भी किया जाएगा ।

## नगर विकास एवं आवासन मंत्री के आतिथ्य में नगर विकास न्यास द्वारा 3081 प्लॉटों की ऑनलाइन लॉटरी सम्पन्न

जयपुर टाईम्स

**जयपुर(कास)** नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा द्वारा गुरुवार को नगर निगम टाउनहॉल सभागार में आवासीय योजना अंतर्गत 3081 प्लॉटों की ऑनलाइन लॉटरी पारदर्शी तरीके से निकाली गई। कार्यक्रम में नगर विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू एवं नगर विकास न्यास सचिव ललित गोयल विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मंत्री खर्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार "हर नागरिक को आवास" के लक्ष्य को साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि प्रत्येक पात्र परिवार को पारदर्शी और निष्पक्ष प्रक्रिया के माध्यम से आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन लॉटरी प्रणाली तकनीकी पारदर्शिता का उदाहरण है, जिसमें किसी प्रकार के मानवीय हस्तक्षेप की गुंजाइश नहीं रहती। इस प्रणाली से पात्र आवेदकों को समान अवसर प्राप्त हुआ है और पूरी प्रक्रिया जनता के सामने खुले रूप में आयोजित की गई है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगर विकास न्यास सचिव ललित गोयल ने बताया कि इस बार कुल 3081 प्लॉटों की ऑनलाइन लॉटरी निकाली गई है। उन्होंने बताया कि लॉटरी प्रक्रिया पूर्णतः कंप्यूटराइज्ड एवं स्वचालित प्रणाली से सम्पन्न की गई। लॉटरी परिणामों को न्यास की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है, साथ ही एसएमएस और ईमेल के माध्यम से भी चयनित आवेदकों को जानकारी दी जाएगी। जिला कलक्टर ने कहा कि भीलवाड़ा जिले में इस योजना को लेकर नागरिकों में भारी उत्साह देखा गया। लॉटरी प्रक्रिया को सभागार में उपस्थित जनसमूह के सामने प्रदर्शित किया गया तथा इसे यूट्यूब के माध्यम से लाइव प्रसारित किया गया। हजारों नागरिकों ने ऑनलाइन माध्यम से इस पारदर्शी प्रक्रिया को उत्साहपूर्वक देखा। मंत्री खर्रा ने तकनीकी टीम से संवाद कर संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी ली और नगर विकास न्यास द्वारा की गई पारदर्शी व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने कहा कि न्यास की यह पहल आमजन के विश्वास को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। टाउनहॉल में आयोजित लॉटरी कार्यक्रम के पश्चात नगर विकास एवं आवासन मंत्री खर्रा पांसल चौराहे पर पहुंचे जहाँ आयोजित समारोह में उन्होंने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की मूर्ति का अनावरण किया साथ ही युवा पीढ़ी को प्रताप के जीवन के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का संदेश दिया।

## जेईसीसी प्रदर्शनी में तकनीकी सत्रों की धूम जारी– नवीन आपराधिक कानून और एआई

**जयपुर(कास)** नवीन आपराधिक कानूनों के अमल में आने के बाद पुलिस की तैयारी भी बदल रही है। नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन और लोक जागरूकता के लिए आयोजित की जा रही पुलिस प्रदर्शनी के अंतर्गत पुलिस अधिकारियों और विभिन्न कानूनी हितधारकों के लिए ज्ञानवर्धक सत्रों की एक श्रृंखला चल रही है। इन विशेष सत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लेकर फॉरेंसिक साक्ष्य, कानून प्रवर्तन की आधुनिक चुनौतियों पर देश के शीर्ष विशेषज्ञों द्वारा गहन चर्चा की जा रही है। जिसका उद्देश्य पुलिस बल को नए कानूनी और तकनीकी युग के लिए पूरी तरह से तैयार करना है। इन तकनीकी सत्रों की मॉनिटरिंग खुद एडीजी और आरपीए निदेशक एस. सेंगाथिर कर रहे हैं। तकनीकी सत्रों की शुरुआत नवीन तकनीकों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) विषय पर आयोजित सत्र से हुई। इंडिपेंडेंट रिसर्चर क्षितिज वर्मा ने एआई की वर्तमान स्थिति और पुलिसिंग में इसके अनुप्रयोगों पर जानकारी दी। सत्र में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एटीएस एवं एसओजी वी. के. सिंह ने पुलिस कार्यप्रणाली में एआई के उपयोग तथा नवीन कानूनों के आलोक में आने वाली चुनौतियों का सामना करने पर अपने विचार रखे। इस महत्वपूर्ण इंटरेक्शन में निदेशक, राजस्थान पुलिस अकादमी एस. सेंगाथिर, आईजी एससीआरबी अजय पाल लाम्बा, निदेशक इंटेलिजेंस प्रशिक्षण अकादमी प्रदीप मोहन शर्मा और उपमहानिरीक्षक पुलिस एसओजी परिस देशमुख सहित लगभग 160 पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। अगली कड़ी में नवीन आपराधिक कानून तथा एफएसएल की भूमिका पर एक पैनल डिस्कशन आयोजित किया गया। इस सत्र में प्रशिक्षु आरपीएस अधिकारियों तथा नेशनल फोरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# मौके पर अधिकारियों की अनुपस्थिति पर गहरी नाराजगी व्यक्त की- जयवीर पोसवाल

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** शहरी सेवा शिविर" सेवा पखवाड़े के तहत धौलपुर स्थित गोविंद वाटिका में आयोजित जनसेवा शिविर का निरीक्षण भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जयवीर पोसवाल ने किया। निरीक्षण के दौरान पोसवाल ने कहा कि इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य आमजन को केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याण कारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है, ताकि लोगों को राहत और सुविधा दोनों मिल सकें। जयवीर पोसवाल ने मौके पर अधिकारियों की अनुपस्थिति पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा जनता को अधिकतम लाभ पहुँचाने की है, परंतु निचले स्तर के अधिकारी और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों से विमुख हैं। कैंप स्थल पर न आयुक्त, न उपखंड अधिकारी और न ही नगर परिषद के एक्सईएन जैसे जिम्मेदार अधिकारी उपस्थित थे, जिसके कारण आमजन को निराशा का सामना करना पड़ा। इस संबंध में पोसवाल ने जिला कलेक्टर को भी अवगत कराया। जिला कलेक्टर ने आश्वासन दिया कि यदि जांच में किसी प्रकार की लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। जयवीर पोसवाल ने कहा कि राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री का उद्देश्य राज्य के प्रत्येक नागरिक तक केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के पहुँचना है। सरकार की नीतियाँ जनता के कल्याण, पारदर्शिता और सुशासन की भावना पर आधारित हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि अधिकारी-कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी और संवेदनशीलता से करें। उन्होंने कहा कि यदि अधिकारी तंत्र सक्रियता और जवाबदेही के साथ कार्य करे तो आमजन को न केवल सरकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ मिलेगा, बल्कि शासन के प्रति जनता का विश्वास भी और अधिक मजबूत होगा। पोसवाल ने सभी विभागीय अधिकारियों से अपील की कि वे शिविरों को केवल औपचारिकता न समझें, बल्कि इन्हें "जनसेवा का सशक्त माध्यम" बनाकर आमजन की समस्याओं के समाधान में पूरी निष्ठा से जुटें।



## 2 बच्चों की मौत सर्पदंश से भाई बहन की मौत

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस.)** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित भैंसेना का पुरा गांव में सर्पदंश से भाई बहन की मौत हो गई। दोनों भाई बहन बुधवार रात को अपने माता-पिता के साथ बाजरे की कुटाई करने के बाद खेत से घर लौटे थे। जहां रात को सोते वक्त उन्हें सांप ने काट लिया। मृतक मनु (10) पुत्री चंद्रभान और अभिनंदन (5) पुत्र चंद्रभान के ताऊ रूप किशोर ने बताया कि मृतक बच्ची चारपाई पर सो रही थी जबकि बच्चा अपनी मां के साथ बेड पर सोया हुआ था। दोनों बच्चों को सांप द्वारा काट लिए जाने पर जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां दोनों को लगातार उल्टियां हो रही थी। दोंनो की हालत गंभीर होने पर उन्हें इलाज के लिए ग्वालियर अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। दोनों बच्चों की मौत के बाद उनके शव को गांव में लाया गया। जहां देसी नीम और हकीमों से ग्रामीण दोनों बच्चों के इलाज में जुटे हैं। घटना के बाद पूरे गांव में कोहराम मचा हुआ हैं।

## इको फ्रेंडली बैनर के पोस्टर का विमोचन



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के तेरापंथ भवन में गुरुवार को साध्वी श्री सरोज कुमारी ठाणा चार के सानिध्य में इको फ्रेंडली बैनर का विमोचन किया गया। जिसमें अणुव्रत के पूर्व अध्यक्ष पृथ्वीसिंह बिदावत ने इको फ्रेंडली कार्यक्रम का महत्व बताया। वर्तमान अध्यक्ष सुमन भंसाली ने साध्वीश्री के नेतृत्व में पोस्टर का विमोचन करवाया। उपाध्यक्ष डॉ पवन महर्षि ने पर्यावरण के शुद्धिकरण महत्व के बारे में अवगत करवाया। मंत्री उम्मेद सिंह सारसर ने मन व विचार की शुद्धि अच्छे वातावरण के कारण ही होती है का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में विमल जम्मड़, जसकरण बुच्चा, महिला मंडल पूर्व मंत्री वीणा बुच्चा, उपाध्यक्ष मंजू देवी सेठिया आदि अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं श्रावक समाज उपस्थिति रहे।

## राज्यव्यापी सिक्का वितरण एवं नोट विनिमय मेला हुआ आयोजित




जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** तापड़िया बगिची के निकट राजस्थान ग्रामीण बैंक की शाखा में राज्यव्यापी सिक्का वितरण एवं नोट विनिमय मेले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को छोटे मूल्य के सिक्कों की उपलब्धता सुनिश्चित करना एवं कटे-फटे/पुराने के नोटों का सुविधाजनक विनिमय कराना था।मेले में बैंक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा आमजन को आवश्यकतानुसार विभिन्न मूल्य वर्ग के साफ-सुथरे नोटों का आदान-प्रदान किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय व्यापारियों, दुकानदारों एवं ग्राहकों ने भाग लिया।शाखा प्रबंधक ने बताया कि यह आयोजन भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशानुसार प्रदेश भर में एक साथ किया गया, जिससे सिक्कों आदि के प्रचलन को बढ़ावा मिले।

## महालक्ष्मी पूजा में हुआ मातृ पूजन

### वृध्द माताओं को सालाना 10 हजार की पेंशन मिलेगी कल्याण धाम से



जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** श्री कल्याण धाम में धर्मगुरु सनातन रत्न महंत विष्णु प्रसाद शर्मा के सानिध्य मे चल रही 16 दिवसीय महालक्ष्मी पूजा में 10 वे दिन भक्तो की अति भारी भीड़ उमड़ रही है जिसमें गुरुवार को मातृ पूजन किया गया इस दौरान वृद्ध माताओं का पूजन किया गया जिसमें भक्तो की आखें नम हो गईं इसी के साथ महंत महाराज ने घोषणा की कि मंदिर में नियमित आने वाली 65 वर्ष से अधिक आयु की वृद्ध माताओं को मंदिर की ओर से वार्षिक 10 हजार रुपए की पेंशन दी जाएगी प्रतिदिन महालक्ष्मी की महाआरती प्रातः एवं सायं काल 08.15 बजे की जाती है जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु दूर दूर से पहुंचते हैं। व्यवस्थापक रविप्रसाद शर्मा ने बताया कि 17 अक्टूबर 2025 को एकादशी के उपलक्ष्य में कल्याण धणी की परिक्रमा की जाएगी एवं 18 अक्टुबर को धनतेरस पर महालक्ष्मी का विशेष पूजन होगा जिसमे महालक्ष्मी का भव्य अभिषेक छप्पनभोग इत्यादि कार्यक्रम होंगे।

## स्थायी वारंटी गिरफ्तार

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** कोतवाली पुलिस ने स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया है। सीआई बैगाराम मीणा ने बताया कि आरोपी बाबूलाल पुत्र तुलसीराम निवासी रैगर बस्ती, सुजानगढ़ को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी वर्ष 2015 से फरार चल रहा था।

## श्रीराम गौशाला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण व दीपावली स्नेह मिलन समारोह सम्पन्न

### गौ माता की सेवा सर्वोपरि, भाग्य बिना सभव नहीं- धीरज सांखला



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस.)।** श्रीराम गौशाला कोलीवाड़ा में गुरुवार को नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण एवं दीपावली स्नेह मिलन समारोह उत्साहपूर्वक आयोजित हुआ। इस अवसर पर कैबिनेट कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर नवनियुक्त कार्यकारिणी को शपथ दिलाई।कार्यक्रम का शुभारंभ धवलेश्वर महादेव मठ गादीपति पंछीदासजी महाराज के सानिध्य में गौमाता की पूजा-अर्चना से हुआ। तत्पश्चात मंत्री कुमावत व श्री राम गौशाला की नवनियुक्त अध्यक्ष धीरज सांखला व अन्य पदाधिकारियों ने गौमाता को लापसी खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंत्री कुमावत ने अपने संबोधन में कहा कि "भाग्य से ही गौ सेवा का अवसर मिलता है। धीरज सांखला लंबे समय से समाज सेवा में सक्रिय हैं और अब उन्हें गौसेवा का यह पवित्र कार्य सौंपा गया है। भगवान कामेश्वर महादेव की कृपा से वे इस दायित्व को निष्ठा से निभाएंगे। इसी तरह मठाधीश पंछीदासजी महाराज ने कहा कि "गौमाता में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास है। उनकी सेवा पूर्व जन्म के शुभ कर्मों का फल है। यह कार्य केवल भाग्यशाली लोगों को ही प्राप्त होता है। कार्यक्रम में नवनियुक्त अध्यक्ष धीरज सांखला ने कहा कि "गौभक्तों ने जिस विश्वास के साथ मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी है, मैं उस पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करूंगा। गौसेवा जीवन का सर्वोच्च धर्म है। इस अवसर पर डीवाईएसपी जितेंद्र सिंह राठौड़, डीवाईएसपी पुष्पेंद्र वर्मा शिवगंज, उपखंड अधिकारी शिवगंज, किसान नेता जैनेंद्र सिंह, पूर्व प्रधान राजेंद्र सिंह देवड़ा, मंडल अध्यक्ष रविकांत रावल, अनोप सिंह राठौड़, अमृत परिहार, गणेश विश्वकर्मा, नारायणलाल कुमावत सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गौ भक्तों ने भाग लिया। अंत में उपाध्यक्ष चतुर्भुज शर्मा ने सभी गौभक्तों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## भारुंदा में बिना अनुमति से पेड़ों का सर किया मुंडन

### पुलिस को दी रिपोर्ट कानूनी कार्रवाई की मांग




**सुमेरपुर(निसं.)।** एक तरफ राज्य सरकार मां के नाम पेड़ लगाने का अभियान चलाकर राजस्थान को हरित करने का कार्य किया जा रहा है तो दूसरी ओर हरियालो राजस्थान अभियान ध्वस्त होता जा रहा है। सुमेरपुर उपखंड क्षेत्र में लगातार बेखौफ पेड़ों पर लोग अंधाधुन कुल्हाड़ी एवं कटर मशीन चलाकर सर मुंडन करने में लगे हुए हैं। ऐसा ही गांव भारुंदा में पेड़ काटने का मामला सामने आया है। गांव में पेड़ काटने को लेकर पुलिस थाने में रिपोर्ट देकर एक किसान ने कानूनी कार्रवाई की मांग की है। काश्तकार प्रभु पुत्र भुराजी,जाति कुम्हार, निवासी भारून्दा ने सुमेरपुर थाने में लिखित रिपोर्ट देकर मुकदमा दर्ज कर कानुनी कार्यवाही करने की मांग की । उन्होंने रिपोर्ट में बताया कि मुझ प्रार्थी व अन्य के संयुक्त स्वामित्व कब्जे काश्त की खातेदारी कृषि भूमि ग्राम भारून्दा के खसरा नम्बर 144, 97, 98 कुल रकबा 7.1200 हैक्टर आया हुआ स्थित है। जिसमें दिनांक 14 अक्टूबर को पड़ोसी खातेदार बहादुरसिंह पुत्र भुरसिंहजी की पत्नि अम्बा कुंवर व कटर मालिक जसुनाथ के द्वारा मेरी भूमि के लोर में अनाधिकृत रूप से प्रवेश कर कई वर्षों से खडे नीम के पेड को बिना अनुमति काट कर गिरा कर दो पेड को अपने साथ वाहन के माध्यम से लेकर चले गये। जहां दिनांक 15 अक्टूबर को पुनः सुबह एक नीम का पेड और काटने लगे तभी में प्रार्थी मौके पर पहुंच कर रोकने का प्रयास किया,लेकिन गाली गलोच कर अपशब्दो का प्रयोग कर मुझे धमकाया,और मुझे कहने लगे की हम पेड काटेगे तेरी जो हो कर ले ऐसी धमकी दी। पुलिस थाने में दी गई रिपोर्ट में बताया कि उक्त नीम का पेड जो कई वर्षों से लगा हुआ था जो प्राकृतिक छाया और पर्यावरण के लिये उपयोगी है तथा मेरी भूमि की पहचान का प्रतीक भी है। इन लोगो द्वारा एक गैर कानुनी एवं पर्यावरण संरक्षण के विपरित अपराध कारित किया है जिससे उनके विरूद्ध तुरंत प्रभाव से कानुनी कार्यवाही कर दण्डित करने की पुलिस प्रशासन से मांग की है। बिना अनुमति से नीम के पेड़ काटे जाने पर उपरोक्त कटर मालिक एवं पास खातेदार बहादुरसिंह पुत्र भुरसिंहजी की पत्नि अम्बाकुंवर के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर कानुनी करने की प्रशासन से मांग की है।

## ब्लॉक स्तरीय पोषण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निसं.)।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देशन में आयोजित किए जा रहे पोषण माह के अन्तर्गत सैंपऊ उपखण्ड के बसई नवाब में पोषण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस सम्बन्ध में सीडीपीओ भूपेश गर्ग ने बताया कि 17 सितंबर से 16 अक्टूबर तक पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है जिसमें ब्लॉक, सेक्टर और आंगनबाड़ी केंद्र के स्तर पर विविध प्रकार की थीम आधारित गतिविधियों का आयोजन कर उचित पोषण के प्रति आमजन में जागरूकता की जा रही है। इन्ही आयोजनों की श्रृंखला में बसई नवाब में संगोष्ठी का आयोजन किया जिसमें पोषण रंगोली, पोषक व्यंजन प्रदर्शनी लगाई। इस अवसर पर उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं के साथ कुपोषण प्रबंधन पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रत्येक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुनिश्चित करे कि पात्र लाभार्थियों को विभागीय सेवाओं का लाभ समय पर मिले साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में ड्यू लिस्ट को अगले 7 दिवस में पूर्ण करने के निर्देश दिए। विभाग के सहायक लेखाधिकारी मांगीलाल आर्य ने कहा कि पोषण व्यापक अवधारणा है, प्रत्येक कार्यकर्ता गर्भधारण के शुरुआती माह में महिलाओं का पंजीयन करने पर कार्य करें तथा खानपान की विविधता पर जागरूक करें। महिला पर्यवेक्षक सरस्वती देवी ने पोषण ट्रेकर की उपयोगिता व प्रयोग तथा पोषण अभियान पोर्टल पर डेशबोर्ड एंट्री के बारे में समझाया। इस अवसर पर बसईनवाब क्षेत्र की सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं उपस्थित रहीं। तकिया दमापुर केंद्र पर पोषण कार्यशाला का आयोजन पोषण माह अंतर्गत ब्लॉक धौलपुर में आंगनबाड़ी केंद्र तकिया दमापुर पर पोषण कार्यशाला आयोजित की। कार्यक्रम में 1 बच्चे का अन्नप्राशन कराया। महिला पर्यवेक्षक रोहित मीना ने बताया कि इस कार्यक्रम में पोषाहार सामग्री से व्यंजन प्रदर्शनी लगाकर आहार में विविधता का संदेश दिया।

## दिपावली सावधानी व जागरूकता के साथ मनाएं - स्वामी

**सरदारशहर।** नेत्रदान एवं रक्तदान जनजागरण अभियान के जिला संयोजक व आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान चूरू चैप्टर नेत्र संग्रह केन्द्र सरदारशहर के समन्वयक गणेशदास स्वामी ने अभियान से जुड़े जिले के कार्यकर्ताओं से आग्रह किया है कि वह लोगों को दीपावली के त्यौहार पर होने वाली आतिशबाजी से सावधानी बरतने का आव्हान करें। क्योंकि प्रति वर्ष इस पर्व पर अनेक लोग पटाख़ों से झुलस जाते हैं। असावधानी की वजह से अनेक जगह आगजनी की घटना हो जाती है।

**नाम परिवर्तन**

मेरे नाम से जारी पासपोर्ट सं N7605641 में मेरी पत्नी का नाम सुमित्रा अंकित है, जो कि गलत है। मेरी पत्नी के आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में उसका नाम ललिता मारोठिया अंकित है। जिसे अब मैं मेरे पासपोर्ट में संशोधित करवाकर सही नाम ललिता मारोठिया अंकित करवाना चाहता हूॅ। राम लाल मारोठिया पुत्र पेमाराम, जाजोदिया विद्यालय के पीछे, सुजानगढ़ (चूरु) 331507

## कार्यालय जिला कलक्टर, दौसा

क्रमांक- लेखा / ई-बोली / 2025 / 654 दिनांक 07/10/2025

**ई-बोली सूचना संख्या 02 / 2025-26**

इस कार्यालय / अधीनस्थ कार्यालयों हेतु हॉर्डवेयर ( डेस्कटॉप कम्प्यूटर, एमएफपी प्रिन्टर, कलर स्कैनर, यू.पी.एस., डिजीटल सिग्नेचर ) की आपूर्ति के लिये इच्छुक बोलीदाताओं से ई-उपापन के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 27/10/2025 को 01.00 PM तक खुली प्रतियोगी बोली पद्धति से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। जिसकी अनुमानित लागत 32.91 लाख है। बोली की शर्तें / दस्तावेज राज्य लोक उपापन पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in तथा http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है।
UBN NO.- CDU2526GLOB00016

**जिला कलक्टर**
**दौसा**

DIPR/C/15115/2025

## कार्यालय उप वन संरक्षक, जयपुर (उत्तर)

पुराना कोल डिपो, झोटवाडा रोड, पानी पेच, जयपुर-302016 e-mail dcf.jprn.forest@rajasthan.gov.inPh. 0141-2303165
निविदा संख्या :- एफ () उवसंजउ / स्टोर / 2025-26 / दिनांक :-

**खुली निविदा**

इस वनमण्डल अधीन रेंज शाहपुरा में (नाका अमरसर) में CREATION AND ESTABLISHMENT OF NURSERY work करवाया जाना है। इस कार्य हेतु सर्वसाधारण विशेषकर पक्का निर्माण कार्य करने वाली फर्मों को निविदा के लिये आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक निविदादाता दिनांक 08.10.2025 को दोपहर 01.00 बजे से sppp.rajasthan.nic.in एवं Eproc पोर्टल से निविदा डाउनलोड कर निविदा प्रपत्र मय अन्य वांछित दस्तावेज अपलोड कर सकते है। निविदादाता को मूल डी. डी. / बिड सिक्योरिटी का घोषणा पत्र व अन्य दस्तावेज इस कार्यालय में दिनांक 24.10.2025 को 03.30 बजे तक जमा करवाने होंगे। निविदाएँ नियमानुसार वन मण्डल कार्यालय में दिनांक 24.10.2025 को 04.00 बजे खोली जावेगी ।

| क्र. सं. | नाम कार्य | कार्य क्षेत्रफल | अनुमानित राशि (रूपयों में) | बोली अमानत राशि 2% (रूपयों में) | बोली शुल्क (रूपयों में) | प्रोसेसिंग फीस (रूपयों में) MDRISL | ऑनलाईन टेन्डर डाउनलोड करने की एवं ऑनलाईन प्रस्तुत करने की तिथि | डी.डी. जमा कराने का दिनांक | तकनिकी निविदा खोलने की तिथि एव समय | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि एव समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | CREATION AND ESTAB-LISHMENT OF NURS-ERY work | AS PER G-SCHEDULE | 4207635/- | 84200/- | 500/- | 500/- | दिनांक 08.10.2025 से 24.10.2025 सांय 3.00 बजे तक | दिनांक 08.10.2025 से 24.10.2025 सांय 3.00 बजे तक | दिनांक 24.10.2025 सांय 5.00 बजे | दिनांक 24.10.2025 सांय 5.30 बजे |

01. निविदा की अन्य शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है एवं इसके अतिरिक्त यदि निविदादाता को निविदा के संबंध में कोई जानकारी प्राप्त करनी हो तो इस कार्यालय मे किसी भी कार्य दिवस में जानकारी प्राप्त कर सकते है।
02. निविदा प्रपत्र SPPP / Eproc पोर्टल से भी डाउनलोड किया जा सकता है, पोर्टल से निविदा प्रपत्र प्राप्त कर निविदा शुल्क राशि रू500/- रू0 का डी. डी. उप वन संरक्षक जयपुर (उत्तर) के नाम निविदा के साथ संलग्न करना होगा तथा प्रोसेसिंग फीस MDRISL जयपुर के नाम डी. डी. देय होगी।
03. मोहरबन्द लिफाफे मे दिनांक 24.10.2025 को दोहपर 3.30 PM बजे तक निविदा कार्यालय उप वन संरक्षक जयपुर (उत्तर) के नाम जमा करायी जावे ।
04. निर्धारित समय के पश्चात निविदा प्राप्त होने पर अमान्य कर दी जावेगी ।
05. अधोहस्ताक्षरकर्ता को किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत एंव अस्वीकृत करने का पुरा अधिकार होगा

**उप वन संरक्षक,**
**जयपुर (उत्तर)**

DIPR/C/15132/2025

## संगम कार्यक्रम में हुआ वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय लुहारागाड़ा स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के केन्द्र में गुरुवार को गौरवपूर्ण वरिष्ठ नागरिक एवं सम्मानित जीवन कार्यक्रम में एक सौ चार वर्ष के नागरमल सहित साठ से अधिक वृद्धजनों का सम्मान किया गया। ब्रह्माकुमारीज के समाज सेवा प्रभार और भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता थाइलैंड के बीके कैलाश भाई ने कहा कि मन का प्रभाव हमारे तन पर पड़ता है। इसलिए आध्यात्मिक चेतना से हमारा मन स्वस्थ रहता है तो शरीर भी स्वस्थ रहता हैं। तन और मन के स्वस्थ रहने से जीवन श्रेष्ठ बनता हैं। उन्होंने आध्यात्मिक राह को जीवन का श्रेष्ठ उपक्रम बताया। इस अवसर पर केन्द्र संचालिका बीके सुप्रभा बहन ने आयोजन की पृष्ठभूमि को रेखांकित करते हुए ध्यान के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण बातें बताई। आयोजन में थाइलैंड से ही पधारी शांता बहन, समाज कल्याण अधिकारी बाबू लाल , रामाकिशन जांगिड, गोपालपुरा सरपंच सविता राठी, पूर्व जिला सांख्यिकी अधिकारी विद्याधर पारीक, ग्लोबल हास्पीटल माउंट आबू की बहन रंजिता आदि ने भी विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने किया। कार्यक्रम में घीसूलाल मीरणका, लक्ष्मी नारायण सोनी, कमलनयन तोषनीवाल, बजरंग जांगिड, बाबूलाल जायलवाल सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में बीके बालकिशन, लेखाकार सीताराम शर्मा, बीके शिल्पा, बीके दीपिका, समता जैन, मुन्नी देवी शर्मा, अंजू देवी सैनी आदि ने सहयोग किया।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार 17 अक्टूबर, 2025

## कंज्यूमर केयर अभियान के तहत प्रदेशभर में उपभोक्ता मामले विभाग की कारवाई

### प्रदेश में 85 फर्मों पर कार्यवाही कर लगाया 125000 रूपए का जुर्माना

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा दीपावली के त्योंहार के मध्यनजर चलाये जा रहे कंज्यूमर केयर अभियान के चौथे दिन विधिक माप विज्ञान अधिनियम 2009 एवं डिब्बा बन्द वस्तुएँ नियम 2011 के अन्तर्गत 85 फर्मों पर निरीक्षण कार्यवाही की गई। जिनमें से डिब्बा बंद वस्तुएं नियम के तहत 4 फर्मों पर तथा 62 फर्मों पर सत्यापन प्रमाण पत्र एवं सत्यापित बाट माप नही पाये जाने पर प्रकरण दर्ज कर टीमों ने फर्मों के विरूद्ध मौके पर ही नोटिस जारी करने की कार्यवाही कर 125000 रुपए का जुर्माना लगाया गया। इस प्रकार दिनांक 13 अक्टूबर से चलाये गए इस अभियान में अब तक कुल 359 फर्मों पर विधिक मापविज्ञान अधिनियम के अन्तर्गत निरीक्षण किए जा चुके हैं। इनमें से डिब्बा बंद वस्तुएं नियम के तहत 40 फर्मों पर तथा सत्यापन प्रमाण पत्र एवं सत्यापित बाट माप नही पाये जाने पर 223 फर्मों पर प्रकरण दर्ज कर टीमों ने फर्मों के विरूद्ध मौके पर ही नोटिस जारी करने की कार्यवाही कर 4 दिवस में कुल राशि 645500 रुपए का जुर्माना लगाया गया है। कंज्यूमर केयर अभियान दिनांक 13 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक नियमित रूप से चलाया जायेगा। इस अभियान का उद्देश्य व्यापारियों को उपभोक्ताओं के व्यापक हित में सही माप तौल करने के लिये प्रेरित करने के साथ ही उपभोक्ताओं को उनके मूल अधिकारों के बारे में सूचित किये जाने तथा उपभोक्ता हितों का संरक्षण करना है। किसी भी प्रकार की सेवा एवं वस्तुएं जो राशी देकर प्राप्त की गई है, उन सेवाओं और वस्तुओं की शुद्धता, गुणवता, मानक, मात्रा एवं सही माप तौल उपभोक्ता का विधिक अधिकार है इन अधिकारों के उल्लंघन पर उपभोक्ता, उपभोक्ता मामले विभाग को शिकायत कर सकता है। राज्य उपभोक्ता हैल्पलाइन नं. 18001806030 एवं 14435 एवं वाट्सएप नं. 7230086030 पर शिकायत की जा सकती है। उपभोक्ता हैल्पलाइन शिकायत दर्ज करने के साथ ही परामर्श सलाह एवं मार्गदर्शन का काम भी करती है।

## नगर निगम ग्रेटर द्वारा मिशन मोड पर किया जा रहा सड़कों की पेच मरम्मत का कार्य

### आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने दिये गुणवत्तापूर्ण एवं तय मापदण्डों के अनुसार कार्य करने के निर्देश





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** दीपावली पर्व के मध्यनजर अग्निशमन शाखा, स्वास्थ्य शाखा, गैराज शाखा, उद्यान शाखा द्वारा एक्टिव मोड में किये जा रहे कार्यो के साथ-साथ इंजीनियरविंग द्वारा भी आमजन को राहत देने एवं सुगम यातायात के तहत क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत के उद्देश्य से मुख्य मार्गों, कॉलोनियों की सड़के जो कि बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हो गई थी उन सभी सड़कों की पेच मरम्मत का कार्य मुख्यालय एवं जोन स्तर पर मिशन मोड पर किया जा रहा है। इसके लिए नगर निगम ग्रेटर द्वारा 6 करोड़ 30 लाख रूपये स्वीकृत किये गये थे। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने बताया कि आमजन को राहत देने के उद्देश्य से एवं दीपोत्सव पर्व के अवसर पर बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों का सर्वे करवाकर एक्टिव मोड में पेच मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही गुणवत्तापूर्ण एवं तय मापदण्डों के अनुसार कार्य करने के निर्देश भी दिये गये है। सर्वे के दौरान 86.47 किमी सड़के क्षतिग्रस्त मिली थी जिनमें से लगभग 45 किमी सड़कों की मरम्मत की जा चुकी है। दीपोत्सव पर्व को लेकर भी मुख्य बाजारों में पेचवर्क का कार्य जारी है उन्हें दीपावली से पूर्व पूर्ण कर दिया जायेगा। आमजन को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो इसके लिये रात्रि में भी मरम्मत का कार्य किया जा रहा है।

# भाजपा जयपुर शहर की ओर से दीपावली से पहले 54 गरीब परिवारों के घर स्वरोजगार के माध्यम से हुए रौशन

### केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने भाजपा जयपुर शहर के प्रयास की सराहना

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर शहर भाजपा की ओर से दीपावली से पूर्व आयोजित आत्मनिर्भर भारत एवं संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को आत्मनिर्भर भारत रोजगार उत्सव मनाया गया। इस मौके पर घुमंतू जाति उत्थान न्यास द्वारा कार्यकुशलता और रुचि के आधार पर चिन्हित विधवा महिलाओं, गरीब और निराश्रित परिवारों को स्वरोजगार के लिए आवश्यक सामग्री वितरित की गई। भाजपा जयपुर शहर अध्यक्ष अमित गोयल ने बताया इस कार्यक्रम के तहत 54 परिवारों को ठेले विभिन्न प्रकार की सामग्री सहित, कबाड़ी के



कार्य के लिए 7 ट्रॉली रिक्शा, वजन तोलने की मशीनें, वैल्डिंग की मशीनें, लोहारी का सामान, सौंदर्य निखार उत्पाद, मूंगफली, गजक के ठेले, किराने का सामान और विभिन्न प्रकार के रोजगार के साधन प्रदान किए केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने वंदे भारत एक्सप्रेस और इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग जैसे उदाहरण देकर बताया कि भारत अब विश्व स्तरीय तकनीक और उद्योग में आत्मनिर्भर बन रहा है। जयपुर के 5000 युवाओं को इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग की ट्रेनिंग भी दी जाएगी। आज भारत में मोबाइल और अन्य उत्पाद देश में ही विकसित हो रहे हैं। 2014 के बाद निर्णायक नेतृत्व और नीति सुधारो के कारण भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। राजस्थान में 85 रेलवे स्टेशन का नवीनीकरण, जयपुर स्टेशन में स्थानीय स्थापत्य, सांस्कृतिक सौंदर्य का समावेश , इसका साक्षात उदाहरण है। वैष्णव ने सभी लाभार्थियों को माला, दुपट्टा, नारियल भेंट कर उनके रोजगार की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत हमें नरेंद्र मोदी के सपने पूरे करने है। 2014 के बाद नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने आत्मविश्वास और आर्थिक शक्ति को पुनः जागृत किया है । हमारा लक्ष्य 2047 तक विकसित भारत का निर्माण करना है। अभियान की संयोजक रेखा राठौड़ ने बताया कि इस कार्यक्रम के पीछे कोई प्रेरणा है तो वो अंत्योदय का विचार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा है। पहली बार अपना काम शुरू करने जा रहे परिवारों को दिवाली के मौके पर रोजगार उपलब्ध करवाना उनके जीवन में खुशियाँ लाने के समान है। इस मौके पर महिलाओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश महामंत्री ओम भड़ाना, प्रदेश मंत्री स्टेफी चौहान, जयपुर हेरिटेज नगर निगम की महापौर कुसुम यादव, अभियान संयोजक महेंद्र यादव, विजय शर्मा, संजय जयसवाल ,भाजपा पदाधिकारी, व्यापारी और प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन राजेश ताम्बी ने किया।

## वंदे भारत 4.0 जल्दी ही भारत में दौड़ेगी: अश्वनी वैष्णव

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** अश्वनी वैष्णव ने जयपुर में जानकारी दी की वंदे भारत 4.0 ट्रेन का नया संस्करण जल्दी ही आने वाला है उन्होंने कहा कि यह ट्रेन ने केवल भारत में बल्कि पूरी दुनिया में अपनी गुणवत्ता गति और आराम के लिए एक नया मानक स्थापित करेगी रेल मंत्री ने दिल्ली में भारत मंडपम में आयोजित 16 अंतर्राष्ट्रीय रेल उपकरण प्रदर्शनी के उद्घाटन कार्यक्रम में कहा कि वंदे भारत 4.0 को दुनिया की सबसे बेहतरीन ट्रेनों को टक्कर देने और उनसे बेहतर प्रदर्शन करने के लिए डिजाइन किया जा रहा है उन्होंने कहा कि वंदे भारत 4.0 एयर कंडीशनर ट्रेन होगी जिसकी गुणवत्ता आराम और गति देखकर दुनिया के अन्य देश भी इसे अपनाना चाहेंगे उन्होंने कहा कि इस ट्रेन में यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा इसमें पहले की तुलना में बेहतर टॉयलेट अधिक आरामदायक सीट और उच्च गुणवत्ता वाला कोच डिजाइन होगा ट्रेन का अंदरूनी हिस्सा अधिक आधुनिक और आकर्षक बनाया जाएगा ताकि यात्रियों को प्रीमियम ट्रेन का अनुभव मिल सके रेल मंत्री ने बताया कि भारतीय रेल वर्ष 2047 तक 7000 किलोमीटर लंबी विशेष कॉरिडोर विकसित करने की योजना पर कार्य कर रहा है इन कॉरिडोरों पर ट्रेन 350 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रफ्तार से चल सकेगी इससे भारत का रेल नेटवर्क दुनिया के सबसे तेज और आधुनिक नेटवर्क में शामिल हो जाएगा भारत में फिलहाल वंदे भारत 3.0 ट्रेन चल रही है जो अपनी गति और सुविधा के लिए काफी लोकप्रिय है देश में अभी तक 156 वंदे भारत सेवाएं 30 अमृत भारत सेवाएं और चार नमो भारत सेवाएं शुरू की जा चुकी है । रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आने वाले समय में भारत एयर कंडीशनर रेणुका निर्माण करेगा जिन्हें अन्य देश भी अपनाना चाहेंगे इस परियोजना से देश में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे और भारतीय इंजीनियरिंग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि वंदे भारत 4.0 ट्रेन में सिर्फ गति ही नहीं बल्कि आराम सुरक्षा और डिजाइन पर भी खास ध्यान दिया जा रहा है ट्रेन के कोचों में झटके कम महसूस होंगे जिससे सफर और भी सुगम होगा इसके साथ ही ट्रेन के दरवाजे खिड़कियां और नियंत्रण प्रणाली को आधुनिक तकनीक से लीज किया जाएगा ट्रेन में लगने वाले ब्रेक सिस्टम और नियंत्रण तकनीक को भी पहले से अधिक उन्नत बनाया जा रहा है ताकि यह किसी भी आपात स्थिति में तुरंत ट्रेन को रोका जा सके और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके ।

## एसी ट्रेन में यात्रियों को अब जयपुर थीम कंबल के कवर, रेल मंत्री ने कहा पूरे देश में होगा प्रयोग

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** ट्रेन की एसी कोच में आपको जो कंबल ओढ़ने के लिए दिया जाता है उसकी स्वच्छता या हाइजीन को लेकर क्या आपके मन में भी शंका रहती है यदि इसका जवाब हां में है तो यह खबर पढ़ कर आपको अच्छा लगेगा खबर यह है कि अब कंबल कर भी लगा होगा और हर इस्तेमाल के बाद कंबल की सफाई होगी राजस्थान की राजधानी जयपुर में इसकी शुरुआत भी हो गई है अभी पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर इसे लागू किया गया है और आने वाले समय में सभी ट्रेनों में लागू किया जाएगा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जयपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि यात्रियों को खुश करने वाली यह सूचना है उन्होंने कहा यह एक नया प्रयास शुरू हुआ है रेलवे के सिस्टम में कंबल का व्यवहार वर्षों से ही होता रहा है लेकिन कंबल को लेकर यात्रियों के मन में हमेशा एक संशय रहता है उसे दूर करने के लिए एक नई शुरुआत हुई है कंबल के कवर की शुरुआत । कंबल कर की शुरुआत जयपुर में एक गाड़ी में पायलट बेस पर की गई है एक बार यह प्रयोग सफल हो तो देश भर में आगे फैलाया जाए अच्छी शुरुआत है अनुभव के आधार पर आगे लागू किया जाएगा कंबल कर की शुरुआत जयपुर अहमदाबाद के बीच चलने वाली एक ट्रेन से हुई है गुरुवार को अश्वनी वैष्णव जयपुर में थे और उन्होंने खातीपुरा रेलवे स्टेशन पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें रेल मंत्री असली वैष्णव की शामिल हुए एसी कोचमें सफर करने वाले यात्रियों को दो चादर एक कंबल तकिया तकिया कवर और तौलिया उपलब्ध करवाया जाता है

### जयपुर के सोडाला रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद घनश्याम तिवारी मंजू शर्मा भी रहे मौजूद

जयपुर के सोडाला रेलवे स्टेशन पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के जयपुर थीम कंबल कर को एयर कंडीशनर ट्रेन में यात्रियों को दिए जाने के लिए समारोह पूर्वक कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में जयपुर सांसद मंजू शर्मा और राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवारी भी मौजूद रहे इसके अलावा उत्तर पश्चिम रेलवे के सभी बड़े अधिकारी इस कार्यक्रम में मौजूद रहे द्य जयपुर सांगानेरी प्रिंट के कपड़े पूरे हिंदुस्तान में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी काफी लोकप्रिय हैं सांगानेरी प्रिंट की साड़ियां कंबल कवर रजाई कवर कई सालों से देश और विदेश के पर्यटकों में काफी लोकप्रिय है इन्हें पर्यटक काफी लाइक करते हैं इसलिए अगर अब ट्रेन में यात्रियों को जयपुर थीम कंबल कर वितरित किए जाएंगे तो निश्चित रूप से जयपुर की कला संस्कृत का और प्रचार प्रसार होगा ।

## चीफ मिनिस्टर भजन लाल शर्मा का कुशल प्रबंधन, सहकारिता के क्षेत्र में प्रदेश देशभर में अग्रणी

### केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने भी राजस्थान की की तारीफ

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पिछले दिनों केंद्रीय सहकारिता मंत्री भजनलाल शर्मा जब जयपुर आए थे तो उन्होंने राजस्थान में सहकारिता के क्षेत्र में भजनलाल सरकार की ओर से किए गए नवाचारों निर्णय की प्रशंसा की थी और प्रदेश में सहकारिता की क्षेत्र में किए गए कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की काफी तारीफ की थी इसमें कोई संदेह नहीं सहकारिता के क्षेत्र में राजस्थान अब तेजी से आगे बढ़ रहा है सहकारिता के क्षेत्र में कई तरह की कमियां गड़बड़ियों और लापरवाहियां भ्रष्टाचार जैसे मामलों को लेकर सहकारिता विभाग हमेशा सुर्खियों में बना रहता था लेकिन पिछले 22 महीना में प्रदेश की भजनलाल सरकार ने सहकारिता के क्षेत्र में कड़े कदम उठाए और कई बड़े निर्णय लिए जिसकी वजह से सहकारिता के क्षेत्र में पहले की तुलना में काफी कुछ सुधार हुआ है और लगातार सुधार होता जा रहा है जिसकी वजह से इस विभाग में कमियां लापरवाहियां और गड़बड़ियों पर काफी हद तक अंकुश लग गया है अब प्रदेश की भजनलाल सरकार सहकारिता का नया कोड भी ला रही है जिसके माध्यम से सहकारिता के क्षेत्र में और भी क्रांतिकारी परिवर्तन होंगे द्य मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का कहना है कि सहकारिता आपको सभी के लिए सुलभ बनाना है ताकि लोगों को सशक्त बनने के अधिकतर अवसर मिल सके इस नई सहकारी संहिता में सहकारी समितियां अपने कार्य क्षेत्र के बाहर अपनी दुकान या आउटलेट खोलकर सीधे अपने उत्पाद बेच सकेगीसाथ



ही ऑडिट को मजबूत करने के लिए समितियां को समय पर विभाग के पोर्टल पर ऑडिट रिपोर्ट अपलोड करना होगा राजस्थान सहकारी समितियां में पारदर्शिता और जवाब दे ही बढ़ाने के उद्देश्य से एक नई नीति लागू की जा रही है जिसका उद्देश्य अनियमितताओं पर अंकुश लगाना और सहकारी संस्थाओं का बेहतर विनियमन सुनिश्चित करना है नए कानून का मसौदा महाराष्ट्र गुजरात मध्य प्रदेश और केरल जैसे अग्रणी राज्यों में सहकारी कानून के विस्तृत अध्ययन तथा वरिष्ठ अधिकारियों एवं विषय विशेषज्ञों के साथ परामर्श के बाद तैयार किया गया है । नए कोड में कई प्रगतिशील प्रावधान शामिल हैं एक अधिकारी का कहना है कि कानून में नई सोसाइटियों में राज्य या केंद्र की हिस्सेदारी की सीमा हटाने का भी प्रस्ताव है और समिति गठन में आने वाली उलझन की स्थिति में तदर्थसमितियां के गठन की अनुमति भी गई है चुनाव सोसाइटियों के नियमों के अनुसार कराए जाएंगे ।

## "शहरी सेवा शिविर 2025" के तहत वार्डवार कैम्प से आमजन को मिल रही राहत

### विद्याधर नगर जोन के विद्याधर नगर जोन अम्बाबाडी सर्किल में आयोजित हुआ संपूर्ण विद्याधर नगर जोन क्षेत्र का फोलोअप शिविर

### शुक्रवार को आयोजित होगा मालवीय नगर में फोलोअप शिविर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** नगर निगम ग्रेटर द्वारा राज्य सरकार के निर्देशानुसार 17 सितम्बर 2025 से 17 अक्टूबर 2025 तक "शहरी सेवा शिविर 2025" (मुख्य शिविर) का आयोजन किया जा रहा है। गुरूवार को संपूर्ण विद्याधर नगर जोन क्षेत्र का फोलोअप शिविर विद्याधर नगर जोन अम्बाबाडी सर्किल पर आयोजित किया गया। वार्डवार शिविर में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है। 17 अक्टूबर 2025, शुक्रवार को सम्पूर्ण मालवीय नगर जोन क्षेत्र का फोलोअप शिविर मालवीय नगर जोन कार्यालय में आयोजित किया जायेगा। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने बताया कि "शहरी सेवा शिविर-2025" (मुख्य शिविर) के तहत आमजन से प्राप्त विभिन्न समस्याओं का एक ही स्थान पर समाधान किया जायेगा। समस्याओं को चिह्नित करने एवं प्राप्त आवेदनों का निस्तारण करने के लिए वार्डवार प्रातः 09:30 बजे से 06:00 बजे तक शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। विद्याधर नगर की स्थानीय निवासी मधु जी ने विद्याधर नगर जोन में चल रहे शहरी सेवा शिविर कैंप में अपना नाम खाद्य सुरक्षा सूची एनएफएसए मैं जुड़वाने के लिए आवेदन किया आवश्यक दस्तावेज जमा करने के कुछ समय पश्चात ही मधु जी का नाम खाद्य सुरक्षा सूची में शहरी सेवा शिविर कैंप के अंतर्गत जोड़ा गया अपने इस कार्य के त्वरित गति से पूर्ण हो जाने पर मधु जी ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और माननीय मुख्यमंत्री का बहुत-बहुत धन्यवाद व्यक्त किया। विद्याधर नगर के स्थानीय निवासी रमेश चंद जी ने विद्याधर नगर जोन में चल रहे शहरी सेवा शिविर कैंप में अपने बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया आवश्यक दस्तावेज लगाकर आवेदन जमा करने के कुछ ही समय में रमेश जी को उनके बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र बनाकर प्रदान किया गया अपने इस कार्य के त्वरित गति से पूर्ण हो जाने पर रमेश जी को बहुत प्रसन्नता हुई इसके लिए उन्होंने सरकार का बहुत आभार और धन्यवाद व्यक्त किया।

# अंता सीट पर प्रत्याशी चयन में बाहरी और स्थानीय मुद्दे पर फंस गई भाजपा

### प्रभु लाल सैनी और नंदलाल सुमन में कड़ी टक्कर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** प्रदेश की अंता विधानसभा सीट पर आगामी 11 नवंबर को होने जा रहे विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी चयन का मामला भारतीय जनता पार्टी में बड़ी चुनौती और उलझन बना हुआ है इस सीट पर माली समाज के पूर्व मंत्री प्रभु लाल सैनी और पूर्व जिला प्रमुख नंदलाल सुमन दोनों ही तगड़े दावेदार हैं और दोनों ही पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के काफी करीबी हैं इसलिए इन दोनों में से किसी एक को टिकट देने के मामले में बाहरी और स्थानीय मुद्दा ज्यादा हावी हो रहा है प्रभु लाल सैनी बूंदी जिले के रहने वाले हैं और नंदलाल सुमन



स्थानीय नागरिक हैं इसलिए अब यहां पर मांग की जा रही है कि स्थानीय नेता को ही टिकट दिया जाए जबकि प्रभु लाल सैनी वर्ष 2013 में इस सीट पर भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़े थे और चुनाव



जीते भी थे वसुंधरा राजे सरकार में कैबिनेट मंत्री भी रहे थे हालांकि इस सीट पर युवा नेता भूपेंद्र सैनी जो पूर्व में राजस्थान युवा बोर्ड के अध्यक्ष रह चुके हैं इनकी भी दावेदारी बताई जा रही है इसलिए नंदलाल सुमन और प्रभु लाल सैनी दोनों के बीच अगर सहमति नहीं बनती है तो फिर भूपेंद्र सैनी को टिकट दिया जा सकता है फिलहाल इस सीट पर प्रत्याशी के चयन का मामला भारतीय जनता पार्टी के रणनीतिकारों के लिए बड़ी परेशानी बना हुआ है हालांकि पिछले दो दिनों में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे से नंदलाल सुमन और प्रभु लाल सैनी दोनों की मुलाकात हो चुकी है पहले वसुंधरा राजे ने नंदलाल सुमन को अपने आवास पर बातचीत के लिए बुलाया था इसके बाद प्रभु लाल सैनी ने भी उनसे अलग से बातचीत की है दोनों ही नेताओं से करीब 1 घंटे तक वसुंधरा राजे ने अलग-अलग मुलाकात की लेकिन गुरुवार देर शाम तक भी भारतीय जनता पार्टी अंता विधानसभा सीट पर अपने प्रत्याशी का ऐलान नहीं कर पाई हालांकि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ का कहना है कि अभी फॉर्म भरने की अंतिम तारीख 21 अक्टूबर दूर है इसलिए हमें कोई जल्दी बाजी नहीं है आराम से पार्टी प्रत्याशी का चयन करेंगे उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्याशी चयन में पार्टी में किसी भी तरह की कोई गुटबाजी या टकराव के हालात नहीं है टिकट के लिए सभी दावेदारी करते हैं यह कोई नई बात नहीं है हालांकि पहले यह भी कहा जा रहा था कि भारतीय जनता पार्टी की ओर से प्रत्याशियों के नाम का एक पैनल भाजपा हाई कमान के पास भेज दिया गया है लेकिन जानकार लोगों का कहना है कि इस सीट पर उम्मीदवार के चयन में भारतीय जनता पार्टी के दिल्ली में बैठे पड़े नेता भी वसुंधरा राजे की सलाह को तवज्जो देंगे अब देखने वाली बात यह है कि इस सीट पर वसुंधरा राजे किस पर ज्यादा भरोसा जताती है हालांकि कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया इस सीट पर तीन बार विधायक रह चुके हैं दो बार कांग्रेस पार्टी से और एक बार निर्दलीय विधायक रहे हैं उन्होंने पिछला विधानसभा चुनाव कांग्रेस पार्टी के टिकट पर लड़ा था लेकिन कंवरलाल मीणा से 5000 वोटो के अंतर से चुनाव हार गए थे कांग्रेस पार्टी ने फिर से प्रमोद जैन भाया पर ही दाव खेला है इस सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर नरेश मीणा ने भी नामांकन भर दिया है नरेश मीणा की प्रचार की सभाओं में बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं इसलिए राजनीति के जानकार लोगों का कहना है कि यह सीट काफी रोचक होगी और इस सीट पर काफी कांटे का मुकाबला होगा जीत किसकी होगी फिलहाल कहना मुश्किल है हालांकि कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दलों के सभी बड़े नेता अपने-अपने प्रत्याशी की जीत के दावे कर रहे हैं लेकिन नरेश मीणा की सभाओं में जिस तरह से लोग अपनी उपस्थिति दिखा रहे हैं उसे निश्चित रूप से इस सीट पर कहीं ना कहीं कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया के लिए मुश्किलें ज्यादा बढ़ गई हैं ।

## भरतराज महाविद्यालय में मनाया दीपोत्सव



जयपुर टाइम्स

**पलसाना(निस.)** क़स्बे में संचालित भरतराज पीजी कॉलेज पलसाना में गुरुवार को दीपोत्सव कार्यक्रम एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन चेयरमैन सुभाष सिंह बिजारणियां के आथित्य में किया गया रंगोली प्रतियोगिता में भारत माता ग्रुप ने प्रथम स्थान रानी लक्ष्मी बाई ग्रुप ने द्वितीय स्थान तथा जीजा बाई ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया साथ ही महाविद्यालय के द्वारा दीपों को जलाकर दीपोत्सव भी मनाया गया मुख्य वक्ता के रूप में बिजारणिया ने सभी को दीपावली के पावन पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं दी तथा दीपावली त्यौहार क्यों मनाया जाता है इसके बारे में भी विस्तृत जानकारी दी इस कार्यक्रम में राजीव शर्मा मुकेश शर्मा कुलदीप शर्मा पंकज शर्मा गिरिराज काजला धनंजय यादव सहित महाविद्यालय के सैकड़ो विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## रानोली के विनोद ने RAS में हासिल की 977वीं रैंक

### वर्तमान में भारतीय रेल डाक सेवा सीकर में कार्यरत, पहले प्रयास में सफलता की अर्जित

जयपुर टाइम्स



**रानोली(निसं.)** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने बुधवार को राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त परीक्षा 2023 का अंतिम परिणाम जारी कर दिया है। इस परीक्षा में सीकर जिले के रानोली कस्बे के त्रिलोकपुरा गांव निवासी विनोद गुर्जर ने 977वीं रैंक हासिल की है। किसान पुत्र विनोद गुर्जर का यह चयन पहले ही प्रयास में हुआ है। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। विनोद के पिता धुडाराम गुर्जर किसान हैं और माता गृहिणी हैं। विनोद बचपन से ही पढ़ाई में मेधावी रहे हैं। उनके दो बड़े भाई हैं और विनोद उनसे छोटे हैं। उन्होंने वर्ष 2011 में अपनी पहली नौकरी प्राप्त की थी। वर्तमान में वे भारतीय रेल डाक सेवा, सीकर में कार्यरत हैं। विनोद ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, ताऊजी और गुरुजनों को दिया। उन्होंने कहा, "लगन, अनुशासन और आत्मविश्वास ही सफलता की असली कुंजी है।" परिणाम घोषित होने के बाद क्षेत्र के लोग उन्हें बधाई दे रहे हैं।

## नेत्र जांच एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर में 68 जने लाभान्वित



जयपुर टाइम्स

**रींगस(निसं.)।** रोटरी क्लब रींगस द्वारा कस्बे की श्री रामानंद पाठशाला में 112 वें निशुल्क नेत्र जांच एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ रोटेरियन डॉ अजय सक्सेना, सह प्रांतपाल डॉ भंवर सिंह ताखर, रोटेरियन अर्जुन सिंह लांबा, डॉ विनोद कुमार गुप्ता, रघुनाथ जाट एसबीआई, सुभाष बिजारणिया द्वारा भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर संयोजक झाबरमल निठारवाल ने बताया कि रोटरी क्लब रींगस द्वारा इस निशुल्क चिकित्सा व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन प्रत्येक माह के तीसरे रविवार को किया जाता है। लेकिन इस बार दिपावली पर्व के कारण 3 दिन पहले ही शिविर का आयोजन किया गया। शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर की टीम द्वारा 68 नेत्र रोगियों की जांच कर 38 रोगियों को लैंस प्रत्यारोपण के लिए चयनित किया गया। नेत्र लेंस प्रत्यारोपण के लिए चयनित मरीजों को जयपुर ले जाकर लैंस प्रत्यारोपण किया जाएगा व वापस रींगस छोड़ा जाएगा। रोटरी क्लब रींगस द्वारा आयोजित शिविरों में अब तक 3009 लैंस प्रत्यारोपण कर लोगों को आंखों की रोशनी प्रदान की गई है। शिविर में शंकरा आई हॉस्पिटल से डॉ सामभवी, शिविर प्रभारी दीनदयाल पंवार, पवन, नर्सिंग स्टाफ अरूणा, सत्यांस, नन्दिनी, जैसमीन ने सेवाएं दी। सीसीए शिक्षण संस्थान के स्काउट अनुज सैन ,हिमांशु,तनुज,ने सहयोग प्रदान कर शिविर को सफल बनाया।

## रक्त दान शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर लिया भाग

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** स्व. विकास कुमावत की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को राजकीय स्वास्थ्य केंद्र, दिशनाऊ में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर भाजपा नेता दिनेश जोशी के सान्निध्य में संपन्न हुआ।शिविर में ग्रामीणों व मित्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्व. विकास कुमावत को श्रद्धांजलि अर्पित की और समाजसेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम में पंचायत समिति सदस्य राजेश खाखल, मोतीलाल कुमावत, सुमेर ढाका, मनोज कुमार ढाका, शक्ति सिंह, दिनेश सिंह, रामावतार शर्मा, सुरेंद्र फौजी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। भाजपा नेता दिनेश जोशी ने रक्तदाताओं को सम्मान पत्र प्रदान कर उनके मानवीय योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है, जिससे जरूरतमंदों को जीवनदान मिलता है। इस अवसर पर उन्होंने स्व. विकास कुमावत के समाजसेवी योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन सेवा, त्याग और प्रेरणा का प्रतीक था।शिविर में युवाओं और ग्रामीणों की भागीदारी ने यह साबित किया कि स्व. विकास कुमावत की स्मृति समाज में हमेशा जीवित रहेगी और लोगों को सेवा के लिए प्रेरित करती रहेगी।

### अजीतगढ़ नगर पालिका की लापरवाही का मामला

## 2 साल पहले 70 लाख की लागत से लगाए गए 93 सीसीटीवी कैमरे पड़े हुए हैं करीब करीब खराब

### कैमरे खराब होने के कारण पुलिस नहीं पहुंच पा रही है चोरों तक

जयपुर टाइम्स



**अजीतगढ़(निसं.)** 2 साल पहले कस्बे में विभिन्न आपराधिक एवं चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए नगर पालिका ने विभिन्न स्थानों पर 93 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे जिनकी कमांड पुलिस थाने में कर रखी थी लेकिन नगर पालिका की लापरवाही के कारण लगे करीब करीब सीसीटीवी कैमरे खराब होने के कारण चोरी की घटना होने एवं अन्य आपराधिक मामला होने के बाद पुलिस चोरों व अपराधियों तक पहुंच नहीं पा रही है जिस कारण लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। जानकारी के अनुसार 2 साल पहले नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष संतोष देवी अग्रवाल के कार्यकाल में कस्बे में बढती आपराधित घटनाओं, चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने समेत असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई करने के उद्देश्य से कस्बे के विभिन्न स्थान पर बिजली के पोलों पर करीब 70 लाख रुपए की लागत से 93 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे जिनकी पूरी कमान अजीतगढ़ थाने पर थी लेकिन नगर पालिका की लापरवाही के कारण ये करीब करीब कैमरे खराब पड़े हुए हैं जबकि नगर पालिका को पूरी जानकारी होने के बाद भी नगर पालिका उनकी तरफ कोई ध्यान नहीं दे रही है जिस कारण लोगों में भारी रोष व्याप्त हो रहा है। लोगों का आरोप है कि अगर सीसीटीवी कैमरे सही होते तो कस्बे मे हो रही चोरियो एवं अन्य आपराधिक वारदातों समेत असामाजिक तत्वों पर अंकुश लग सकता था।

### सीसीटीवी कैमरे खराब होने के कारण अपराध एवं चोरी होने के बाद पुलिस को नहीं मिल पाए सुराग

कस्बे मे हो रही चोरियों, आपराधिक वारदातें समेत असामाजिक तत्वो पर अंकुश लगाने के लिए नगर पालिका द्वारा लगाए गए करीब करीब सीसीटीवी कैमरे खराब होने के कारण जब भी कोई आपराधिक वारदात होती है या कोई अज्ञात वाहन ने दुर्घटना कर फरार हो जाता है तो पुलिस को इस बारे में पूरे सुराग नहीं लग पा रहे हैं जिस कारण पुलिस को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। जानकारी के अनुसार गत रात्रि हुई चोरी की वारदात अगर सीसीटीवी कमरे सही होते तो पुलिस को चोरों के मामले में पूरी जानकारी मिल जाती साथ ही एक सप्ताह पहले चोमू तिराया पर रात के समय एक चाय की दुकान पर चाय पी रहे चार श्याम श्रद्धालुओं पर एक अज्ञात अनियंत्रित बोलेरो गाड़ी ने टक्कर मार दी थी जिस कारण चारों श्रद्धालु गंभीर घायल हो गए थे लेकिन सीसीटीवी कैमरे खराब होने के कारण उस गाड़ी का आज तक भी पता नहीं चल पाया इसी प्रकार अन्य कई आपराधिक मामले व चोरी की घटना होने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली ही चल रहे हैं। इस संबंध में अजीतगढ़ नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी जुबेर खान का कहना है कि इस मामले में उनको अभी जानकारी मिली है जिस कारण संबंधित ठेकेदार को लिखित में इस संबंध में अवगत कराया गया है कि जो सीसीटीवी कैमरे खराब पड़े हैं उनकी तुरंत मरम्मत करें एवं समय-समय पर इनका रखरखाव करें ताकि खराब पड़े सीसीटीवी कैमरे समय रहते सही हो सके। इस संबंध में अजीतगढ़ थाना अधिकारी प्रदीप शर्मा का कहना है कि उन्होंने गुरुवार को नगर पालिका में आए उपखंड अधिकारी के सामने अधिशासी अभियंता को इस संबंध में अवगत कराया है जल्दी ही खराब पड़े सीसीटीवी कैमरे सही हो जाएंगे।

## विधिक सेवा प्राधिकरण की समीक्षा बैठक, न्याय सुनिश्चित करने हेतु "ज़ीरो पेंडिंग" मिशन पर ज़ोर

जयपुर टाइम्स



**सीकर(निसं.)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में पीड़ित प्रतिकर स्कीम एवं बालश्रम प्रकरणों में सहायता राशि के संबंध में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य था – पोक्सो मामलों में पीड़ित बच्चों को समय पर प्रतिकर राशि सुनिश्चित करवाना तथा बालश्रम से मुक्त हुए बच्चों को राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त सहायता योजनाओं से जोड़ना। बैठक की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव, शालिनी गोयल ने की। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा, बाल कल्याण समिति सदस्य बिहारी लाल बालान, तथा गायत्री सेवा संस्थान के जिला समन्वयक नरेश कुमार सैनी सहित संस्थान की टीम मौजूद रही।बैठक में पोक्सो मामलों में पीड़ित प्रतिकर स्कीम के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की 'जीरो पेंडिंग' नीति पर विशेष बल दिया गया, ताकि किसी भी पीड़ित नाबालिकों को आर्थिक सहायता में विलंब न हो। साथ ही, बालश्रम से मुक्त बच्चों के पुनर्वास एवं शैक्षणिक सहायता के प्रावधानों पर भी चर्चा की गई, जिससे रेस्क्यू करे गये बच्चों को सुरक्षित और सम्मानजनक भविष्य प्रदान किया जा सके।सचिव शालिनी गोयल ने स्पष्ट कहा कि "पीड़ित प्रतिकर स्कीम केवल पोक्सो जैसे गंभीर अपराधों के पीड़ितों के लिए है, जबकि बाल श्रम प्रकरणों में अलग प्रकार की सहायता योजनाएँ लागू की जाती हैं।" उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी पीड़ित को न्याय या सहायता राशि के लिए अधिक प्रतीक्षा न करनी पड़े। अतिरिक्त जिला कलेक्टर भावना शर्मा ने भी सभी संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य है कि हर पात्र पीड़ित को शीघ्र राहत और न्याय मिले।बाल कल्याण समिति सदस्य बिहारी लाल बालान ने कहा कि "पीड़ित प्रतिकर और सहायता राशि केवल आर्थिक मदद नहीं, बल्कि यह समाज के संवेदनशील होने का प्रतीक है। न्याय तभी सार्थक है जब वह समय पर मिले।"बैठक के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे समन्वय कर सुनिश्चित करें कि प्रत्येक पात्र पीड़ित को समुचित मुआवजा, सहायता और पुनर्वास लाभ समय पर प्राप्त हो।

## मिलावट करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** दीपावली पर्व के अवसर पर आमजन को सुरक्षित व शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट मुकुल शर्मा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा जिला रसद अधिकारी को निर्देशित किया है कि 18 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक मनाए जाने वाले धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन व भाई दूज के दौरान बाजारों में बिकने वाली मिठाई, ड्राय फ्रूट्स एवं अन्य खाद्य सामग्री की गहन जांच की जाए। इस दौरान किसी भी प्रकार की मिलावट की शिकायत पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 एवं नियम 2011 के तहत सख्त कार्रवाई की जाए।पर्व के दौरान आकस्मिक स्थिति में त्वरित चिकित्सीय सहायता सुनिश्चित करने के लिए जिले के समस्त चिकित्सा वाहनों को आवश्यक उपकरणों व स्टाफ सहित तैनात रखने के निर्देश दिए गए हैं। जिले के समस्त राजकीय चिकित्सालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को खुला रखने के लिए भी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।


### कार्यालय नगरपरिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान

क्रमांक : – न.प.सु./भूमि शाखा/2025/7161 दिनांक 15–10–2025

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे अंकित निम्नलिखित व्यक्तियों द्वारा कृषि भूमि नियमन के अन्तर्गत पट्टा नियमन हेतु आवेदन किया हुआ है। उक्त के सम्बंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो आपत्ति प्रकाशन के 03 दिवस में मय दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत करे। बाद मियाद गुजरने पश्चात् किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और इकतरफा कार्यवाही की जावेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | कस्बा | ख.न. | क्षेत्रफल वर्गमीटर | आवासीय / व्यावसायिक |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | श्री संतोष कुमार पुत्र श्री शिवदत्त राय | सुजानगढ़ | 2511/1920 | 65.26 | आवासीय |
| 02. | श्रीमती सुखी देवी पत्नी श्री संतोष कुमार | सुजानगढ़ | 2511/1920 | 81.16 | आवासीय |

आयुक्त
नगरपरिषद, सुजानगढ़

### कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजलदेसर जिला चूरू (राज.)

Email-raj.churu.bika@gmail.com Phone number 01567-294504
क्रमांकः- न.पा.रा./2025-26/9081 दिनांकः-16/10/25

**आपत्ति विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न तालिका अंकित आवेदकों ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धार 69-क / कृषि भूमि के तहत आवासीय प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्वप पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगरपालिका के पक्ष में अभ्यार्पित के तहत स्वामित्व पट्टे आवंटन हेतु पत्रावलियां प्राप्त हुई है। उक्त वर्णित पत्रावलियों के पट्टे आवंटन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय दस्तावेजों के अन्दर मियाद 03 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद गुजर मियाद प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जायेगा।

| क्र.सं. | नाम आवेदनकर्ता | आसापासा | पता | खसरा नम्बर | क्षेत्रफल | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री भगवती देवी पत्नी श्री रमेश कुमार सोनी | उतर- रमेश कुमार सोनी दक्षिण- बाबुलाल सोनी पूर्व- बाबुलाल सोनी पश्चिम - रास्ता | वार्ड नं. 09 राजलदेसर | - | 196.83 वर्गमीटर | 69-क |
| 02 | श्री रमेश कुमार सोनी पुत्र उदय चन्द सोनी | उतर- आम चौक रास्ता दक्षिण-भगवती देवी सोनी पूर्व- बाबुलाल सोनी पश्चिम - रास्ता | वार्ड नं. 09 राजलदेसर | - | 291.56 वर्गमीटर | 69-क |
| 03 | श्री राज पुत्र श्री पप्पू हरिजन | उतर- राहुल पंवार दक्षिण-रतनलाल पूर्व- रतनलाल पश्चिम - आम रास्ता | वार्ड नं. 26 राजलदेसर | 1591 | 119.67 वर्गमीटर | कृषि भूमि नियमन |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका राजलदेसर


## राजस्थान स्टेट पैरा स्विमिंग चैंपियनशिप 9वीं 17 से 19 नवंबर तक

**सीकर(निसं.)।** राजस्थान स्टेट पैरा स्विमिंग चैंपियनशिप 9वीं 17 नवंबर से 19 नवंबर तक स्वामी केशवानंद शिक्षण संस्थान, बढ़ाढर सीकर के स्विंगपूल में हो रहा है। आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं दिव्यांग पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ सीकर के अध्यक्ष बाबूलाल ढाका एडवोकेट ने बताया कि प्रतियोगिता से पूर्व कल दोपहर 1.00 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में द्रोणाचार्य अवॉर्डी कोच महावीर सैनी, आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं दिव्यांग पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ सीकर के अध्यक्ष बाबूलाल ढाका, तथा आयोजन समिति के सचिव रामनिवास ढाका निदेशक केशवानंद शिक्षण संस्थान समूह उपस्थित रहेंगे और मीडिया को प्रतियोगिता से संबंधित विस्तृत जानकारी


### कार्यालय प्रधानाचार्य, पं. दीनदयाल उपाध्याय मेडिकल कॉलेज, चूरू

website: www.education.rajasthan.gov.in/mcchuru
Email: - principal.mc.churu@rajasthan.gov.in Phone - 01562-251888
क्रमांक :- लेखा/निविदा / 33 KVA लाइन / 2025/562 दिनांकः- 15-10-2025

**E-NIT-18/2025-26**
**(UBN No.- mcc 2526WSOB00024)**

Online Bid for Repairing Work of 33 KVA Cable Line are invited from interested bidders up to 12.12.30PM on dated wkJo for Medical College, Churu. The estimated value of procurement is about Rs 4,00,000/-. Other particulars of the bid may be visited on the Procurement Portal htpp://sppp.rajasthan.gov.in of the State, https://eproc.rajasthan.gov.in.

DIPR/C/15513/2025
**Principal**
**PDU Medical College, Churu**

### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DN RATANGARH

No :- 1919 - 1928 Date: 14-16-2025

**Notice Inviting Bid No 20/2025-26**

Bids for 15 (Fifteen Nos) work are invited from interested bidders upto 06.00 PM dated 27.10.2025 other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in/http://sppp.raj.nic.in) of the state and PWD departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 459.31 Lacs

NIB No PWD2526 A 3848
1. UBN No:- PWD2526WSOB14660
2. UBN No:- PWD2526WSOB14663
3. UBN No:- PWD2526WSOB14667
4. UBN No:- PWD2526WSOB14670
5. UBN No:- PWD2526WSOB14671
6. UBN No:- PWD2526WSOB14676
7. UBN No:- PWD2526WSOB14677
8. UBN No:- PWD2526WSOB14678
9. UBN No:- PWD2526WSOB14680
10. UBN No:- PWD2526WSOB14681
11. UBN No:- PWD2526WSOB14682
12. UBN No:- PWD2526WSOB14683
13. UBN No:- PWD2526WSOB14684
14. UBN No:- PWD2526WSOB14690
15. UBN No:- PWD2526WSOB14691

DIPR/C/15994/2025
**Executive Engineer**
**PWD Dn. Ratangarh**

### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड चूरू

क्रमांक :- 3811-3825 दिनांक :- 09/10/2025

**ई - निविदा सूचना संख्या- 41 / 2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तहसील व जिला चूरू में निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। आर. पी डब्लयू. ए 100 की शर्त लागू होगी। निविदा से संबंधित विवरण बेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tendrs.asp एंव विभागीय वेबसाईट http:// eproc.rajasthan.gov.in http://www.pwd.rajajasthan.gov.in तथा http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
NIB No. - PWD2526A3807

| S.No. | UBN NO. |
|---|---|
| 1. | PWD2526WSOB14500 |

DIPR/C/15287/2025
**अधिशाषी अभियन्ता,**
**सा.नि.वि. खण्ड चूरू**

राजस्थान सरकार

### कार्यालय प्राचार्य, राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू

**E-mail: lohiacollegechuru@gmail.com, Ph. No. 01562-250362, Website- Icc.ac.in**
क्रमांक :-लोका /स्था / 2025 / 1225 दिनांक :- 10/10/2025

**खुली निविदा सूचना 03 /2025**

| क्र. सं. | कार्य का नाम एवं स्थान | अनुमानित लागत | निविदा शुल्क | बोली प्रतिभूति राशि | निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि एवं समय | निविदा को खोलने की तिथि एवं समय | UBN and NIB No. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू में खेल उपकरण एवं कबड्डी व वॉलीबाल मैदान तैयार करवाने बाबत | 400000 | 200 | 20000 | 27.10.2025 दोपहर 1.00 बजे तक | 27.10.2025 दोपहर 3.00 बजे तक | NIB No. ECD2526A0296 BID No. ECD2526GSOB00308 |

उक्त बोली प्रपत्रों को वेब साईट http://sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। इन बोलियों में भाग लेने वाले संवेदक / फर्म बोली को निर्धारित दिनांक एवं समय तक जमा कराऐं ।
उपापन संस्था को बोली प्रक्रिया को रद्द करने और कोई या समस्त बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। बोली प्रस्तुत करने की अन्तिम दिनांक व बोली खोलने की अन्तिम दिनांक तथा समय को राजकीय अवकाश होने की स्थिति में आगामी कार्यदिवस को बोली प्रस्तुत करने की अन्तिम दिनांक व बोली खोलेन की अन्तिम दिनांक एवं समय होगी ।

DIPR/C/15263/2025
**प्राचार्य**
**राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू**

राजस्थान सरकार

### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, खण्ड चूरु

ई-44 अग्रसेन नगर चूरू E-mail: eemhchuru@yahoo.com
फोन नं. 01582-254670
क्रमांक- प.01 () / चि. स्वा. / खण्ड-चूरु / 2025-26 / 610 दिनांक :- 09.10.2025

**निविदा सूचना संख्या :- 12 / 2025-26**

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, खण्ड चूरु के अन्तर्गत जिला चूरू के उप जिला अस्पातल राजगढ़ में फायर सिस्टम, लिफ्ट एवं एयर कंडिशनिंग एवं सामु / प्रा. स्वा. केन्द्रों पर आन्तरिक विधुतीकरण कार्य एवं सिविल कार्य राशि रु. 243.11 लाख तक के कार्य के लिए निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेब साईट www.dipronline.org,http// sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता हैं।
UBN No.- 1. NRH2526WSOB01184

DIPR/C/15199/2025
**अधिषाशी अभियन्ता**
**चिकित्सा एवं स्वास्थ्य खण्ड चूरू**

### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, PHED DIVISION CHURU (RAJ.)

Tel. 01562-250343, e-mail - eephedchuru@gmail.com, ee.chu.phed@rajasthan.gov.in
No:- 1929-1943 Date - 09.10.2025

**NOTICE INVITING BID**

Bids for Nit no 20/2025-26 Rate Contract for Work of maintaining power factor and Hiring of power capacitor for various electric connections (Pump House/Tube Well/Open Wells etc.) under the jurisdiction of Div Churu are invited form interested bidders upto 27-10-2025 (18:00 Hrs) Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal. http:// sppp.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in) of the state and phed.raj.nic.in. The approximate value of the procurement is Nit no 20/2025-26 Rs. 55.00 Lacs.
UBN No. PHE 2526WSRC07459 RS 55.00 Lacs.

DIPR/C/15139/2025
**Executive Engineer,**
**PHED Division Churu**

# अन्नपूर्णा रसोई में जरुरतमंदों को भोजन करवाकर उनके बीच जन्मदिन मनाना एक अच्छी पहल - मधुसूदन राजपुरोहित





जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर में विप्र फाउंडेशन सरदारशहर टीम द्वारा विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता नरेन्द्र सिंह राजपुरोहित का 30 वां जन्मदिन सादगी के साथ अन्नपूर्णा रसोई में जरुरतमंदों के बीच केक काटकर व जरूरतमंदों को भोजन करवाकर मनाया गया। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजपुरोहित ने कहा कि आज मुझे बेहद खुशी है कि मेरे जैसे साधारण कार्यकर्ता के जन्मदिन पर सम्पूर्ण सरदारशहर के साथ साथ संगठन के जिला, प्रदेश व राष्ट्रीय पदाधिकारियों, राजनेताओं , मिडिया कर्मीयों और स्नेहीजनों द्वारा बधाइयां व शुभकामना देकर सादगी के साथ मनाया। मुझे समाज हित व शहर हित में कार्य करने के लिए ओर प्रेरित कर दिया है। इस जन्मदिन को बैहतर बनाने के लिए सरदारशहर विप्र फाउंडेशन परिवार द्वारा संगठन के सभी सम्मानित मुख्य पदाधिकारियों द्वारा अन्नपूर्णा रसोई में प्रधान प्रतिनिधि व संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित व तहसील अध्यक्ष वैद्य महेंद्र शर्मा के मुख्या आतिथ्य में जरुरतमंदों को भोजन करवाकर एक सराहनीय पहल की है। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित ने कहा कि युवा अध्यक्ष राजपुरोहित साधारण कार्यकर्ता के साथ साथ आज संगठन का दायित्व अपनी मेहनत व लगन से संभाल रहे हैं। विप्र फाउंडेशन तहसील अध्यक्ष वैद्य महेंद्र शर्मा ने कहा कि राजपुरोहित जैसे कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ताओं का जन्मदिन मनाना पुरे युवाओं के अन्दर जोश भरने का कार्य होंगा। विप्र फाउंडेशन युवा प्रदेशाध्यक्ष सुनील मिश्र ने कहा कि ऐसे व्यक्तियों का सम्मान ही उनके कर्तव्य के प्रति जागरूक व ईमानदार होने का प्रयास जाग्रत करता है। इस अवसर पर सभी सदस्यों द्वारा अन्नपूर्णा रसोई को जरुरतमंदों के लिए शानदार कदम बताया। इस अवसर पर सभी ने राजपुरोहित के स्वस्थ जीवन व उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामना दी। तत्पश्चात सभी पदाधिकारियों ने राजपुरोहित को साफा, दुपट्टा पहनाकर व केक काटकर जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन प्रदेश महामंत्री भरत शर्मा ने कहा कि अन्नपूर्णा रसोई में आयोजित जरुरतमंदों को भोजन करवाकर अपना जन्मदिन मनाना वाकई में प्रेरणादायक है। इस अवसर पर युवा कार्यकर्ता व संगठन के अध्यक्ष राजपुरोहित ने कहा कि में हमेशा की भांति नई ऊर्जा के साथ आप सभी के साथ, सहयोग, विश्वास और आशीर्वाद से ही समाज हित व जनहित में कार्य करता रहुंगा। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री भरत शर्मा, तहसील अध्यक्ष वैद्य महेंद्र शर्मा, दैहात अध्यक्ष मांगीलाल सेवदा, तहसील महामंत्री राजकुमार गौड़, दाधीच समाज के अध्यक्ष सुरेन्द्र दाधीच, युवा प्रकोष्ठ प्रदेश प्रवक्ता मदनलाल मिश्र, प्रवीण भोजक, लीलाधर राजपुरोहित, अन्नपूर्णा रसोई के संचालक विकास बागड़ी सहित कई विप्रजनों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने राजपुरोहित के जन्मदिन पर गायों को गुड़ व चारा खिलाकर पुन्य का कार्य करते हुए राजपुरोहित को जन्मदिन की बधाइयां दी।

## इंश्योरेंस कंपनी के सर्वे में अनियमितता के आरोप



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** किसानों को अतिवृष्टि के चलते फसलों के हुए नुकसान को लेकर हो रहे सर्वे में अनियमितता बरतने के आरोप लगे हैं। किसानों ने एक ज्ञापन उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा को सौंपा। कॉमरेड रामनारायण रूलाणिया, किसान सभा के अध्यक्ष तेजपाल गोदारा, एडवोकेट रामकुमार मेघवाल, गोविन्दसिंह, हीराराम, बजरंगसिंह फौजी आदि ने उपखंड अधिकारी को बताया कि रिलायंस इंश्योरेंस कंपनी की ओर से मौका रिपोर्ट के लिए जो अधिकारी, कर्मचारी भेजे जा रहे हैं, वे गांवो में दलालों से मिलकर कमीशन देने वाले केवल कुछ किसानों के पक्ष में ही सर्वे कर रहे हैं। प्रलोभन के अधीन होकर किए जा रहे इस सर्वे के कर्मचारी आम किसानों के साथ अन्याय कर रहे हैं। इसलिए ऐसे अधिकारियों की झूठी रिपोर्ट की बजाय, सही रिपोर्ट पर सभी किसानों को मुआवजे दिए जायें। ज्ञापन सौंपते वक्त ज्ञापन सौंपते वक्त सहीराम, रामेश्वरलाल, हणुताराम, रामदेव, भागीरथ आदि मौजूद रहे।

## समस्या समाधान केन्द्र के पदाधिकारियों ने कलक्टर को सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**चूरू,(निसं.)** गढ़ परिसर में स्थित सैटेलाइट अस्पताल में पेंशनरों को आरजीएस की सुविधा नहीं मिलने के विरोध में प्रेम बगड़िया की अध्यक्षता में समस्या समाधान केंद्र चूरू की ओर से धरना प्रदर्शन कर जिला कलक्टर को ज्ञापन दिया गया। संस्था के सचिव प्रमोद शर्मा ने बताया कि आरजीएस की सुविधा तुरंत प्रभाव से चालू करवाई जाए। इस अवसर पर पुरुषोत्तम सैनी ने पेंशनरों से निवेदन किया कि दीपावली पर्व के पश्चात आरजेएस के लिए संघर्ष करना पड़े तो पेंशनरों को तैयार रहना होगा। इस अवसर पर पेंशनर शंकरलाल सैनी, प्रमोद शर्मा, रामरतन सैनी, बाबूलाल, गिरधारीलाल, मिलेखूराम, राहुल शर्मा, डूंगर माली, विनोद राठी आदि उपस्थित रहे। धरने पर संस्था अध्यक्ष सत्यनारायण व्यास ने पेंशनर कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

## विधायक मनोज मेघवाल ने किया अस्पताल का अवलोकन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** एमआरएस की बैठक का आयोजन राजकीय बगड़िया अस्पताल के पीएमओ कार्यालय में विधायक मनोज मेघवाल के सानिध्य में किया गया। बैठक में अध्यक्षता एडीएम संतोष मीणा ने की। इस अवसर पर चिकित्सकों द्वारा ओपीडी पर्ची ऑनलाईन प्रिस्क्रिप्शन हेतु कम्प्यूटर व प्रिंटर्स खरीदे जाने, अनुबंधित वाहन का भुगतान एमआरएस से किए जाने, ऑपरेशन थियेटर में नई टाईल्स लगाए जाने, सर्जिकल सामग्री क्रय करने हेतु निविदा जारी करने सहित अनेक निर्णय लिए गए। गायनिक वार्ड में बैड संख्या बढ़ाये जाने का निर्णय लिया गया। इसी प्रकार संविदा कार्मिकों को एक हजार का दीवाली बोनस दिए जाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर पीएमओ डॉ. पुरूषोतम करवा, पार्षद मनोज पारीक, राजेंद्र गीड़िया, कमलेश मंडावरिया, हरीराम बिस्सु, बजरंग सेन आदि लोग मौजूद रहे। वहीं बैठक के बाद विधायक मनोज मेघवाल ने अस्पताल में व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया।

## समाज में ज्ञान का दीपक जलाना ही दीपावली हैं - गौड़



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के शाकम्भरी विद्यापीठ शिक्षण संस्थान उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को दीपावली मिलन समारोह का शुभारंभ संस्था अध्यक्ष पुष्पा शर्मा एवं मंचासीन अतिथियों ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम एवं संस्थापक दयाशंकर गौड़ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया। समारोह में संस्था अध्यक्ष, निर्देशक एवं प्रधानाचार्य सहित शिक्षकों एवं सहयोगी कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि ताराचंद गौड़ ने विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा दीप सज्जा प्रतियोगिता के दौरान बनाए गए दीपों की प्रशंसा की तथा सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष पुष्पा शर्मा ने कहा कि भारतीय महिलाएं गुणवान एवं अपने घर की अन्नपूर्णा देवी होती हैं तथा परिवार में संस्कारों का संचार भी करती हैं। प्रधानाचार्य भरत गौड़ ने सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा श्रीराम से प्रेरणा लेते हुए एकता, भाईचारा, धैर्य, सहयोग, सकारात्मक एवं उत्साहपूर्ण जीवन जीने की आवश्यकता पर बल दिया। संस्था निर्देशक दिव्या गौड़ ने उपस्थित कर्मचारियों एवं शिक्षकों को शुभकामनाएं दी तथा मिठाई एवं उपहार भेंट किए। विद्यालय प्रशासन ने इस आयोजन में शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन आलोक सिंह ने किया।

## राजस्थानी फिल्म बाई बिमला रो ब्याव के प्रीमियर शो का हुआ शुभारम्भ

### कलाकारों ने दी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां



जयपुर टाइम्स

**चूरूः(निसं.)** निकटवर्ती कस्बे रतननगर में बुधवार शाम साहित्य कला फिल्मस संस्थान राजस्थान का 46 वां वार्षिक अधिवेशन व राजस्थानी फिल्म बाई बिमला रो ब्याव के प्रीमियर शो का शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक हरलाल सहारण थे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां ने की तथा विशिष्ट अतिथि वीणा कैसेट्स के केसी.मालु, सीबीआई न्यायाधीश रामावतार सोनी, खाजुवाला विधायक विश्वनाथ मेघवाल, समाजसेवी अखिलेश चतुर्वेदी, रतनगढ़ के पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि व मुरारी लाल चूलेट थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने पूर्व आईएएस आरके चतुर्वेदी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्जवलित कर किया। गौरतलब है कि मुरारीलाल महर्षि की ओर से निर्मित व निर्देशित ये फिल्म राजस्थानी संस्कृति व कला को दर्शाती है। इस अवसर पर राजस्थानी लोक कलाकारों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जन को भाव विभोर कर दिया। फिल्म के प्रीमियर शो का उद्घाटन अतिथियों ने कम्प्यूटर का बटन दबाकर किया। समारोह में राजस्थान की स्वर कोकिला सीमा मिश्रा ने केशरिया बालम व चिरमी सुनाकर दर्शकों से खूब वाह-वाही लूटी। इससे पूर्व अतिथियों का मार्ल्यापण कर व शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। वहीं स्वर कोकिला सीमा मिश्रा ने कलाकारों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में अशोक झिकनाडिया, राजेन्द्र धरेन्द्रा, डॉ. अक्षत चतुर्वेदी, आयुश चतुर्वेदी, पूर्व चेयरमैन सत्यनारायण सैनी, जंयत परिहार, गोपाल जालान, एडवोकेट अरविन्द शर्मा, हुणताराम ईशराण, नारायण प्रसाद महर्षि, मोहनलाल खारडिया, नरेन्द्र चतुर्वेदी, आनंद महर्षि, डॉ. एफ.एच. गौरी, लेखराज सोनी, संपत कटारिया आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्रो. केसी सोनी ने किया।

## श्रीलोक रंजन परिषद् के स्वर्ण जयन्ती समारोह पर भव्य भागवत कथा का आयोजन

### लोक रंजन परिषद संस्थान सौ साल से क्षेत्र में सेवा के कार्य

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर की सबसे पूरानी एवं लोकप्रिय, सांस्कृतिक, सामाजिक, सेवभावी संस्था श्री लोकरंजन परिषद् के सौ वर्ष पूर्ण होने पर संस्था द्वारा स्वर्ण जयन्ती मनाने का निर्णय लिया गया है। संस्था के उपाध्यक्ष शोभाकान्त स्वामी ने बताया कि आज से 100 वर्ष पूर्व संगीत मर्मज्ञ बाबू शोभाचन्द जम्मड़ द्वारा स्थापित श्री लोकरंजन परिषद् के 100 वर्ष पूर्ण होने पर शताब्दी वर्ष में शान्ति कूटीर में 12 नवम्बर से 18 नवम्बर तक सन्त श्री दंडी स्वामी ब्रह्मानन्द सरस्वती महाराज के मूखारबिन्दु से भागवत कथा का वाचन होगा। कथा का समय दोपहर 1 बज से सांय 5 बजे तक रहेगा। इस अवसर पर कथा के शुभारम्भ पर दिनांक 12 नवम्बर को सुबह 11 बजे श्री लोकरंजन परिषद् बाबू शोभाचन्द जम्मड़ भवन से कलशः यात्रा निकाली जायेगी। कलश यात्रा में माताऐं बहने सिर पर कलश धारण किए हुए एवं घोड़ी, ऊँट, बैण्ड-बाजे व रथ के साथ साथ मनमोहक झांकिया आकर्षण का केन्द्र रहेगी। कलश यात्रा शान्ति कुटीर पर जाकर विर्सजन होगी। इस अवसर पर सभी के लिये प्रसाद की व्यवस्था की गयी है।आयोजन को सफल बनाने के लिए संस्था के पदाधिकारीयों एवं सदस्यों को अलग अलग जिम्मेदारियां दी गयी है। संस्था के अध्यक्ष चिमनलाल बुच्चा परिवार के सौजन्य से होने वाली इस कथा में संस्था के मंत्री शंभुदयाल पारीक, डॉ बालकृष्ण कौशिक, महावीर माली, शंकरलाल प्रेमानी, ओमप्रकाश सोनी, प्रमोद जोशी, श्याम जोशी, ओमप्रकाश तिवाड़ी, रामजी सुथार, माणकचन्द भाटी, तेजपाल चौधरी, सूखवीर पारीक, ओमप्रकाश डांगी, छगनलाल सेवदा, कनक नाई, ओमप्रकाश जोशी, अभिषेक पारीक, गौरीशंकर कन्दोई, मनोज माली, श्याम माली, दुर्गा प्रसाद चोटिया, नन्दलाल प्रजापत सहित पूरी टीम तैयारियों में जुटी है। आयोजन को सफल बनाने के लिए दिनांक 2 नवम्बर को सुबह 11 बजे श्री लोकरंजन परिषद् में शहर के गणमान्य व्यक्तियों की बैठक रखी गयी है। जिसमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में प्रवूद्धजन भाग लेकर इस धार्मिक अनुष्ठान में अपनी भागीदारी निभाकर धार्मिक आयोजन को सफल बनाने की अपील की गई।

## जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सरदारशहर में शहरी सेवा शिविर का किया अवलोकन

### लाभार्थियों से किया संवाद



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के चौधरी कुआं के पास स्थित शहरी सेवा शिविर का जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने गुरुवार को अवलोकन किया तथा लाभार्थियों से संवाद करते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर जिला कलक्टर ने शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही सेवाओं की जानकारी ली तथा बेहतरीन प्रबंधन के निर्देश दिए। शिविर के दौरान उन्होंने लाभार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि शासन–प्रशासन इन शिविरों के माध्यम से आमजन तक पहुंच रहा है। शिविरों में सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर विभिन्न योजनाओं में पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित कर रहे हैं। इसलिए अधिकाधिक संख्या में शिविरों में भाग लेकर योजनाओं का बेहतरीन लाभ उठाएं। इसी के साथ परिवेश के अन्य वंचित व पात्र लोगों को भी जागरूक करें और लाभान्वित करें। उन्होंने शिविर में उपस्थित आमजन से उनकी आवश्यकताओं की जानकारी ली तथा संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। शिविर व्यवस्थाओं का अवलोकन कर सभी अधिकारियों से कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचाएं। शिविर में आने वाले पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से मिले। इसी के साथ शिविर में प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए। सुराणा ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि शिविरों में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें। प्रशासन की प्राथमिकता है कि कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि शिविरों के दौरान ही आवेदनों का अधिकतम निस्तारण हो तथा शेष रह जाने वाले आवेदनों, शिकायतों को ऑनलाइन करते हुए समयसीमा निर्धारित कर निस्तारण करें। शिविर में सुव्यवस्थित काउंटर, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, छाया और मार्गदर्शन हेतु हेल्प डेस्क आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने पीएम आवास योजना शहरी के लाभार्थियों को सहायता राशि के चेक प्रदान किए। इस अवसर पर सभापति राजकरण चौधरी ने भी विचार व्यक्त किए। एसडीएम रामकुमार वर्मा ने व्यवस्थाओं की जानकारी दी। नगरपरिषद आयुक्त मगराज डूडी ने शिविर के दौरान किए जा रहे कार्यों व प्रगति की जानकारी दी।

## दुकानों का मल्बा नहीं हटाने पर सीएलजी की मीटिंग में दिखा आक्रोश



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** दीवाली के त्यौंहार को लेकर सीएलजी सदस्यों की बैठक का आयोजन कोतवाली थाना परिसर में किया गया। सीआई बैगाराम मीणा के सानिध्य में आयोजित बैठक में त्यौंहार के अवसर पर बाजारों में की जाने वाले वाली ट्रेफिक परिवर्तन व्यवस्था के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर महावीर पाटनी ने कहा कि बार-बार ज्ञापन दिए जाने के बाद भी बाजारों में गिरी दुकानों का मल्बा नहीं हटावाया जा रहा है। जैसेलमेर की तरह दीवाली पर कोई हादसा हो गया, तो कौन जिम्मेदार होगा। जिस पर सफाई निरीक्षक ओमप्रकाश स्वामी ने कहा कि इस मामले में नोटिस दिया गया है। जिस पर महावीर पाटनी ने कहा कि नोटिस के चक्कर में आम जनता की जान को खतरे में डाला जा रहा है, इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। पाटनी ने इसमें नगरपरिषद की ढ़िलाई पर आक्रोश व्यक्त किया। कॉमरेड जगदीश नाथ ने कहा कि जगह-जगह सिवरेज के ढ़क्कर नीचे बैठ गए हैं, इसलिए इनको सही किए जाने की आवश्यकता है। प्रेम प्रजापत मुख्य बाजारों में सड़कों पर खड्डे भराए जाने की मांग की। अरविंद सोनी ने कहा कि गांधी चौक में सिवरेज का पानी आ रहा है, छोटे दुकानदार कैसे काम करेंगे। अरविंद सोनी ने कहा कि नया बाजार के पास पटाखों के गोदामों को हटाया जावे, क्योंकि आवासीय बस्ती में कभी भी हादसा हो सकता है। कॉमरेड रामनारायण रूलाणिया ने कहा कि स्टेडियम में पटाखे बेचे जाने की जानकारी प्रशासन दे रहा है, लेकिन प्रशासन ने स्टेडियम में कोई व्यवस्था नहीं की है, इसका जिम्मेदार कौन है। बनवारी लाल भार्गव ने कहा कि नाथोतालाब मोहल्ले में पानी निकासी की मुद्दा रखा। बैठक में सहायक अभियंता विक्रम जोरवाल, सफाई निरीक्षक ओमप्रकाश स्वामी, मुन्नालाल मीणा, जेईएन गौतम मेघवाल, बजरंग सेन, विद्याधर पारीक, दिनेश तंवर, तरुण सियोता, राजा खान, सैयद अली हसन, रूपा प्रजापत, कॉमरेड जगदीश नाथ, कोमल गौड, सुनील सोनी, श्याम स्वर्णकार, सुधा करवा, नोपाराम मंडा, प्रेम प्रजापत, राजकुमार प्रजापत, खुशीराम चांदरा आदि लोग मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में मृतक सैन्यकर्मी की पत्नी को मिला एक करोड़ का क्लेम



जयपुर टाइम्स

**जाजोद खंडेला-(निसं.)** श्रीमाधोपुर मार्ग पर मोरली मोड़ के पास करीब 3 माह पूर्व सड़क दुर्घटना में हुई सैन्यकर्मी की मौत के बाद मृतक की पत्नी को बैंक से एक करोड़ का क्लेम मिला है। गजे सिंह जो की भारतीय सेना में कार्यरत थे जिनकी 30 जून को खंडेला-श्रीमाधोपुर मार्ग पर मोरली मोड़ के पास देर रात में अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए थे। जिसकी वजह से उनकी मौत हो गई। दुर्घटना में मौत के बाद गजे सिंह को एसबीआई बैंक में उनके द्वारा खुलवाए गए सैलरी पैकेज खाते के तहत बैंक द्वारा एक करोड़ का क्लेम पारित किया गया। शाखा प्रबन्धक राकेश कुमार सैनी ने बताया की सैलरी पैकेज में आवेदक को एक माह की वेतनस्लिप, आधार कार्ड और पैन कार्ड के साथ आवेदन करना होता है। इसी के चलते मृतक गजे सिंह के परिवार को एक करोड़ रुपए का क्लेम पारित हुआ है। चेक का वितरण संदीप कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक, सीकर द्वारा मृतक की पत्नी कृष्णा बुनकर को दिया गया जिसमें बैंक की मुख्य प्रबन्धक रिचा सिन्हा, शाखा प्रबंधक राकेश कुमार सैनी, सहायक शाखा प्रबन्धक अभिषेक इन्दोलिया, वरिष्ठ सहायक रामनिवास सैनी, अन्तिमा गुप्ता, गार्ड पप्पू सिंह, अशोक कुमार व मृतक गजे सिंह के पिता राम पाल मौजूद थे। यह दावा निपटान एसबीआई की अपने ग्राहकों और उनके परिवारों को कठिन समय में सहायता प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## पंचायत फोगां में लगे सहयोग शिविर का ग्रामीणों ने उठाया लाभ

### अधिकारियों ने सरकार की योजनाओं की दी जानकारी



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** तहसील की ग्राम पंचायत फोगां भरथरी में ग्रामीण सहयोग शिविर सरपंच सुमित्रा देवी के सानिध्य में शिविर लगाया गया। शिविर में तहसीलदार रतनलाल मीणा, विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सोलंकी, गिरदावर दौलत राम जांगिड़, पटवारी नवरतमल, डॉ मनीष सैनी, आयुर्वेदिक डॉ कृष्ण कुमार कस्वां, कल्याण सिंह, डॉ रामकृष्ण छींपा, प्रदीप बेनीवाल, बिजली विभाग से राजेश मीणा, प्रतीक प्रियंका, बड़ौदा बैंक वेद प्रकाश शर्मा, ग्राम विकास अधिकारी मनोज कुमार चिरानिया, किशन सिंह, सुभाष जोशी, जगदीश प्रसाद, कनिष्ठ अधिकारी किशन सिंह, नरेगा अधिकारी सुरेंद्र सिंह, इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा सुपरवाइजर सुनीता चावला गोद भराई का कार्यक्रम किया गया। ग्राम पंचायत में शिक्षा, बिजली, पंचायत के खाते आदि पर चर्चा की गई। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि बनवारी लाल, शीशराम राम, अर्जुन लाल, अवतार, ओम प्रकाश, किशनलाल सहित ग्रामीणों ने शिविर का लाभ उठाया।

# अज्ञात चोरों ने इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान का शटर तोड़कर चुराया लाखों का सामान

### सामने स्थित दूसरी दुकान पर लगे सीसीटीवी में कैद हुआ अज्ञात व्यक्ति , मुंह पर बांध रखा है रुमाल,

जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़.(निसं.)** कस्बे के चोमू सड़क मार्ग पर गोशाला के पास स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान का अज्ञात चोरों ने शटर तोड़कर लाखों रूपयो का सामान चुराकर फरार हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना का मौका मुआवना कर अज्ञात चोरों का सुराग लगाने में जुट गई है। जानकारी के अनुसार कस्बे के चोमू सड़क मार्ग पर गौशाला के पास कस्बे के वार्ड नंबर 3 करणी कॉलोनी निवासी झाबरमल सैनी शिव इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान कर रखी है जिस कारण सैनी बुधवार की रात 9 बजे दुकान बंद कर



अपने घर चला गया था साथ ही गुरुवार की सुबह 7.30 बजे दुकान खोलने दुकान पर आया तो दुकान का शटर का ताला टूटा हुआ मिला एवं जैसे ही दुकान के अंदर गया तो सामान बिखरा हुआ था एवं सामान को संभाला तो गले में रखे 50,000 नकद, चार चांदी के सिक्के, करीब 75,80 हजार की लागत की पुरानी स्क्रैप, आठ पत्थर काटने वाली गलेंडर मशीन, पांच मरम्मत की गई मोटर, 110 किलो नया तांबा (कॉपर) एवं अन्य छोटा-मोटा सामान गायब मिला जिस कारण चोरी गए सामान की कीमत कुल 3.30 लाख बताई गई है, जिस कारण अज्ञात चोरों की आसपास काफी तलाश की गई, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा जिस कारण तुरंत अजीतगढ़ पुलिस को सूचना दी सूचना पर थानाधिकारी प्रदीप शर्मा, सहायक थाना अधिकारी रघुवीर प्रसाद पुलिस जाप्ते के साथ चोरी स्थल पर पहुंचे एवं मौका मुआवना किया। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में झाबरमल सैनी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है। चोरी हुई दुकान के सामने लगे दूसरी दुकान के सीसीटीवी कैमरा में कैद हुआ अज्ञात व्यक्ति, मुंह पर बांध रखा था रुमाल, बड़ी लकड़ी से सीसीटीवी कैमरे को घुमा दिया चोर ने दूसरी साइड में, थानाधिकारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि चोरी हुई दुकान एवं उसके बराबर वाली दुकानो पर किसी ने भी सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा रखा है साथ ही दुकान के सामने दूसरी दुकान वालों ने सीसीटीवी केमरा लगा रखा है जिस कारण पुलिस ने इस सीसीटीवी कैमरे को खगाला तो उसमें एक अज्ञात व्यक्ति मुंह पर रूमाल बांध रखा था एवं सीसीटीवी कैमरे की साइड को बड़ी लकड़ी से दूसरी तरफ कर रहा था तो संभावना व्यक्त की जा रही है कि यह चोर सीसीटीवी कैमरे की साइड इसलिए मोड रहा था कि कहीं वह चोरी करते समय सीसीटीवी केमरे में कैद ना हो जाए। थानाधिकारी ने बताया कि पीड़ित दुकानदार झाबर सेनी ने पुलिस को बताया कि जब उसने दुकान खोलने सुबह आया था तो उसकी दुकान के सामने किसी वाहन के टायरों के निशान भी दिखाई दिए जिस कारण लगता है कि चोर उस वाहन में सामान डालकर लेकर गए हैं लेकिन वाहन सीसीटीवी कैमरे में नहीं आ रहा है लेकिन पुलिस सड़क मार्ग पर लगे अन्य सीसीटीवी कैमरो को खगालने में लगी हुई है। कस्बे के लोगों ने थानाधिकारी प्रदीप शर्मा से मांग की है कि कस्बे में स्मैक एवं अन्य नशीले मादक पदार्थ का कारोबार जोरों से चल रहा है जिस कारण युवा वर्ग नशे की लत में लगा हुआ है जिस कारण नशा करने के लिए उनको पैसों की जरुरत्ता रहती है जिससे अगर उनके पास नशे का सामान खरीदने के लिए पैसा नहीं होगा तो वह चोरी करने जैसा कदम भी उठा रहे हैं जिस कारण नशे का कारोबार करने वाले एवं नशेड़ियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए ताकि ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके। इस संबंध में थाना अधिकारी प्रदीप शर्मा का कहना है कि पुलिस के दोनों वाहन 24 घंटे गश्त पर रहते हैं साथ ही पुलिसकर्मी सरकारी बाइक से भी गश्त कर रहे हैं पुलिस गश्त के मामले में कोई कोताई नहीं बरत रही है उनका कहना है कि उन्होंने व्यापारियों की मीटिंग लेकर कहा था कि कस्बे में केवल एक ही चौकीदार है एवं कस्बा बड़ा होने के कारण एक चौकीदार रात्रि रखवाली करने के लिए कम है इसलिए सभी दुकानदार कस्बे में चार चौकीदारों की व्यवस्था करें ताकि पुलिस को सहयोग मिल सके लेकिन दुकानदार इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं साथ ही कई दुकान वालों ने अभी तक अपनी दुकानों में सीसीटीवी कैमरे भी नहीं लगा रखे हैं इसलिए पुलिस का साथ व्यापारी दें साथ ही पुलिस नशेड़ियों एवं नसे का कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने में जुटी हुई है। उनका कहना है कि पुलिस अज्ञात चोरों का सुराग लगाने में जुट गई है।

## गरीबों को समुचित दिलाई जाएगी न्याय, सेनी

### जयपुर अपने आवास पर रहकर स्वयं ने की पढ़ाई और बन गए 310 वी रैंक लाकर आरएएस

जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़.(निसं.)** कस्बे के चोमू सड़क मार्ग पर निजी मेडिकोज की दुकान कर रखे अमरसर निवासी नंदकिशोर सैनी के पुत्र नरेंद्र सैनी ने आरएएस के अंतिम परिणाम में 310वीं रैंक प्राप्त कर तीसरे प्रयास में आरएएस बनने में सफलता प्राप्त की जिस कारण अजीतगढ़ समेत उनके गांव में खुशी की लहर है। इस अवसर पर नरेंद्र सैनी ने पत्रिका से बातचीत करते हुए बताया कि उनके पिताजी




एक निजी मेडिकोज का कारोबार करके उसको इतने बड़े पद पर पहुंचाने का काम किया जिस कारण आरएएस बनने मे उनके पिता एवं परिजनों का पूरा सहयोग रहा। उनका कहना है कि उन्होंने पहले भी कठोर मेहनत कर दो बार आरएएस की परीक्षा दी थी लेकिन वह सफल नहीं हो सके लेकिन उन्होंने फिर भी हार नहीं मानी और तीसरे प्रयास में उनको सफलता मिल गई। उन्होंने जयपुर अपने आवास पर स्वयं ही पढ़ाई कर सफलता प्राप्त की रोजाना वे सुबह व शाम पढ़ाई में लगे रहे और आखिर में उन्होंने अपने घर वालों का सपना साकार किया। उनका कहना है कि वे ईमानदारी से उनको जो भी पद मिलेगा उस पर कार्य करेंगे एवं गरीबों को पूर्ण रूप से न्याय प्रदान करवाएंगे। नरेंद्र सैनी दो बहनों का इकलौता भाई है।

## वार्षिकोत्स्व व प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

### नन्हे नन्हे बच्चों ने दी एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुति



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निसं.)** तारानगर के राजगढ़ सड़क पर स्थित स्टार सिटी इंटरनेशनल स्कूल परिसर में स्कूल का वार्षिकोत्स्व व प्रतिभा सम्मान समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। उपस्थित अतिथियों ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्कूल के नन्हे नन्हे बच्चों ने एक से बढ़कर से शानदार प्रस्तुती दी तो वहीं शिक्षा व खेल जगत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं को आम्रपाली चौधरी रामस्वरूप झाझड़िया, हरिसिंह बेनिवाल, राजवीर चौधरी आदि ने प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो व मेडल देकर सम्मानित किया। स्कूल के निदेशक राजवीर चौधरी व आम्रपाली चौधरी ने कार्यक्रम में पधारने पर सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। स्कूल के प्रिंसिपल वीरेंद्र सिंह राठौड़ ने स्कूल में समय समय पर होने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। इस मोके पर मनीष, अखिल, पवन, सुनील बाजिया, महिपाल चौधरी, छबिलाराम सहित विद्यालय स्टॉफ बच्चे व अभिभावकगण मौजूद रहे। कैलाश व गजेंद्र ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## दीपावली पर्व पर विद्यालयों में चल रहे रंग रोगन व नवाचार तथा दीपोत्सव त्यौंहार



जयपुर टाइम्स

**नवलगढ(निसं.)** नवलगढ के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय उदयपुरवाटी में झुंझुनू जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक शिक्षा के अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी उम्मेद सिंह जी महला जो उदयपुरवाटी ब्लॉक के प्रभारी अधिकारी भी है। दीपावली पर्व पर विद्यालयों में चल रहे रंग रोगन व नवाचार तथा दीपोत्सव त्यौंहार को प्रभावशाली तरीके से मनाने के लिए एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया,उक्त बैठक में V.C. के माध्यम से उदयपुरवाटी ब्लॉक के पीईईओ/यूसीईईओ तथा संस्था प्रधानों के साथ चर्चा परिचर्चा की गई । मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आयोजित बैठक में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नरेश कुमार गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार सैनी ,अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बृजलाल देवठिया, प्रशासनिक अधिकारी बाबूलाल नागर, लेखा अधिकारी बिड्डू मीना, लेखा अधिकारी मोनिका, सहायक प्रशासनिक अधिकारी सुनील कुमार सैनी सहित कार्यालय के समस्त कार्मिक उपस्थित रहे ,अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी उम्मेद सिंह महला को आश्वस्त किया गया कि विभागीय दिशा निर्देशानुसार उदयपुरवाटी शिक्षा विभाग के विद्यालयों में निर्देशों की पालना करवाई जा रही है।

## धुन द राइजिंग गायन में दर्जनभर से अधिक कलाकारों ने दी अपनी प्रस्तुति

**झुंझुनू(निसं.)** जिला मुख्यालय के शहीद परमवीर पीरू सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल ग्राउंड में महिला अधिकारिता विभाग द्वारा चल रहे अमृता हाट में बुधवार को दोपहर में गुब्बारा रेस का आयोजन किया गया जिसमें मुन्नी देवी/चेतना प्रथम, किरण द्वितीय एवं प्रीति तृतीय स्थान पर रही । विभाग के उपनिदेशक विप्लव न्योला ने बताया शाम को मेले में सांस्कृतिक धुन द राइजिंग गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें हनान खान, प्रवीण टाक, फैयाज अली भाटी, हबीब उर रहमान, प्रियंका लांबा, राजबाला ढाका,प्रेम बिहारी माथुर, इरशाद फारूकी, अमिता गौड, रईस कुरैशी, इस्माइल खान, रविंद्र शेखावत, मनोहर लाल धूपिया, पूनम शर्मा, श्याम पाटोदिया, रवि खाजपुरिया, सनवर कुरैशी ने अपनी प्रस्तुति दी। समारोह के अतिथि के रूप मे एटीओ प्रेरणा कालेर, नेहरू युवा केंद्र से मधु यादव , अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नेहा झांझडीया, विकास परियोजना अधिकारी मंजू मील, मनीराम मंडीवाल, पूजा, उषा कुलहरी, ममता, सुनीता, सौरव , मनोज, गोविन्द सैनी उपस्थित रहे।

## शराब ठेके पर फायरिंग करने वाले गैंग पर शिकंजा, मुख्य आरोपी के दो साथी गिरफ्तार, एक निरुद्ध

जयपुर टाइम्स

**सादुलपुर (चूरू)(निसं.)।** कस्बे के सांखू फाटक स्थित शराब ठेके पर दिनांक 9 अक्टूबर 2025 को हुई फायरिंग की घटना में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए मुख्य आरोपियों के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक अन्य को निरुद्ध किया गया है। फायरिंग की इस वारदात के पीछे ठेके पर हिस्सेदारी लेने व इलाके में दहशत फैलाने की साजिश



थी। इस मामले में पुलिस थाना राजगढ़ में प्रकरण संख्या 383/2025 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया था, जिसकी जांच सुरेश कुमार यादव को सौंपी गई। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक चूरू जय यादव के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ़ किशोरीलाल सहायक पुलिस अधीक्षक अभिजीत पाटिल और थानाधिकारी राजेश कुमार सिहाग के नेतृत्व में अलग-अलग टीमें गठित कर मामले की गहराई से जांच की गई। पुलिस की इन टीमों ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले, मुखबिरों से सूचना जुटाई और लगातार पीछा करते हुए हरियाणा के लुहारू तक जांच का दायरा बढ़ाया। इस दौरान फायरिंग की घटना में शामिल मुख्य आरोपियों के दो सहयोगियों – प्रवीण उर्फ खच्चर पुत्र राजेन्द्र (प्रजापत) और धनराज उर्फ बाबू पुत्र रामपाल (ओढ), दोनों निवासी लुहारू को गिरफ्तार किया गया है। वहीं एक अन्य आरोपी को निरुद्ध किया गया है। मामले मे जांच कर रहे एस आई सुरेश कुमार यादव ने बताया की गिरफ्तार आरोपियों से फायरिंग में शामिल अन्य बदमाशों व हथियारों के संबंध में पूछताछ की जा रही है और पुलिस को कई अहम सुराग मिले हैं।

## अनुजा वित्त एवं विकास आयोग अध्यक्ष ने किया पट्टा वितरण

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** शहरी सेवा शिविर 2025 के अन्तर्गत नगर परिषद के वी.सी. हॉल में पूरे शहर के लिए शिविर आयोजित किया गया। शिविर में राजस्थान राज्य अनूसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार नायक ने निरीक्षण किया व आवेदक को पट्टा वितरण किया। वहीं नगरपरिषद को 4 पट्टा पत्रावली प्राप्त हुई,




जिसमें मौके पर 4 पट्टे जारी कर आवेदकों को दिये गये। यू.डी. टैक्स के आवेदन 1, एनएफएस के.ई.केवाईसी 13, घर-घर कचरा संग्रहण शिकायत 7, जीवीपी. 08, रोड़ मरम्मत 02, नाली मरम्मत 01, निराश्रित पशु पकड़ने से संबंधित सूचना 02, जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन पत्र 44, ई.डब्ल्यू.एस. प्रमाण पत्र 01, जनआधार संशोधन व अद्यतन 24 के प्रकरण प्राप्त हुऐ जिनको मौके पर निस्तारित किये गये। प्रधानमंत्री स्वनिधि 14 प्रकरण प्राप्त हुए। पेड़ लगाये 13, इसी प्रकार जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को पेयजल पाईप लाईन लिकेज 03, जिसको मौके पर निस्तारण किया गया। महिला बाल विकास विभाग को प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना के अन्तर्गत 20 प्रकरण प्राप्त हुए एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी से 110 व्यक्तियों को अवगत करवाया गया। सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 11 प्रकरण प्राप्त हुऐ जिनको माके पर निस्तारण किया गया। विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत चिकित्सा शिविर में उपस्थित कुल उपचारित व्यक्ति 399, एन.सी.डी. 360 प्रकरण प्राप्त हुऐ जिनको मौके पर निस्तारण किया गया। आयुर्वेद विभाग चूरू के अन्तर्गत 262 रोगियों ने चिकित्सक से परामर्श लिया। होमीयापेथी विभाग सुजानगढ के अन्तर्गत 75 रोगियों ने चिकित्सक से परामर्श लिया। प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत 02 प्रकरण प्राप्त हुऐ। उक्त शिविर में पार्षद रेंवतमल पंवार, पुरूषोतम शर्मा, ने उपस्थित होकर आमजन को शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। इस मौके पर शिविर प्रभारी उदय सिंह सहायक अभियंता सुश्री चारवी व सहायक अग्निशमन अधिकारी रूप सिंह व नगर परिषद सहित अन्य विभागों के कार्मिक उपस्थित रहे।

## श्री राम कथा में सीता हरण एवं शबरी से झूठे बेर खाना की कथा का प्रसंग सुनाया

जयपुर टाइम्स

**नवलगढ(निसं.)** नवलगढ़ कस्बे में मुरारका मैरिज गार्डन में चल रही श्री राम कथा के सातवें दिन व्यास पीठ पर विराजमान धर्मदास जी महाराज अयोध्या वाले ने राम जी के वन गमन के दौरान सीता हरण एवं खर दूषण का वध का प्रसंग सुनाया विभिन्न प्रसंग की कथा का वर्णन किया महाराज ने बताया कि वाल्मीकि आश्रम चित्रकूट आश्रम में वाल्मीकि जी महाराज को भगवान ने चतुर्भुज रूप में दर्शन दिए भगवान ने वाल्मीकि जी से पूछा कि मैं कहां रहूं तो वाल्मीकि ने कहा कि भगवान आप कहां नहीं रहते हैं वह जगह मुझे बताओ महाराज ने बताया कि वाल्मीकि जी ने कहा कि भगवान आप उस स्थान पर रुकना जहां पर सेवा करने वाले मनुष्य के कान समुद्र के समान हो । संत जन भगवान से प्रेम करते हैं भगवान ने अगस्त ऋषि को बताया कि मेरा वन में आने का कारण संतो को दर्शन देने शबरी के झूठे बेर खाना है महाराज ने बताया जिन्होंने तीन चलू में समुद्र को पी लिया वह अगस्त ऋषि मुनि है। इस अवसर पर आज कथा में शिवकरण जानू अभिनेस शर्मा सुरेश शर्मा नगर पालिका पूर्व चेयरमैन जुगल किशोर सैनी का महाराज द्वारा



सम्मान किया गयाद्य आज की कथा में मुख्य यजमान राजू कोलसियावाला पुष्कर कोलसियावाला भरत मुरारका रेलवे सलाहकार सदस्य मुरली मनोहरचोबदार, विशाल पंडित,रमेश कुमार यादव, सज्जन जोशी, श्रीकांत पारीक विश्वनाथ केरू वाला प्रो गिरधारी लाल वर्मा किशन लाल शर्मा सुरेश कुमावत अभिनेश भारद्वाज अखिलेश भारद्वाज संतोष मुरारका त्रयंबकेश्वर त्रिपाठी शकुंतला देवी बनवारी लाल कोलसियावाला सुरेंद्र खा लिया प्रमोद सेन कन्हैयालाल सैनी गोपी राम सैनी सुरेश शर्मा,संतोष देवी पंकज पांडे लक्ष्मीकांत लोकपाल शशिकांत शर्मा शंकर लाल सैनी सुनील समरा, कार्यक्रम का संचालन मुरली मनोहर चौबदार ने किया सहित काफी संख्या में महिलाओं और श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही ।

## हत्या के मामले में आरोपी बरी

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** मेगाहाईवे स्थित यश होटल में 2018 में हुए विजय गोदारा हत्याकांड में न्यायालय से आश्चर्यजनक फैसला आया है और आरोपियों को बरी कर दिया गया है। एडवोकेट निरंजन सोनी ने बताया कि मामले में बनवारी गुरू, मनोज बेनीवाल, भंवरलाल व सुनील को एडीजे कोर्ट सुजानगढ़ ने बाइज्जत बरी कर दिया है। मामले के विचारण के दौरान एक आरोपी हरीश का देहान्त भी हो गया था। इस प्रकार में अभियोजन की ओर से कुल 19 गवाह और 87 दस्तावेज पेश किए थे। न्यायालय ने कहा है कि मुल्जिमों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य नहीं हैं। इसलिए उन्हें हत्या के आरोप से दोषमुक्त किया जाता है। आरोपियों की ओर से मामले में पैरवी एडवोकेट निरंजन सोनी, एडवोकेट रजनीकान्त सोनी ने की।

## नगरपालिका मण्डल नवलगढ़ की साधारण सभा शुक्रवार को

जयपुर टाइम्स

**नवलगढ(निसं.)** नवलगढ के नगरपालिका मण्डल में साधारण सभा का आयोजन शुक्रवार को दोपहर 1.00 बजे नगरपालिका सभा अधीषाशी अधिकारी कंवर पाल सिंह शेखावत ने बताया सभा का आयोजन नगरपालिका भवन में आयोजित की जानी है। उक्त सभा में निम्नांकित विषयों पर विचार विमर्श किया जावेगा। कृपया निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है । पालिका क्षेत्र में घर-घर कचरा संग्रहण व परिवहन कार्य हेतु राशि 260.00 लाख की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति पर विचार-विमर्श । पालिका क्षेत्र में ट्रेक्टर एवं ट्रॉली व जे.सी.बी किराये पर लेने हेतु राशि 135.31 लाख की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति पर विचार-विमर्श । पालिका क्षेत्र में वार्ड नं. 01 से 45 में सफाई कार्य ठेका पर राशि 235.87 लाख की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति पर विचार-विमर्श 7 पालिका क्षेत्र में वार्ड नं. 01 से 22 में विभिन्न स्थानों पर 1900 मीटर सी.सी. सड़क राशि 1.50 करोड़ की प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति बाबत् विचार-विमर्श 7 पालिका क्षेत्र में वार्ड नं. 23 से 45 में विभिन्न स्थानों पर 1900 मीटर सी.सी. सड़क राशि 1.50 करोड़ की प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति बाबत् विचार-विमर्श 7 अधिकारियो/कर्मचारियो के फिक्सेशन बाबत् विचार विमर्श । बेसहारा पशुओं हेतु नन्दीशाला पर विचार विमर्श ।पालिका क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर इन्टरलोक एवं फैरोकवर का कार्य राशि 50.00 लाख की प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति बाबत् विचार-विमर्श । पालिका



क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर नालियों / क्रोस बनवाने का कार्य राशि 50.00 लाख की प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति बाबत् विचार-विमर्श 7 पालिका क्षेत्र में घरेलू सीवर कनेक्शन लगाने का कार्य राशि 50.00 लाख की प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति बाबत् विचार-विमर्श । मेले में बारिश की वजह से आंवटित दुकानों से संग्रहित राशि की 25 प्रतिशत की गई भुगतान राशि के अनुमोदन पर विचार विमर्श । टेन्ट एवं टेन्ट सामान विभिन्न कार्यक्रमों विभिन्न शिविरों, मेला इत्यादि बाबत् विचार विमर्श । पालिका कार्यालय, फायर शाखा व जनस्वास्थय शाखा में संविदा पर ड्राईवर, पम्प चालक संविदा पर रखने राशि 50.00 लाख की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति बाबत् विचार विमर्श। आदी विषयों पर चर्चा होगी।

## ब्लॉक स्तरीय चिकित्सकों एवं चिकित्साकर्मियों की बैठक का हुआ आयोजन

### मौसमी बीमारियों का रखे चिकित्सक एवं चिकित्साकर्मी पूरा ध्यान,मरीज का करें समुचित उपचार

जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़.(निसं.)** स्थानीय पंचायत समिति सभागार में अजीतगढ़ ब्लॉक के चिकित्सकों एवं चिकित्साकर्मियों की बैठक का आयोजन जिला प्रजनन एवं शिशु अधिकारी डॉ विशाल सिंह, अजीतगढ़ पंचायत समिति के प्रधान शंकरलाल यादव



एवं अजीतगढ़ ब्लॉक के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर राजेंद्र यादव की उपस्थिति में किया गया। बैठक में निर्देशित किया गया कि मौसमी बीमारियों का समुचित ध्यान रखकर मरीज का पूरा उपचार करें अगर किसी ने कोताई बरती तो कार्रवाई होगी। अजीतगढ़ ब्लॉक के मुख्य ब्लॉक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेंद्र यादव ने बताया कि पंचायत समिति परिसर में अजीतगढ़ ब्लॉक के चिकित्सकों, एएनएम, सीएमओ की आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के टीकाकरण, टीबी मुक्त ग्राम अभियान, मौसमी बीमारियों, आयुष्मान कार्ड समेत कई योजनाओं के बारे में विस्तार से बैठक में जानकारी दी गई एवं कहा गया कि इन सभी पर गंभीरता से ध्यान दें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरते साथ ही समय पर इनका संपूर्ण रिकॉर्ड बनाकर ब्लॉक कार्यालय में भिजवाए। बैठक में बताया गया कि हर चिकित्सकों एवं चिकित्साकर्मियों को समय पर अपने अस्पतालों में ड्यूटी पर आना है अगर कोई इसमें कोताई बरतता है तो कार्रवाई होगी। बैठक में बताया गया कि इस समय मौसमी बीमारियों ने पैर पसारना शुरू कर दिया है इसलिए सतर्क होकर मरीज का उपचार करें एवं जहां मच्छरों का प्रकोप हो रहा है वहां दवा का छिड़काव करें ताकी मच्छरों का खात्मा हो सके। इस अवसर पर जिला प्रजनन एवं शिशु अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने सभी चिकित्सकों एवं चिकित्साकर्मियों से कहा कि वह अपने कार्य के प्रति गंभीर रहे एवं मरीज के इलाज में कोताही नहीं बरते साथ ही समय पर अपना रिकॉर्ड पूरा रखकर ब्लॉक कार्यालय में भेजें। यादव ने बताया कि मीटिंग में ब्लॉक के 13 सरकारी चिकित्सालयों के चिकित्सक, 75 उप स्वास्थ्य केद्रो की एएनएम, 35 सीएचओ ने भाग लिया।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
17 अक्टूबर, 2025

## पूर्व चेयरमैन स्व. शांति मिश्रा का निधन, आज सुबह मण्डावा में होगा अन्तिम संस्कार

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निसं.)** मण्डावा नगर पालिका की पूर्व चैयरमैन शांति मिश्रा का आज निधन हो गया है तथा शुक्रवार 17 अक्टूबर - 2025 को सुबह अंतिम संस्कार होगा। पूर्व पालिका अध्यक्ष सज्जन मिश्रा की भाभी थी शांति मिश्रा । विधायक रीटा चौधरी पालिका अध्यक्ष नरेश सोनी सहित सभी पार्षदों व कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व समर्थको ने शोक जताते हुए परिजनों के प्रति सांत्वना व्यक्त की। उल्लेखनीय है की शांति मिश्रा गत 28 अगस्त, 2000 से 7 नवम्बर 2004 तक मण्डावा नपा अध्यक्ष पद पर रही थी । यह जानकारी मण्डावा नपा अध्यक्ष नरेश सोनी ने दी।

## गर्ल्स कॉलेज में बेटियों ने फूलझड़िया जला कर मनाया दीपोत्सव



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)।** पूनम गर्ल्स कॉलेज में गुरूवार को कॉलेज प्रंबध समिति की ओर से दीपोत्सव मनाया गया । प्राचार्या नीतू ढाका ने बताया की कॉलेज में दीपावली के उपलक्ष्य में दीप जलाकर एक दूसरे को दीपोत्सव की बधाई दी साथ ही कॉलेज परिसर में बेटियों ने फूलझड़िया जलाई । इस मौके पर कॉलेज परिसर में श्रमदान भी किया गया । वहीं रंगोली सजाई गई कार्यक्रम में प्राचार्य नीतू ढाका छात्राएं रितिका, निकिता, रिंकू, पूनम, ममता, रितिक्षा, कुमकुम, साजिदा, सिमरन सहित अनेक छात्राएं उपस्थित रही । अन्त में निदेशक प्रवीण बगड़िया ने सभी का आभार जताया ।

## सूरजगढ़ शहर में पथ संचलन का आयोजन

### राष्ट्रीय सेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर हुआ आयोजन



जयपुर टाइम्स

**सूरजगढ़(निसं.)** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के पावन अवसर पर संघ द्वारा एक भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की विधिवत रूप से बरासिया कॉलेज में शुरुआत की गई। कॉलेज परिसर थे पथ संचलन शाम 5.00 बजे शुरू किया गया। कॉलेज से पद संचलन शुरू करने के बाद स्वयंसेवक शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए गुजरे। विभाग प्रचारक मुकेश कुमार ने बताया कि पथ संचलन का उद्देश्य राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और सांस्कृतिक गौरव का संदेश देना है। पथ संचलन के दौरान संघ के स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में घोष बैंड के साथ अनुशासन में पंक्तियों में संचालित किया गया। शहर के मुख्य मार्ग में पथ संचलन का लोगों ने पुष्प वर्षा कर जगह-जगह स्वागत भी किया। इस अवसर पर विभाग प्रचारक मुकेश कुमार, पूर्व सूरजगढ़ विधायक सुभाष पूनिया, पंचायत समिति प्रधान सूरजगढ़ बलवान सिंह, प्राचार्य डॉक्टर रवि शर्मा, सज्जन जांगिड़, संजय गोयल, संदीप शर्मा, विकास शर्मा, अशोक शर्मा, सुरेंद्र भाटिया, सेवाराम गुप्ता, मनोज शर्मा, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका नरेश वर्मा, कैलाश चंद्र बडराईका, सज्जन अग्रवाल, संतोष कुमावत सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## उपखंड अधिकारी ने किया शहरी सेवा शिविर का निरीक्षण

### विभिन्न योजनाओं के वितरित किए प्रमाण पत्र



जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निसं.)** कस्बे की नगर पालिका परिसर में चल रहे शहरी सेवा शिविर का गुरुवार को उपखंड अधिकारी अनिल कुमार ने निरीक्षण किया एवं शिविर में उपस्थित लोगों को केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी जुबेर खान ने बताया कि उपखंड अधिकारी एवं नगर पालिका के प्रशासक के अनिल कुमार ने शिविर में स्टेट ग्रांट एक्ट के चार पट्टे, 69ड्ड के दो पट्टे, प्रधानमंत्री सवनिधि योजना के 10 पथ विक्रेताओं को एलओआर प्रमाण पत्र एवं 12 जनों को जन्म मृत्यू विवाह के प्रमाण पत्र वितरित किए। खाने बताया कि शिविर मैं प्रधानमंत्री आवास योजना में चार आवेदकों के आवेदन मौके पर ही स्वीकृत कर योजना से जोड़ा गया। शिविर में नगर पालिका के कनिष्ठ अभियंता रतनलाल गुर्जर, अजीतगढ़ थाना अधिकारी प्रदीप शर्मा समेत नगर पालिका स्टाफ व अन्य विभागों के कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित थे।

### जैसलमेर बस हादसे के बाद परिवहन विभाग सख्त

# तीन स्लीपर बसें जब्त, ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई, सुरक्षा मानकों के पालन को लेकर 10 दिन का अल्टीमेटम

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)** जैसलमेर में हाल ही में हुई स्लीपर बस आगजनी की भयावह घटना के बाद परिवहन विभाग अब पूरे प्रदेश में सख्ती बरतने लगा है। हादसे के बाद सरकार ने स्लीपर बसों की सुरक्षा जांच का विशेष अभियान शुरू किया है, जिसके तहत झुंझुनूं जिले में गुरुवार को परिवहन विभाग की टीम ने झुंझुनूं-सीकर रोड पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। जिला परिवहन अधिकारी मोनू सिंह मीणा के निर्देशन में परिवहन निरीक्षक रमेश यादव और रोहिताश भागासरा के नेतृत्व में की गई कार्रवाई के दौरान तीन स्लीपर बसों को जब्त किया गया। साथ ही पांच ओवरलोड वाहनों का चालान काटा गया। इन कार्रवाइयों से विभाग को करीब पांच लाख रुपए का राजस्व प्राप्त होने की उम्मीद है। जांच टीम ने बताया कि कई स्लीपर बसें सुरक्षा मानकों की गंभीर अवहेलना कर रही थीं। कुछ बसों में आपातकालीन निकास के स्थान पर अतिरिक्त सीटें लगा दी गई थीं, जिससे हादसे



की स्थिति में यात्रियों के बाहर निकलने का रास्ता पूरी तरह बंद था। परिवहन विभाग की टीम ने मौके पर चार बसों में ऐसी सीटों को हटवाया और स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी बस संचालक आपातकालीन निकास को पूरी तरह कार्यशील रखें। साथ ही बसों में फायर सेफ्टी उपकरण अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। परिवहन निरीक्षक रमेश यादव ने बताया कि चेकिंग के दौरान दो बसों का टैक्स बकाया था और एक बस को इलीगल मॉडिफिकेशन (गैरकानूनी बदलाव) के कारण जब्त किया गया। "कई बसों में एमरजेंसी एग्जिट बंद मिले। हमने मौके पर इन्हें खोलकर जांच की और संचालकों को निर्देश दिए कि वे शीशे बदलवाएं और सीटें हटवाएं। जिन बसों में पीछे लगेज कम्पार्टमेंट बढ़ाया गया है, उन्हें भी नोटिस जारी किया गया है," उन्होंने बताया। इंस्पेक्टर रमेश यादव ने बताया कि जिन बस संचालकों की गाड़ियां जब्त या चालान की गई हैं, उन्हें 10 दिन का समय दिया गया है कि वे अपने वाहनों को सभी सुरक्षा मानकों के अनुरूप बनाकर दोबारा परिवहन कार्यालय में पेश करें।

उन्होंने कहा – "हमारा उद्देश्य किसी को परेशान करना नहीं, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। बसों में फायर एक्सटिंग्विशर, एमरजेंसी एग्जिट, और अन्य उपकरणों का होना अनिवार्य है। आगे से परमिशन केवल उन्हीं बसों को दी जाएगी जो सभी सुरक्षा नियमों का पालन करेंगी।"

### बसों की मॉडिफिकेशन पर भी सख्ती

*परिवहन विभाग ने साफ कहा है कि किसी भी बस में बिना अनुमति मॉडिफिकेशन या स्ट्रक्चरल बदलाव किया गया तो वाहन तुरंत जब्त कर लिया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि जिन बसों में यात्री सीटें आपातकालीन गेट के सामने लगाई गई हैं, उन्हें हटाया जाएगा। वहीं, जिन बसों में रजिस्ट्रेशन के बाद अतिरिक्त केबिन, लगेज स्पेस या ऊपरी डेक बनाया गया है, उन्हें "इलीगल अल्टरड व्हीकल" मानते हुए जब्त किया जाएगा।*

### यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि- परिवहन विभाग

*जिला परिवहन अधिकारी मोनू सिंह मीणा ने कहा कि जैसलमेर में हुई दर्दनाक घटना के बाद राज्य सरकार ने सभी जिलों को बसों की सुरक्षा जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि यात्री सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा – "जिन बसों में फायर सेफ्टी सिस्टम नहीं है या एमरजेंसी एग्जिट अवरुद्ध है, उन्हें सड़क पर नहीं चलने दिया जाएगा। हमारा प्रयास है कि भविष्य में ऐसी कोई घटना दोबारा न हो।"*

## पलसाना के संजीव गढ़वाल को RAS में 423 वीं रैंक मिली

जयपुर टाइम्स

**पलसाना(निसं.)।** अखेपुरा निवासी संजीव कुमार गढ़वाल ने राजस्थान प्रशासनिक सेवा परीक्षा में 423वीं रैंक हासिल की है। यह सफलता उन्हें अपने दूसरे प्रयास में मिली है। इससे पहले, संजीव संघ लोक सेवा आयोग के इंटरव्यू चरण तक भी पहुँच चुके हैं।

संजीव बताते हैं कि उनके पिता जितेंद्र राजस्थान पुलिस में सब-इंस्पेक्टर हैं। बचपन से ही उन्होंने अपने पिता के माध्यम से अधिकारियों को देखा था, जिससे उनके मन में अधिकारी बनने का दृढ़ संकल्प पैदा हुआ। बीटेक की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी शुरू कर दी। उन्होंने रोजाना 9 से 10 घंटे पढ़ाई करने का एक सख्त शेड्यूल बनाया। संजीव का कहना है कि उनके पिता के पुलिस सेवा में होने के कारण परिवार में हमेशा अनुशासन का माहौल रहा, जिसने उनकी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इंटरव्यू के दौरान, एक बीटेक धारक होने के नाते, उनसे प्रशासन में



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग के बारे में पूछा गया। इसके अतिरिक्त, पंचायतीराज की विशेषताओं पर भी सवाल किए गए। संजीव कुमार गढ़वाल का अखेपुरा टोल प्लाजा पर माला और साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर उनकी माता बोदी देवी, अखेपुरा टोल मैनेजर समयसिंह चौधरी, बीरबल सिंह गढ़वाल, पप्पू भदाला, मुकेश गढ़वाल, राजू गढ़वाल, रणजीत गढ़वाल, बीजू जिंजवाडिया, बनवारी भदाला, जगदीश ओला और सीताराम रुलानिया सहित कई लोग मौजूद रहे।

## तेजल कॉलेज में मनाया प्रवेशोत्सव

जयपुर टाइम्स



**रींगस(निसं.)।** तेजल टीटी कॉलेज में बीएड सेमेस्टर प्रथम में प्रवेशित शिक्षार्थियों का भव्य प्रवेश उत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलन से किया गया, जिसमें विधिवत रूप से मंगल शुरुआत हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिव बाबूलाल लाल यादव ने की, मुख्य अतिथि बीरबल सिंह लील, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट गिरिराज सिंह तंवर रहे। विशिष्ट अतिथि संदीप डंडियां, प्रेम लता, वंदना, बंटी बागोरिया थे। सभी अतिथियों का माला पहनाकर साफा और दुपट्टा पहनाकर गरिमापूर्वक सम्मान किया गया। नव प्रवेशित शिक्षार्थियों का भी तिलक लगा कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर नवागत विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रस्तुतीकरण किया। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से मिस फ्रेशर प्रिया यादव और मिस्टर फ्रेशर अभिषेक वर्मा का चयन किया गया। मुख्य अतिथियों ने नव शिक्षार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व, शिक्षक बनने के सामाजिक दायित्व तथा प्रेरणा के संदेश दिए। यह प्रवेश उत्सव विद्यार्थियों के नए शैक्षणिक सफर की प्रेरणा बढ़ाने एवं संस्था में समरसता और उल्लास का माहौल बनाने का सफल प्रयास रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्था सचिव बाबूलाल यादव ने शिक्षार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता है उसके ऊपर सृजन की बड़ी जिम्मेदारी है। साथ ही इस कार्यक्रम को शिक्षार्थियों के उज्जवल भविष्य की पहली सीढ़ी बताया। श्री तेजल टीटी कॉलेज शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की प्रतिज्ञा के साथ ऐसे आयोजनों को भविष्य में भी जारी रखेगा। कार्यक्रम का संचालन सेमेस्टर तृतीय वर्ष की छात्रा चित्रा धायल व स्नेह पालावत ने किया।

## पलसाना डेयरी से संघ ने कार्रवाई की जानकारी मांगी

### 15 दिन पहले दिया था धरना, समाधान नहीं होने पर सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**पलसाना(निसं.)।** सीकर एवं झुंझुनूं जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ पलसाना में पिछले दिनों हुए धरना प्रदर्शन के दौरान मांगों पर हुई सहमति को लेकर 15 दिन बीत जाने के बाद अब तक मांगों के समाधान को लेकर की गई कार्रवाई से अवगत करवाने की मांग को लेकर पलसाना सरस डेयरी पहुंचकर - मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है। हालांकि इस दौरान डेयरी एमडी अशोक सिंह मौजूद नहीं थे। ऐसे में अकाउंटेंट मनीष गढ़वाल को ज्ञापन सौंपा गया है, जिसमें डेयरी में डॉक पर दूध भेजने वाली समितियों को बीएमसी से जोड़कर डेयरी को कैनलेस करने की मांग की गई थी। श्रमिक ठेकेदार का ठेका निरस्त कर ठेका नए सिरे से करवाने का आश्वासन दिया गया था। महिपाल सिंह डेयरी सुपरवाइजर की नियुक्ति की जांच करवाने का आश्वासन दिया गया था। संघ में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दोहरी पेंशन दी जा रही है, उसकी जांच करवाकर वसूली का आश्वासन दिया गया था। ऐसे में इन मांगों पर अब तक 15 दिनों में क्या प्रयास किए गए। अब तक की गई कार्रवाई को लेकर संघर्ष समिति को अवगत करवाया जाए। इसके अलावा चेयरमैन जीताराम मील के खिलाफ चल रही जांच पूरी नहीं हो जाती है तब तक चेयरमैन का डेयरी में प्रवेश बंद किया जाए। साथ ही पूर्व एमडी मधु मालती शर्मा को भी पाबंद किया जाए कि उनका स्थानांतरण होने के बावजूद उन्होंने अभी तक चार्ज नहीं दिया है। संस्थापन शाखा का चार्ज किसी दूसरे कार्मिक को दिलाए जाने की मांग की गई है। इस दौरान जिला परिषद् सदस्य जयंत निठारवाल, कांग्रेस सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र लिढान, रतनलाल भदाला, धुड़ाराम, मूलचंद, त्रिलोक सिंह, ओमप्रकाश धायल, महिपाल, बाबूलाल, ओम प्रकाश रूंडला सहित कई सचिव भी थे।

## ग्राम पंचायत कुहाड़ू में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने किया अवलोकन

जयपुर टाइम्स



**मंडावा(निसं.)।** ग्रामीण सेवा शिविरों के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुँचाने के उद्देश्य से आयोजित शिविरों की श्रृंखला के अंतर्गत गुरुवार को ग्राम पंचायत कुहाड़ू में शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का अवलोकन जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश चंद्र यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर उनके साथ उपखंड अधिकारी मंडावा मुनेश कुमारी, विकास अधिकारी लक्ष्मीनारायण मीणा, तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर, तथा सहायक अभियंता अमित चौधरी उपस्थित रहे। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों से योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। यादव ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को शत-प्रतिशत (100') प्राप्त किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण सेवा शिविर आमजन की समस्याओं के समाधान और योजनाओं के लाभ को उनके द्वार तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम हैं। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने स्वामित्व योजना के तहत तैयार संपत्ति अधिकार पत्रों (पत्तों) का eligible लाभार्थियों को वितरण भी किया। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों से संवाद करते हुए योजना के लाभों की जानकारी दी और उन्हें संपत्ति अधिकार पत्र का सही उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। शिविर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी छोटेलाल गुर्जर भी उपस्थित रहे, जिन्होंने स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाए जा रहे विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों और सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने आमजन से निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। शिविर में राजस्व, कृषि, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, विद्युत, पशुपालन सहित विभिन्न विभागों ने अपने-अपने स्टॉल लगाकर जनसुनवाई की और मौके पर ही कई समस्याओं का निस्तारण किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि ग्रामीण सेवा शिविर प्रशासन को जनता के द्वार तक पहुँचाने का प्रभावी माध्यम हैं, और इनसे प्रशासनिक पारदर्शिता व उत्तरदायित्व की भावना को बल मिलता है।

## झुंझुनूं के रंजन कुमार टॉप-5 में, मनीषा डूडी ने भी मारी बाजी, जानिए सफलता की कहानी

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)** राजस्थान लोक सेवा आयोग की आरएएस 2023 भर्ती परीक्षा में झुंझुनूं जिले के रंजन कुमार शर्मा की चौथी रैंक आई है। बुधवार रात आयोग ने अंतिम परिणाम जारी किया। इसके बाद रंजन के घर में दिवाली की खुशियां कई गुणा बढ़ गई। आरएएस परीक्षा में चौथा स्थान प्राप्त करने वाले नरसिंहपुरा निवासी रंजन कुमार शर्मा ने बताया कि यह उनका दूसरा प्रयास था। पहले प्रयास में उन्हें 450वीं रैंक मिली थी और कॉपरेटिव विभाग में इंस्पेक्टर पद का ऑफर भी आया, लेकिन उन्होंने जॉइन नहीं किया। रंजन कहते हैं, "मेरा सपना सिर्फ आरएएस बनना था। इसलिए फिर से पूरी ताकत तैयारी में झोंक दी।" इस सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता और शुभचिंतकों को दिया है। रंजन के पिता सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त हैं और मां गृहिणी है। रंजन ने कहा कि वे रोज 8 घंटे पढ़ाई करते थे। उनका कहना है कि





सफलता के लिए एकाग्रता सबसे जरूरी है।

### मनीषा डूडी ने हासिल की 100वीं रैंक

समसपुर हाल रोड नंबर तीन झुंझुनूं की बेटी व बामनवास गांव की विवाहिता मनीषा डूडी ने राजस्थान प्रशासनिक सेवा परीक्षा के अंतिम परिणाम में सामान्य वर्ग में 100वीं रैंक हासिल की है। पशुपालन विभाग से रिटायर्ड संयुक्त निदेशक डॉ. शीशराम डूडी व प्रधानाचार्य सुलोचना देवी की बेटी पुत्री मनीषा ने प्रारंभिक शिक्षा झुंझुनूं से ही प्राप्त की।

10वीं व 12वीं उत्तीर्ण करने के बाद आईआईटी रोपड़ से कंप्यूटर इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री हासिल की। उनके पति विकास डांगी भी आइआइटी से स्नातक हैं और वर्तमान में रेलवे मंत्रालय, भारत सरकार में सेक्शन ऑफिसर के पद पर नई दिल्ली में कार्यरत हैं। बड़ी बहन मोनिका डूडी स्त्री रोग विशेषज्ञ हैं, जबकि छोटे भाई डॉ. आशीष डूडी भी चिकित्सा क्षेत्र में कार्यरत हैं। पिछले वर्ष मनीषा के मामा की पुत्री प्राचीता ने नीट परीक्षा में ऑल इंडिया प्रथम रैंक प्राप्त कर परिवार का नाम देशभर में रोशन किया था। मनीषा ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, पति, सास-ससुर प्रधानाचार्य मानसिंह डांगी को दिया है। वहीं झुंझुनूं के धत्तरवाला गांव के सौरभ जांगिड़ की 159वीं रैंक आई है। वर्तमान में वे समाज कल्याण विभाग में लेखाकार के पद पर कार्यरत हैं। इससे पहले वे कंप्यूटर शिक्षक रह चुके हैं। सौरभ के पिता गोपीचंद जांगिड़ चिड़ावा की एक निजी शिक्षण संस्था में प्रबंध निदेशक हैं, जबकि मां मंजू देवी गृहिणी हैं। सौरभ बताते हैं कि नौकरी के साथ पढ़ाई करना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी।

### रघुनाथपुरा के प्रवीण मंडीवाल का आरएएस में चयन

गुढ़ागौड़जी इलाके के रघुनाथपुरा गांव के प्रवीण मंडीवाल ने आरएएस के परिणाम में 434वीं रैंक प्राप्त की है। प्रवीण ने अपनी सफलता का श्रेय पिता पूर्व सैनिक गिरधारीलाल और माता राधा देवी को दिया है। प्रवीण की सफलता के बाद गांव में मिठाई बांटी गई। प्रवीण रघुनाथपुरा गांव का पहला आरएएस है। आरएएस की भर्ती परीक्षा में झुंझुनूं का दबदबा हमेशा कायम रहता आया है। इससे पहले चिड़ावा के निकट घरडाना खुर्द की मुक्ता राव राजस्थान में पहली रैंक प्राप्त कर चुकी हैं।